


दैनिक

# जयपुर टाइम्स

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

नई सोच नई रफ्तार

jaipurtimes.org
twitter.com/JaipurTimes2
dainikjaipurtimes
youtube.com/c/JaipurTimes
instagram.com/jaipurtimesjt

वर्ष : 10 अंक : 76 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, बुधवार 9 अप्रेल, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 1.5 रुपए ■ पृष्ठ : 8+2


मुख्यमंत्री का हनुमानगढ़- श्रीगंगानगर दौरा

# नहर प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए संकल्पित राज्य सरकारः भजनलाल

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इंदिरा गांधी फीडर का किया निरीक्षण



जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश की प्रगति में किसानों की भूमिका महत्वपूर्ण है। किसान मजबूत होगा तो प्रदेश मजबूत होगा। हमारी सरकार किसानों के सशक्तीकरण और पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने के लिए नहर प्रणाली को बेहतर बनाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है।

### राज्य सरकार के निर्णयों से किसान हुए सशक्तः

उन्होंने कहा कि श्रीगंगानगर व हनुमानगढ़ गेहूं के सर्वाधिक उत्पादन वाले जिले हैं। ऐसे में गेहूं की एमएसपी में वृद्धि से स्थानीय किसानों को लाभ होगा। साथ ही, किसान सम्मान निधि में बढ़ोतरी से किसानों को आर्थिक संबल मिला है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार किसानों को पर्याप्त मात्रा में बिजली, पानी उपलब्ध कराएगी, जिससे वे अपनी जमीन पर पूरी उपज ले सकेंगे। हमारी सरकार संकल्प पत्र में किए गए वादों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान पहले दिन पंजाब, हरियाणा और हनुमानगढ़ में विभिन्न हेड, नहरी तंत्र और बैराज का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने इन्दिरा गांधी फीडर प्रणाली की विस्तार से जानकारी ली और सिंचाई पानी की समस्याओं को दूर करने के लिए अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री सबसे पहले पंजाब के तरनतारन जिले में स्थित हरिके बैराज पहुंचे। उन्होंने वहां हरिके हेड पर नहरी तंत्र की प्रक्रिया का निरीक्षण किया और अधिकारियों से नहरी तंत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए चर्चा की। इसके बाद शर्मा ने मल्लेवाला हेड, बल्लेवाला हेड, बीकानेर केनाल, फिरोजपुर फीडर व इंदिरा गांधी फीडर का हवाई निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नहर तंत्र और सिंचाई परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया।

### मुख्यमंत्री का जगह-जगह भव्य स्वागत

इस दौरान मुख्यमंत्री का हनुमानगढ़ के लखूवाली, घग्घर डायवर्जन चैनल प्वाइंट और कोहला सहित विभिन्न स्थानों पर आमजन ने फूल-मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। आमजन ने बजट घोषणाओं के लिए भी शर्मा का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ के लखूवाली हेड, घग्घर डायवर्जन चैनल और घग्घर नदी का निरीक्षण किया। उन्होंने घग्घर नदी के जल प्रवाह क्षमता और डायवर्जन चैनल की कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घग्घर नदी के बहाव क्षेत्र में आवश्यक कार्य और बाढ़ सुरक्षा के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों को राहत देने और बाढ़ से जन-धन की हानि को रोकने के लिए घग्घर नदी के बहाव क्षेत्र में 325 करोड़ रूपये की लागत से बाढ़ सुरक्षा की दृष्टि से कार्य करवाने की घोषणा की थी। शर्मा ने मंगलवार को अपनी दो दिवसीय यात्रा के पहले दिन हनुमानगढ़ में किसानों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने ईआरसीपी, यमुना जल समझौता, माही बेसिन का प्रबंधन, इंदिरा गांधी नहर परियोजना के सुदृढ़ीकरण सहित विभिन्न निर्णय लिए हैं, जिससे किसानों को सिंचाई के लिए तथा आमजन को पर्याप्त पेयजल मिल सके। उन्होंने कहा कि आईजीएनपी के सुदृढ़ीकरण के लिए 3 हजार 400 करोड़ रूपये के कार्य करवाए जाएंगे। साथ ही, भाखड़ा और गंग नहरों से जुड़ी खालों संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए भी आवश्यक कार्य किए जाएंगे।

### इंदिरा गांधी नहर के रिलाईनिंग कार्यों का किया निरीक्षण

शर्मा हवाई निरीक्षण के बाद हरियाणा के सिरसा जिला स्थित लोहगढ़ हेड पहुंचे। उन्होंने भाखड़ा सिंचाई परियोजना के लिए इंदिरा गांधी फीडर और सरहिन्द फीडर के मध्य बने लिंक का निरीक्षण किया। साथ ही, इन्दिरा गांधी फीडर पर बने हेड व नहर की रिलाईनिंग कार्यों का भी निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जल संसाधन विभागीय अधिकारियों ने मैप के जरिए संपूर्ण क्षेत्र में जल की उपलब्धता व नहर के अंतिम छोर तक पहुंच सहित अन्य जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि राज्य बजट 2024-25 में इंदिरा गांधी मुख्य नहर के बेहतर संचालन के लिए 23 करोड़ रूपये की लागत से स्काडा सिस्टम विकसित करने और फिरोजपुर फीडर के अन्तर्गत प्रदेश के हिस्से का पानी उपलब्ध कराने के लिए 200 करोड़ रूपये की लागत से कार्य करवाने की घोषणा की गई थी। इस अवसर पर खाद्य व नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर, विधायक गुरवीर सिंह, संजीव बेनीवाल, गणेशराज बंसल, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, मुख्य अभियंता व अतिरिक्त सचिव (पश्चिम) अमरजीत सिंह सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि व वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



# दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान ने पीएम मोदी से की मुलाकात

## भारत और संयुक्त अरब अमीरात के संबंध विश्वास और समान दृष्टिकोण से प्रेरित

जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली(एजेंसी.)। भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के संबंधों और कई सारे अहम मुद्दों पर चर्चा के लिए मंगलवार को दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन भारत पहुंचे। जहां उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात की। पीएम मोदी से मुलाकात के बाद शेख मोहम्मद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्वीट कर अपनी खुशी व्यक्त की। उन्होंने लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर मुझे खुशी हुई। हमारी बातचीत ने यूएई और भारत के बीच संबंधों की मजबूती दो दिखाता है। उन्होंने कहा कि ये संबंध विश्वास पर आधारित हैं, जो इतिहास से आकारित हुए हैं और हमारे समान दृष्टिकोण से प्रेरित हैं, जिसमें अवसरों, नवाचार और स्थायी समृद्धि की दिशा में एक बेहतर भविष्य बनाने का लक्ष्य है। बता दें कि प्रिंस शेख हमदान के पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकाक के दौरान रक्ष मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर भी मौजूद रहें। नई दिल्ली में दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान से मुलाकात के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने भी खुशी जताते हुए भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच मजबूत द्विपक्षीय सहयोग पर जोर दिया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम से मिलकर खुशी हुई। दुबई ने भारत-यूएई व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि यह विशेष यात्रा हमारी गहरी दोस्ती को दर्शाता है। साथ ही भविष्य में और भी मजबूत सहयोग का मार्ग प्रशस्त करती है।

### रक्षा मंत्री और विदेश मंत्री जयशंकर ने भी की मुलाकात

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी शेख हमदान से एक अलग बैठक की। इसको लेकर उन्होंने बताया कि भारत यूएई के साथ रक्षा क्षेत्र में मिलकर काम करने के लिए उत्सुक है, जिसमें सह-उत्पादन और सह-विकास परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दोनों देश क्षेत्र में शांति और समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## न्यूज इनबॉक्स

### कांग्रेस संगठन में होगा आमूल चूल फेरबदल

जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली(एजेंसी.)। अहमदाबाद में आयोजित 84वें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अधिवेशन और सीडब्ल्यूसी की बैठक में कांग्रेस ने कई अहम फैसले लिए हैं। बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए एआईसीसी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में बड़ा संगठनात्मक फेरबदल होने वाला है। महासचिव और प्रभारी इस पर काम कर रहे हैं। जल्द ही इसे लागू कर दिया जाएगा।

केसी वेणुगोपाल ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा कि साल 2025 को पार्टी संगठन के पूर्ण पुनर्गठन के रूप में समर्पित किया गया है और इस विषय पर विस्तृत चर्चा बैठक में की गई है। उन्होंने कहा कि हम एक बड़ा संगठनात्मक फेरबदल करेंगे। इसके लिए दिशा-निर्देश तैयार किए जाएंगे। हमारे महासचिव और प्रभारी इस पर काम कर रहे हैं।

### वक्फ संशोधन अधिनियम देशभर में लागू

जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली(एजेंसी.)। वक्फ संशोधन अधिनियम आज से देशभर में लागू हो गया है। केंद्र सरकार ने अधिसूचना जारी की है कि वक्फ अधिनियम को आठ अप्रैल से प्रभावी कर दिया गया है। पिछले सप्ताह संसद और राष्ट्रपति ने दी वक्फ संशोधन अधिनियम को मंजूरी दी थी। इसके बाद यह तय नहीं था कि नया कानून कब से लागू होगा। मंगलवार को केंद्र सरकार ने अधिसूचना जारी करते हुए कहा कि वक्फ संशोधन कानून आठ अप्रैल से प्रभावी होगा।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पांच अप्रैल को वक्फ संशोधन अधिनियम को मंजूरी दी थी। इसे बजट सत्र के दौरान संसद ने पारित किया था। कानून मंत्रालय की अधिसूचना में कहा गया था कि राष्ट्रपति ने दोनों विधेयकों को अपनी मंजूरी दे दी है। चार अप्रैल को राज्यसभा ने विधेयक के पक्ष में 128 और विपक्ष में 95 मतों से इसे पारित किया था, जबकि लोकसभा ने लंबी बहस के बाद तीन अप्रैल को विधेयक को मंजूरी दे दी थी। यहां 288 सांसदों ने इसके पक्ष में और 232 ने इसके विरोध में मतदान किया था।

**सुप्रीम कोर्ट में 10 याचिकाएं दायर**

वक्फ कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में कुल 10 से अधिक याचिकाएं दायर की गई हैं, जिनमें राजनेताओं, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और जमीयत उलमा-ए-हिंद की याचिकाएं शामिल हैं। इन याचिकाओं में नए बनाए गए कानून की वैधता को चुनौती दी गई है। इसे लेकर केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दाखिल की है।

### समरावता हिंसा मामले में राज्य सरकार देगी पीड़ितों को मुआवजा

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। समरावता हिंसा मामले में राज्य सरकार पीड़ितों को कुल 30 लाख 95 हजार रुपए का आर्थिक मुआवजा देगी। गृह विभाग ने इसके लिए पीड़ितों की सूची जारी कर दी है। घटना में घायल हुए 7 लोगों को 1-1 लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी। वहीं, हिंसा के दौरान जले 39 दुपहिया वाहनों के लिए प्रत्येक वाहन स्वामी को 30-30 हजार रुपए दिए जाएंगे।

इसके अलावा 10 चौपहिया वाहन और 6 अचल संपत्तियां भी आगजनी की भेंट चढ़ गई थीं। चौपहिया वाहनों के लिए प्रति वाहन 1 लाख रुपए, जबकि अचल संपत्ति के लिए तीन पीड़ितों को 50-50 हजार रुपए और शेष तीन को 25-25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता मिलेगी।

# जयपुर बम ब्लास्ट मामले में चार आतंकियों को आजीवन कारावास



जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। जयपुर बम ब्लास्ट से जुड़े एक अहम मामले में विशेष कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। साल 2008 में हुए इस भीषण आतंकी हमले से जुड़े एक प्रकरण में विशेष न्यायाधीश रमेश कुमार जोशी ने चार आतंकियों को दोषी करार देते हुए उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोषियों में सरवर आजमी, सैफुरहमान, मोहम्मद सैफ और शाहबाज अहमद शामिल हैं।

इन सभी को कोर्ट ने भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी, 121-ए, 124-ए, 153-ए, 307, यूएपीए एक्ट 1967 की धारा 18, और विस्फोटक अधिनियम 1908 की धारा 4 व 5 के तहत दोषी माना है। यह मामला उस समय चर्चा में आया था जब चांदपोल हनुमान मंदिर के पास एक जिंदा बम मिला था। जज जोशी ने 4 अप्रैल को ही सभी आरोपियों को दोषी ठहराया था और अब सजा भी सुना दी गई है। हैरानी की बात यह रही कि सजा सुनाए जाने के बाद भी सभी आरोपी मुस्कराते हुए कोर्ट से बाहर निकले।

उनके चेहरे पर कोई अफसर और गिला नहीं दिखा। इससे पहले शुक्रवार को जयपुर बम ब्लास्ट मामलों की विशेष अदालत ने चारों को दोषी करार दिया था।

अदालत ने जिंदा बम केस में सैफुर्रहमान, मोहम्मद सैफ, मोहम्मद सरवर आजमी और शाहबाज अहमद को दोषी ठहराया था। चारों आतंकियों को इंडियन पेनल कोड की 4 धाराओं, अनलॉफुल एक्टिविटी प्रिवेंशन एक्ट (यूएपीए) की दो, विस्फोटक पदार्थ कानून की 3 धाराओं में दोषी ठहराया गया है।

इन धाराओं में अधिकतम आजीवन कारावास का प्रावधान है। इनमें शाहबाज को छोड़कर अन्य को सीरियल ब्लास्ट के मामले में फांसी की सजा सुनाई गई थी, लेकिन हाईकोर्ट ने इन्हें बरी कर दिया था। फांसी की सजा के मामले में राज्य सरकार की अपील सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग है।

# पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने जल जीवन मिशन अधिकारियों को लगाई लताड़

जयपुर टाइम्स

झालावाड़(एजेंसी.)। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने मंगलवार को झालावाड़ जिले के रायपुर कस्बे में पेयजल संकट को लेकर जल जीवन मिशन और जलदाय विभाग के अधिकारियों की कड़ी क्लास ली। उन्होंने जनसमस्याओं पर सख्त तेवर दिखाते हुए अधिकारियों से सवाल किया कि क्या सिर्फ अफसरों को ही प्यास लगती है? राजे ने कहा कि आम लोग गर्मी में पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे हैं और अधिकारी चैन की नींद सो रहे हैं। अफसर तृप्त हैं, लेकिन जनता त्रस्त है। उन्होंने कहा कि पानी सिर्फ कागजों में नहीं, लोगों के होठों तक पहुंचना चाहिए। साथ ही उन्होंने यह भी जानना चाहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से जल जीवन मिशन के तहत दिए गए 42 हजार करोड़ रुपये में से झालावाड़



को मिले हिस्से का उपयोग किस प्रकार किया गया। राजे ने योजनाओं की क्रियान्विति पर सवाल उठाते हुए अधिकारियों से कहा कि हमारी सरकार पैसा दे रही है, लेकिन योजनाओं का जमीन पर क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा। अभी तो अप्रैल है, जून-जुलाई में हालात और बिगड़ सकते हैं। जब अधीक्षण अभियंता दीपक सिंह झा सहित अन्य अधिकारी संतोषजनक जवाब नहीं दे सके तो राजे ने दो-टूक कहा कि लोगों के धैर्य की परीक्षा मत लीजिए। अब ये हालात बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।

# कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे का आरोपः सरदार पटेल की विरासत हड़पना चाहती है भाजपा



जयपुर टाइम्स

अहमदाबाद(एजेंसी.)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा और संघ पर सरदार पटेल की विरासत हड़पने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा और संघ देश के नायकों के खिलाफ साजिश रच रहे हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष के अनुसार, सरदार पटेल की विचारधारा संघ के खिलाफ थी और उन्होंने संघ पर प्रतिबंध भी लगाया था। कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक मंगलवार को गुजरात में शुरू हुई। इस दौरान अपने भाषण में सरदार पटेल ने आरोप लगाया कि सरकार सांप्रदायिक भेदभाव पैदा करके असल मुद्दों से लोगों के ध्यान भटकाना चाहती है।

### देश के नायकों के खिलाफ रची जा रही साजिशः

मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि पिछले कई वर्षों से देश के कई नायकों के खिलाफ सुनियोजित साजिश की जा रही है। कांग्रेस पार्टी के खिलाफ माहौल बनाया जा रहा है और ये माहौल वो लोग बना रहे हैं जिनके पास अपनी उपलब्धियों के तौर पर दिखाने के लिए कुछ नहीं है। उन्होंने भाजपा-आरएसएस पर हमला करते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान के तौर पर दिखाने के लिए उनके पास कुछ भी नहीं है। उन्होंने यह दिखाने की साजिश की कि सरदार पटेल और पंडित नेहरू के बीच अच्छे संबंध नहीं थे। जबकि सच्चाई यह है कि वे एक ही सिक्के के दो पहलू थे। कई घटनाएं और दस्तावेज उनके सौहार्दपूर्ण संबंधों के गवाह हैं।

### पटेल ने संघ पर लगाया था प्रतिबंधः

खरगे ने दावा किया कि दोनों के बीच लगभग रोजाना पत्राचार होता था। नेहरू जी सभी मामलों में उनकी सलाह लेते थे। नेहरू जी पटेल साहब का बहुत सम्मान करते थे। अगर उन्हें कोई सलाह लेनी होती तो वे खुद पटेल जी के घर जाते थे। उन्होंने कहा कि पटेल की विचारधारा आरएसएस के विचारों के विपरीत थी और उन्होंने संगठन पर प्रतिबंध भी लगाया था, लेकिन यह हास्यास्पद है कि आज उस संघ के लोग सरदार पटेल की विरासत पर दावा करते हैं। खरगे ने दावा किया कि महात्मा गांधी और सरदार पटेल ने ही बाबा साहब आंबेडकर को संविधान सभा का सदस्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

खुद आंबेडकर ने 25 नवंबर, 1949 को संविधान सभा में अपने अंतिम भाषण में कहा था कि कांग्रेस पार्टी के समर्थन के बिना संविधान नहीं बनाया जा सकता था। लेकिन जब संविधान बनाया गया, तो आरएसएस ने गांधीजी, पंडित नेहरू, डॉ आंबेडकर और कांग्रेस की खूब आलोचना की। उन्होंने रामलीला मैदान में संविधान और इन नेताओं के पुतले जलाए। खरगे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी संविधान और संविधान निर्माताओं दोनों का सम्मान करती है और जानती है कि इसकी रक्षा कैसे करनी है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल साहब हमारे दिलों में, हमारे विचारों में बसते हैं। हम उनकी विरासत को आगे ले जा रहे हैं। हमने इसी सोच के साथ अहमदाबाद में सरदार पटेल संग्रहालय में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक आयोजित की है।

# जूली के मंदिर में जाने के बाद गंगाजल से शुद्धिकरण मामले में ज्ञानदेव आहूजा भाजपा से निलंबित

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस नेता टीकाराम जूली के एक मंदिर में जाने के बाद वहां गंगाजल से शुद्धिकरण' करने पर बीजेपी ने अपने पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया है। यह मंदिर अलवर जिले में है। इस घटना के बाद कांग्रेस ने बीजेपी पर दलित विरोधी मानसिकता का आरोप लगाया और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से माफी की मांग की थी। जिसके बाद पार्टी आलाकमान ने आहूजा के खिलाफ एक्शन लिया है। दरअसल, कांग्रेस नेता टीकाराम जूली एक दलित नेता हैं और उन्होंने राम मंदिर में एक पूजा समारोह में हिस्सा लिया था। उनके वहां जाने के बाद भाजपा नेता ज्ञानदेव आहूजा ने गंगाजल छिड़ककर शुद्धिकरण किया। इस घटना के बाद से कांग्रेस ने आहूजा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए बीजेपी के प्रदेश महामंत्री दामोदर अग्रवाल ने मंगलवार को आहूजा को कारण बताओ नोटिस जारी किया और तीन दिन के भीतर जवाब देने को कहा। नोटिस में कहा गया कि आपके इस बयान और कृत्य से पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचा है, जो कि घोर अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। इसलिए आपको पार्टी की प्राथमिक



सदस्यता से तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। नोटिस में यह भी कहा गया है कि अगर आहूजा इस पर कोई सफाई देना चाहें, तो तीन दिन के अंदर भेज सकते हैं। इसके बाद अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन किया और कई जगहों पर आहूजा का पुतला फूंका।

## सेवा निवृत्त प्रमुख कार्यकर्ताओं बैठक संपन्न

जयपुर टाइम्स

अलवर(नि.सं.)। अलवर वृत्र (पनाम) अलवर के सेवा निवृत्त प्रमुख कार्यकर्ताओं की मंगलवार को बैठक हुई। जिसमें संगठन के प्रमुख सदस्य सत्यदेव-आर्य, नरेन्द्र जोशी, नरेश भाटिया, किशोरी बाल, योगेश पराशर, जारी लाल, रामचन्द्र शर्मा, सुभाष चन्द्र शर्मा, हेमन्त भारद्वाज इत्यादि मौजूद रहे। बैठक में 13 अप्रेल रविवार को पेशनर भवन, समीप जैन भवन के पास अलवर में होने वाली प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी की बैठक और जिला शाखा अलवर वृत अलवर के कार्यकर्ताओं की आयोजित बैठक के विषय में व्यवस्थाओं व कार्यकर्ताओं निश्पादन का दायित्व दिया गया।

## जिला कलक्टर ने किया सीएचसी कोटकासिम का निरीक्षण, मरीज को बेहतर सुविधा के दिये निर्देश

जयपुर टाइम्स

खैरथल-तिजारा(नि.सं.)। जिला कलक्टर किशोर कुमार ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोटकासिम का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में उपस्थित मरीजों से वार्ता कर हॉस्पिटल की व्यवस्थाओं एवं डॉक्टर के बारे में फीडबैक लिया। इसके साथ-साथ उन्होंने भर्ती मरीजों से बातचीत कर उनको दी जाने वाली सुविधा का अवलोकन किया। उन्होंने अस्पताल के उपकरणों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने अस्पताल में काम कर रहे कार्मिकों से उनके कार्य की जानकारी



लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा साफ-सफाई का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि अस्पताल आने वाले मरीज एवं उनके परिजनों से सौहार्दपूर्ण व्यवहार करें। उन्होंने भर्ती मरीजों को भी प्रावधान के अनुरूप सभी सुविधा उपलब्ध करवाने को कहा। उन्होंने सरकार द्वारा प्रदत्त सभी सुविधाओं से मरीजों को लाभ पहुंचाने का निर्देश भी दिया। निरीक्षण के दौरान प्रधान कोटकासिम डॉ. विनोद कुमारी सागवान, उपखंड अधिकारी रेखा यादव व चिकित्सक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## जिला कलेक्टर ने उचित मूल्य की दुकानों का किया निरीक्षण, वितरण व्यवस्था का लिया जायजा

*जिला कलक्टर ने उचित मूल्य की दुकान जीएसएस*



*कोटकासिम को किया सस्पेंड*

जयपुर टाइम्स

खैरथल-तिजारा(नि.सं.)। जिला कलक्टर किशोर कुमार ने मंगलवार को उचित मूल्य दुकान जीएसएस कोटकासिम, उचित मूल्य दुकान कोटकासिम, उचित मूल्य दुकान गुरगचका का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राशन वितरण की पारदर्शिता, स्टॉक रजिस्टर, रेट लिस्ट, खाद्यान्न रखरखाव एवं वितरण की वास्तविक स्थिति का गहनता से अवलोकन किया।जिला कलेक्टर ने दुकानदारों से नियमित वितरण, रिकॉर्ड संधारण और उपभोक्ताओं को समय पर खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने पाया कि ग्राम सेवा सहकारी समिति कोटकासिम में दुकान में खाद्यान्न रखरखाव सही ढंग से न रखने पर जिला कलेक्टर ने जीएसएस कोटकासिम के लाइसेंस को सस्पेंड करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आमजन से संवाद करते हुए कलेक्टर ने राशन की मात्रा और समय पर वितरण को लेकर फीडबैक लिया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान स्पष्ट किया कि यदि किसी भी स्तर पर अनियमितता पाई गई तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान संबंधित क्षेत्र के जिला रसद अधिकारी राकेश सोनी, सहायक प्रशासनिक अधिकारी जगदीश गुप्ता सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



# शहर में सीवरेज लाईन के कार्य को निर्धारित समय अवधि में गुणवत्तापूर्ण और मानक अनुरूप तरीके से पूर्ण करवाएं -कलक्टर

### जिला कलक्टर ने की सीवरेज कार्य की समीक्षा क्षतिग्रस्त सड़कों की शीघ्र मरम्मत के दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स

अलवर (नि.सं.)। जिला कलक्टर और नगर निगम प्रशासक डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में मंगलवार को मिनी सचिवालय स्थित कलक्ट्रेट सभागार में अमृत 2.0 (अटल मिशन फॉर रिजुवेनेशन एण्ड अरबन ट्रांसफॉरमेशन), स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) एवं एनसीएपी (राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम) एवं अन्य योजनाओं की नगर निगम के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक हुई।

बैठक में जिला कलक्टर ने नगर निगम के अधिशाषी अभियन्ता और फर्म के प्रतिनिधियों को अमृत 2.0 के तहत सीवरेज लाईन डाले जाने के कार्य के दौरान क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत या पुनर्निर्माण शीघ्र करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने वार्ड नं. 08 और 20 में 10 मई तक तथा अन्य वार्डों में 25 मई तक सड़क मरम्मत के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि शहर में सीवरेज लाईन के कार्य को निर्धारित समय अवधि में गुणवत्तापूर्ण और मानक अनुरूप तरीके से पूर्ण करवायें। साथ ही इस दौरान क्षतिग्रस्त सड़कों की भी मरम्मत करवाई जाए ताकि आमजन को आवागमन में किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

जिला कलक्टर ने अतुल्य अलवर अभियान, स्वच्छ भारत मिशन, ठोस कचरा प्रबंधन, गोलेटा में स्थित विरासती अपशिष्ट निस्तारण साइट पर घास लगवाने एवं पौधारोपण कार्य, अग्यारा स्थित सी एण्ड डी वेस्ट प्लांट के संचालन, अग्यारा स्थित यूनिसिपल सॉलिड वेस्ट प्लांट में एकत्रित कचरे के निस्तारण की भी समीक्षा की। उन्होंने 01 मार्च से निगम द्वारा शुरू किए गए विशेष नाला सफाई अभियान के संबंध में निर्देशित किया कि स्लज/गाद सहित नालों की पूरी तरह सफाई करवाएं, ताकि आमजन को मानसून के दौरान विगत वर्षों की भांति जल भराव और गन्दगी का सामना न करना पड़े। उन्होंने एनकैप के तहत प्राप्त वित्तीय सहायता के शत-प्रतिशत उपयोग के निर्देश दिए। स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में अलवर शहर की बेहतर रैंकिंग के लिए किए जा रहे कार्यों जैसे सड़क मरम्मत और टाईल बिछाने का कार्य, पौधारोपण कार्य, जागरूकता कार्यक्रम, मैकेनिकल स्वीपिंग मशीन और एन्टी स्मोग गन के नियमित प्रयोग की समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में अलवर जिले को राज्य में प्राप्त प्रथम रैंक की सराहना की और प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की समीक्षा करते हुए लक्ष्यानुरूप प्रगति अर्जित करने के निर्देश दिए। बैठक में निगम आयुक्त जीतेन्द्र सिंह नरूका, लेखाधिकारी हंसराज मीणा, अधिशाषी अभियन्ता खेमराज मीणा, सहायक अभियन्ता दिनेश कुमार, राजकुमार सैनी, स्वम सहायक अभियन्ता धर्मेन्द्र यादव, एनसीएपी सलाहकार योगेश पूनियाँ, एसबीएम अभियन्ता राकेश मीणा उपस्थित रहे।

### जिला कलक्टर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की राजस्व संबंधित कार्यों की समीक्षा

## उपखंड अधिकारियों को ऑनलाइन सीमाज्ञान कार्य एवं राजस्व प्रकरणों के कोर्ट केसेज का आगामी 3 माह में अभियान चलाकर निस्तारण करने के दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स



अलवर(नि.सं.)। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त उपखण्ड स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर राजस्व संबंधित कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने उपखंड अधिकारियों एवं तहसीलदारों को तत्परता से कार्य करते हुए राजस्व संबंधित कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समयावधि में नियमानुसार निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ऑनलाइन यूटेशन, ऑनलाइन सीमाज्ञान एवं भूमि रूपांतरण संबंधित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि लंबित प्रकरणों को टाइमलाइन अनुसार निस्तारित करें। साथ ही ऑनलाइन सीमाज्ञान कार्य को अभियान चलाकर संपादित करें। उन्होंने बजट घोषणा वर्ष 2025-26 में भूमि आवंटन की वस्तु स्थिति जानकर त्वरित कार्यवाही करते हुए बजट घोषणाओं के लिए भूमि आवंटन करवाने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को बजट घोषणाओं का जल्द से जल्द लाभ मिल सके।जिला कलक्टर ने राजस्व प्रकरणों के कोर्ट केसेज डिस्पोजल की समीक्षा करते हुए उपखंड अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रकरणों के निस्तारण के लिए आगामी तीन माह में अभियान चलाकर 10 साल से अधिक समय के लंबित प्रकरणों में से कम से कम 50 प्रतिशत प्रकरणों का नियमानुसार निस्तारण कराएं तथा जीसीएमएस पोर्टल पर केसेज को नियमित अपलोड करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कार्यालयों में ई- फाइलिंग प्रणाली को शत- प्रतिशत लागू करने एवं ई-फाइलों के औसत निस्तारण समय को 4 घंटे से कम रखने के निर्देश दिए। उन्होंने उपखण्ड अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री कार्यालय, पिंक लेटर, राजस्व मंत्री लेटर एवं जनसुनवाई संबंधी प्रकरणों का जवाब प्राथमिकता से टाइमलाइन अनुसार भिजवाएं। उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री शिवरों में अ%छी प्रगति के लिए सभी राजस्व अधिकारियों की सराहना करते हुए कहा कि शिविरों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन उपखंड अधिकारियों, तीन तहसीलदार एवं पांच पटवारियों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में उपखंड अधिकारी अलवर यशार्थ शेखर एवं तहसीलदार अलवर रश्मि शर्मा सहित वीसी से समस्त उपखण्ड अधिकारी एवं तहसीलदार जुडे।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर मित्तल हॉस्पिटल के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेटर गिरीश गुप्ता ने किया 72वीं बार स्वेच्छिक

जयपुर टाइम्स

अलवर(नि.सं.)। श्रीमति शांति देवी ओर डॉ क्षितिज गॉगल की स्मृति में हाई टेक हॉस्पिटल अलवर, इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी अलवर, आई एम ए अलवर के संयुक्त तत्वावधान में 7 अप्रेल को विश्व स्वास्थ्य दिवस पर हाई टेक हॉस्पिटल अलवर में श्रीमति शांति देवी मेमोरियल ट्रस्ट अलवर के मुख्य सहयोग द्वारा स्वेच्छिक रक्तदान शिविर प्रारंभ हुआ। जिसका फीता काटकर उदघाटन अलवर शहर की अतिरिक्त जिला कलेक्टर बीना महावर तथा विशिष्ट अतिथि सेन्ट जॉन ए



बुलेंस इंडिया अलवर के चेयरमैन गिरीश गुप्ता ने किया।

इस मौके पर गिरीश गुप्ता ने अपना 72वीं बार स्वेच्छिक रक्तदान भी किया। ये हर 3 माह में स्वेच्छिक रक्तदान करते रहते है । गरीश गुप्ता द्वारा अब तक तकरीबन 4000 से ज्यादा लोगो की जान बचाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है, वहीं हरपल वो और उनकी टीम ये कार्य निऱ्शुल्क करते है उनका धेय है कि किसी भी व्यक्ति को रक्त की कमी के कारण नही मरने दिया जाएगा। गिरीश गुप्ता को रक्तदान करते देखकर उनकी पत्नी यामिनी भी अब तक 3 बार और उनकी 22 वर्षीय बेटी मुस्कान भी अब तक 4 बार स्वेच्छिक रक्तदान कर चुकी है, वही 18 वर्षीय बेटा शाश्वत भी 1 बार रक्तदान कर चुका है। इस मौके पर डॉ के सी गागल, डॉ शर्मिला माहेश्वरी, डॉ सुधीर गुप्ता सहित कुल 31 यूनिट रक्तदान किया था।

## रामस्वरूप मेवाड़ा अध्यक्ष मनोनीत

जयपुर टाइम्स



अलवर/ब्यावर(नि.सं.)। अखिल भारतीय जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा ने ब्यावर जिला निवासी रामस्वरूप मेवाड़ा को महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। मेवाड़ा को अध्यक्ष बंनने पर महासभा के सदस्यों ने शुभकामनाएं दी।





# नेता प्रतिपक्ष का अपमान कांग्रेस को नहीं मंजूर -मिश्रा

### भाजपा नेता आहूजा का अंबेडकर सर्किल पर जताया आक्रोश

जयपुर टाइम्स

अलवर(नि.सं.)। कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गाँधी एवं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के खिलाफ भाजपा नेता ज्ञानदेव आहूजा के द्वारा की गई विवादित टिप्पणी के बाद पूरे प्रदेश में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में आक्रोश व्याप्त है। अलवर के अंबेडकर सर्किल से विरोध स्वरूप उठी सुनामी शाम तक पूरे प्रदेश में फैल गई। जहां राज्य के सभी जिलों सहित अलवर जिले के सभी ब्लॉकों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा के वरिष्ठ नेता ज्ञानदेव आहूजा का पुतला जलाकर विरोध प्रकट किया। जिला प्रवक्ता रिपुदमन गुप्ता ने बताया कि भाजपा नेता द्वारा की गई आपत्तिजनक और दलित विरोधी टिप्पणी के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर सर्किल पर आहूजा का रावण जैसा दशानन पुतले का दहन किया और नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सर्किल पर जाम लगाकर अपना विरोध प्रदर्शन किया। वहां से सामूहिक रूप से अपना घर शालीमार स्थित भगवान श्री राम मंदिर में पहुंचकर रामधुनी कर रघुपति राघव राजा राम के साथ भाजपा नेता को सद्बुद्धि देने के लिए धार्मिक गीत गाये।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के मंदिर जाने के बाद भाजपा नेता ज्ञानदेव आहूजा द्वारा गंगाजल छिड़कना भारतीय जनता पार्टी की दलितों के प्रति दुर्भावना को दर्शाती है। वर्तमान के दौर में भाजपा नेताओं द्वारा दर्शाई गई संकीर्ण मानसिकता कतई स्वीकार्य नहीं है। इसकी जितने शब्दों में निंदा की जाए वह कम है। जिस मिट्टी में राम बसे हों, वहाँ भेदभाव का कोई स्थान नहीं होना चाहिए लेकिन भाजपा और उनके नेताओं की सोच में जाति और धर्म का जहर भरा हुआ है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के खिलाफ आपत्तिजनक बयान देना सिर्फ एक व्यक्ति का नहीं, एक पूरे समाज का अपमान है। टीकाराम जूली न सिर्फ एक जनप्रतिनिधि हैं, बल्कि राजस्थान के दलित समाज का वो चेहरा हैं जो हर वर्ग की आवाज़ उठाते हैं। उनकी जाति को आधार बनाकर मंदिर की पवित्रता पर सवाल उठाना हमारी सनातन संस्कृति के मूल्यों के विरुद्ध है। राजस्थान के मुख्यमंत्री एवं भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष को आहूजा को निलंबित नहीं बर्खास्त करना चाहिए और उनके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, विधायक मांगेलाल मीणा, इमरान खान, विश्राम गुर्जर, अजीत यादव, रोहिताश चौधरी, ओमप्रकाश गोलियां (ढहलावास), गोपाल दास खटीक, गफूर खान, जोगेंद्र कोचर, विजेंद्र महलावत, हिम्मत चौधरी, बलराम यादव, मुकेश सारवान, रिपुदमन गुप्ता, राकेश बैरवा, नरेंद्र मीणा,जफरु खान, जे डी आर्यन, विक्रम यादव, रमन सैनी, दीपेंद्र सैनी, जमशेद खान, पंकज शर्मा, जीत कौर, लिली यादव. कमलेश सैनी, वसमीना खान, शशिकला, नीमा चौधरी, प्रशांत राजा, नवीन शर्मा, कमल सेन, ओम प्रकाश सेन, आरएस यादव, रवि मीणा, महेंद्र सैनी, अंशुल सैनी, दशरथ सिंह शेखावत, राजेश कृष्ण सिद्ध, अंकित गोयल, प्रकाश गंगावत, रामकिशन बैरवा, सोनू गोपालिया, छगामाल लखेरा, परमेंद्र शर्मा, जगदीश सिंघल आदि मौजूद रहे।

# समर कंटीन्जेंसी के तहत स्वीकृत कार्यो को शीघ्र पूर्ण करें-भास्कर ए सावंत

जयपुर टाइम्स

जयपुर, (का.सं.)। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव भास्कर ए सावंत ने कहा कि समर कंटीन्जेंसी के तहत स्वीकृत कार्य सहित अन्य आकस्मिक कार्यों को शीघ्र पूर्ण करें, जिससे इन कार्यों का लाभ ग्रीष्म ऋतु में आमजन को मिल सके एवं उन्हें किसी भी तरह की पेयजल की समस्या का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने बजट घोषणा 2024-25 के तहत स्वीकृत ट्यूबवैल एवं हैण्डपंपों के कार्यों को भी शीघ्र पूरा करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये।

अतिरिक्त मुख्य सचिव मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी अतिरिक्त मुख्य अभियंता सहित अधीक्षण अभियंताओं के साथ बजट घोषणा, समर कंटीन्जेंसी कार्य एवं जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समर कंटीन्जेंसीज के तहत स्वीकृत कार्यों में किसी भी तरह की देरी अथवा लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं करने के लिए भी निर्देश दिये। उन्होंने बजट घोषणा 2024-25 के तहत स्वीकृत ट्यूबवैल निर्माण में भरतपुर रीजन की शून्य प्रगति पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कम प्रगति वाले जिलों में समयबद्ध कार्य योजना बनाकर हर हाल में कार्य पूरा किया जाए। निर्धारित अवधि में कार्य पूरा नहीं होने की स्थिति में जिम्मेदार अभियंताओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने गर्मी के मौसम में सुचारू पेयजल व्यवस्था हेतु नलकूप निर्माण कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि बिजली कनेक्शन के कारण चालू नहीं किये जा सके नलकूपों को कार्यशील करने के लिए ऊर्जा विभाग एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों से समन्वय कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि राइजिंग मेन लाइन से अवैध कनेक्शन लेने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाई जाए।

साथ ही अवैध कनेक्शन की वजह से जो वाटर सप्लाई बाधित हो रही है, उन्हें हटाने के लिए भी आवश्यक कार्यवाही की जाए, जिससे अंतिम छोर पर रहने वाले व्यक्ति को भी पानी मिल सके।

उन्होंने कहा कि ग्रीष्म काल में पेयजल से संबंधित जो भी कार्य किया जा रहे हैं उनका धरातल पर अधिकारियों द्वारा निगरानी एवं पर्यवेक्षण किया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही यह सुनिश्चित करें कि यह कार्यो की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कोताही न बरती जाए।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप जल जीवन मिशन के तहत कार्य शीघ्र, गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी तरीके से कराए जाएं। साथ ही जल जीवन मिशन के तहत तोड़ी गई सड़कों को भी ठीक कराया जाए।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के तहत ओ एंड एम पॉलिसी शीघ्रता से लागू की जाएगी। इसके लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत पर दो नल जल मित्र नियुक्त करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए। वीडियो कॉन्फेंस में जल जीवन मिशन के मिशन निदेशक कमर उल जमान चौधरी, मुख्य अभियंता एवं अतिरिक्त सचिव संदीप शर्मा, मुख्य अभियंता (ग्रामीण) के.डी गुप्ता, मुख्य अभियंता (शहरी) मनीष बेनीवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



### अवैध कनेक्शन के विरुद्ध हो प्रभावी कार्यवाही

सावंत ने कहा कि मुख्य सचिव के निर्देश पर अवैध कनेक्शन लेने वालों के विरुद्ध 22 मार्च से संचालित अभियान में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही अवैध कनेक्शनों के चिह्निकरण के बाद उनके नियमितिकरण के लिए भी विशेष प्रयास किये जाएं। उन्होंने अभियान के तहत प्रभावी कार्रवाई नहीं करने वाले अभियंताओं के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए कहा।

## देवाराम राठौड अखिल भारतीय बलाई समाज के प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त

जयपुर टाइम्स



जयपुर(का.सं.)। जमवारामगढ़ के कोल्याना निवासी देवाराम राठौड को अखिल भारतीय बलाई समाज का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। अखिल भारतीय बलाई समाज पंजि. नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोहनलाल वर्मा ने राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष के नियुक्ति आदेश जारी किए हैं। देवाराम समाज में शिक्षा एवं समाज उत्थान तथा समाज के व्यक्तियों पर होने वाले अत्याचारों के विरुद्ध संघर्ष करते हुए उन्हें न्याय दिलाने का कार्य किया था। राठौड़ की प्रदेशाध्यक्ष की नियुक्ति के बाद समाज में खुशी की लहर है। नियुक्ति के बाद राठौड़ को सोशल मीडिया व व्यक्तिगत बधाई देने वालों का दिनभर ताँता लगा रहा।

## बारां जिले में आंगनबाड़ी विकास की धीमी प्रगति पर निदेशक ने जताया असंतोष

जयपुर टाइम्स

जयपुर, (का.सं.)। महिला एवं बाल विकास विभाग के निदेशक (आईसीडीएस) ओपी बुनकर ने बारां जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों को




सक्षम केंद्रों के रूप में विकसित करने की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया है। उन्होंने निर्देश दिए कि पोषण वाटिकाओं, डिस्टेंपर, बाला पेंटिंग, आरओ एवं एलईडी जैसे कार्यों को समयबद्ध रूप से पूरा किया जाए।

राज्य के बारां, करौली और धौलपुर जिलों में संचालित 213 आंगनबाड़ियों की प्रगति की समीक्षा हेतु वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। निदेशक ने करौली और धौलपुर की प्रगति पर संतोष जताया, जबकि बारां की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। बारां के उपनिदेशक ने बताया कि डिस्टेंपर व पेंटिंग कार्यों में निविदा दर 50त्न होने के कारण आधी राशि शेष रह गई है। इस पर निदेशक ने निर्देश दिए कि जो राशि 8 अप्रैल 2025 तक उपयोग नहीं हो सकी, उसे आगामी 15 दिनों में अन्य आवश्यक कार्यों पर प्रयोग कर लिया जाए, ताकि भारत सरकार से मिलने वाली आगामी वित्तीय सहायता प्रभावित न हो।

## वित्त समिति की बैठक सम्पन्न, वित्त समिति अध्यक्ष शील धाभाई की अध्यक्षता में हुई बैठक

जयपुर टाइम्स

जयपुर(का.सं.)। नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय के ई.सी. मीटिंग हॉल में मंगलवार को वित्त समिति अध्यक्ष श्रीमती शील धाभाई की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न बिन्दुओं पर ऐजेन्डे रखे गये जिसके अन्तर्गत पटेल मार्ग मुख्य मार्ग पर एचटी/एलटी लाईन को भूमीगत करना व डेकोरेटिव पोल लगाने के कार्य के संबंध में रखे गये



एजेंडे को सर्व सम्मति से पारित किया गया। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक मूत्रालयों के संचालन संधारण के संबंध में प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति संबंधी प्रस्ताव को सर्व सम्मति से पारित किया गया।

इसके अतिरिक्त उपायुक्त राजस्व प्रथम अशोक कुमार शर्मा से यू.डी.टैक्स, होर्डिंग एवं विज्ञापन बोर्ड आदि से प्राप्त राजस्व आय के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में चैयरमेन एवं पार्षद लक्ष्मण नूनीवाल, डाँ मीनाक्षी शर्मा भंवर लाल मालाकार, सुमन गुप्ता राजवंशी,अक्षत खूंटेटा, रामबाबू रावत वित्तीय सलाहकार अधिशाषी अभियंता मौजूद रहे।

**आयुक्त रुकमणि रियाड ने राजस्व टीमो को किया मोटिवेट**

## यू.डी.टैक्स कलेक्शन एवं विज्ञापन शुल्क वसूली में सर्वश्रैष्ठ प्रर्दशन करने वाली टीमो एवं कार्मिको का हुआ सम्मान

जयपुर टाइम्स

जयपुर(का.सं.)। नगर निगम ग्रेटर ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में नगरीय विकास कर (यू.डी.टैक्स) और विज्ञापन शुल्क वसूली में शत-प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की है और इस सफलता में सर्वश्रैष्ठ प्रर्दशन करने वाली टीमो एवं कार्मिको का उत्साहवर्धन करने के उद्देश्य से मंगलवार को नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय के ई.सी. मीटिग हॉल में सम्मान समारोह रखा गया।



आयुक्त रुकमणि रियाड के निर्देश पर सभी राजस्व टीमों ने प्रयास कर पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 49.23 प्रतिशत अधिक वसूली की है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में नगर निगम ग्रेटर की राजस्व टीमों ने सर्वाधिक राजस्व वसूली का रिकार्ड बनाते हुए नगरीय विकास कर के 104.02 करोड़ रूपये के राजस्व संग्रहण के साथ ही विज्ञापन शुल्क के 14.49 करोड़ रूपये का राजस्व संग्रहण किया और इसी के तहत मंगलवार को नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय पर सभी टीमो के उपायुक्त गण, राजस्व अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक आदि के उत्साहवर्धन के लिए सम्मान समारोह रखा गया। आयुक्त रुकमणि रियाड ने सभी राजस्व टीमो को बधाई एवं शुभकामनाए दी तथा राजस्व संग्रहण के लिए बेहतर प्रयास करने के लिए मोटिवेट भी किया। आयुक्त रुकमणि रियाड ने सम्मान समारोह में मालवीय नगर जोन, सांगानेर जोन की टीमो के साथ-साथ बेस्ट परफोर्मर प्रीति शर्मा, संगीता जैन, कृष्ण कुमार मीणा, महेन्द्र कुमार यादव, पवन जाँगीड, कृष्णा गिल, विद्या सैन, दुर्गा कुमारी, देवेन्द्र सागर को सम्मानित किया।



## फुलेरा रेलवे स्टेशन को मिला विकास का तोहफा,लगेंगे 6 एस्केलेटर यात्रियों ने ली राहत की सांस

जयपुर टाइम्स

फुलेरा (राजकुमार देवाल)। फुलेरा रेलवे स्टेशन से सफर करने वाले यात्रियों के लिए बड़ी राहत की खबर सामने आई है। लंबे समय से चल रही मांग के बाद अब स्टेशन पर 06 एस्केलेटर लगाने की स्वीकृति मिल गई है। खासकर बुजुर्ग, दिव्यांग और महिलाओं के लिए यह खबर किसी सौगात से कम नहीं है। गौरतलब है कि अमृत भारत योजना के तहत फुलेरा स्टेशन का तेजी से आधुनिकीकरण किया जा रहा है, लेकिन रेल ओवर ब्रिज की ऊंचाई यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई थी। रोजाना हज़ारों यात्रियों को चढ़ने-उतरने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इस गंभीर समस्या को ध्यान में रखते हुए फुलेरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य निर्मल कुमावत ने 17 मार्च 2025 को जयपुर ग्रामीण के सांसद राव राजेन्द्र सिंह को एक मांग पत्र सौंपा। तत्पश्चात सांसद ने 20 मार्च को तत्काल रेल विभाग को पत्र भेजते हुए इस आवश्यक सुविधा की ओर ध्यान आकर्षित किया। रेल प्रशासन ने इस पर सकारात्मक कदम उठाते हुए फुलेरा स्टेशन पर 06 एस्केलेटर लगाने की मंजूरी दे दी है। इससे यात्रियों की सुविधा में क्रांतिकारी सुधार आने की उम्मीद है। इस बड़ी घोषणा के बाद फुलेरा में खुशी की लहर दौड़ गई है। भाजपा कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने सांसद राव राजेन्द्र सिंह, पूर्व विधायक निर्मल कुमावत और रेल प्रशासन का आभार जताया है। साथ ही, इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाने वाले मीडिया बंधुओं को भी धन्यवाद ज्ञापित किया गया है। अब फुलेरा रेलवे स्टेशन पर चढ़ाई नहीं, सिर्फ राहत होगी।

## सक्षम जयपुर अभियान के तहत छात्राओं को मिली स्मार्ट क्लास की सौगात

- 10 कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों में लगवाए गए IFPD
- निष्पादक समिति की बैठक में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने दिये थे निर्देश

जयपुर टाइम्स

जयपुर, (का.सं.)। सक्षम जयपुर अभियान जयपुर जिले में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में सकारात्मक पहल साबित हो रही है। जिला कलक्टर डॉ.



जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर सक्षम जयपुर अभियान के तहत जयपुर के 10 कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों में IFPD यानी इंट्रेक्टिव फ्लैट पैनल डिस्प्ले लगवाए गए हैं, जिनसे छात्राओं को स्मार्ट क्लासेज की सौगात मिली है।अतिरिक्त जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने बालिका शिक्षा को और भी अधिक रोचक एवं रूचिकर बनाने की मंशा से जिला निष्पादक समिति की बैठक में यानी इंट्रेक्टिव फ्लैट पैनल डिस्प्ले लगवाए जाने के निर्देश जारी किये थे। जिला कलक्टर के निर्देशों की अनुपालना में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय किशनगढ़-रेनवाल, चाकसू, चंदवाजी, अनोपपुरा, मुहाना, पंवालिया, कल्याणपुरा, जमावारामगढ़, बस्सी एवं शीतलामाता (चाकसू) में इंट्रेक्टिव फ्लैट पैनल डिस्प्ले लगवाए गए हैं।

## ईसरदा वृहद पेयजल परियोजना को मिशन मोड पर पूर्ण करें : जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी



जयपुर टाइम्स

जयपुर/दौसा, (का.सं.)। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री श्री कन्हैयालाल चौधरी ने मंगलवार को दौसा जिला कलेक्टरेट सभागार में आयोजित बैठक में कहा कि ईसरदा वृहद पेयजल परियोजना का कार्य मिशन मोड पर पूरा किया जाए, ताकि जिले के सभी 1079 गांवों और शहरी क्षेत्रों में पेयजल संकट से राहत मिल सके।

उन्होंने गर्मियों के मद्देनजर पेयजल प्रबंधों की समीक्षा करते हुए कहा कि परियोजनाओं की क्रियान्विति मूल डिजाइन के अनुसार गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित हो। मंत्री ने जून तक सभी लंबित कार्य पूरे करने और बरसात से पूर्व जल वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वन भूमि व प्रशासनिक अड़चनों के समाधान के लिए उपखंड व वन विभाग अधिकारियों से समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए गए।मंत्री चौधरी ने वैकल्पिक व्यवस्था, टैंकर आपूर्ति, स्वीकृत हैंडपम्प-ट्यूबवेल की खुदाई व बिजली कनेक्शन कार्य को इस माह के अंत तक पूर्ण करने पर जोर दिया। साथ ही सूखे जल स्रोतों की गहराई की जांच और ट्यूबवेल्स के सूखने के कारणों की रिपोर्ट भी मांगी।

मुख्य अभियंता अजय सिंह राठौड़ ने बताया कि ओटीएमपी योजना के तहत अब तक 92880 घरों में नल से जल आपूर्ति की जा चुकी है। हालांकि, 7115 कनेक्शन जल स्रोत सूखने और 6689 कनेक्शन कोर्ट केस के कारण लंबित हैं।

## पशुपालन मंत्री ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक में दिए गति लाने के निर्देश

जयपुर टाइम्स

जयपुर, (का.सं.)। पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने मंगलवार को आरएलडीबी सभागार, टोंक रोड पर आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग समीक्षा बैठक में जिलों के संयुक्त निदेशकों से विभागीय योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली।

बैठक में शासन सचिव डॉ. समित शर्मा, पशुपालन निदेशक डॉ. आनंद सेजरा, गोपालन निदेशक प्रह्लाद सहाय नामा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कुमावत ने मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना, मोबाइल वेटरिनरी यूनिट (एमवीयू), एफएमडी टीकाकरण और 21वीं पशुगणना की जिलेवार समीक्षा की। उन्होंने बीमा योजना की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए दो माह में सभी पंजीकृत पशुओं की बीमा पॉलिसी




जारी करने के निर्देश दिए।

मोबाइल वेटरिनरी यूनिट के संचालन पर उन्होंने कहा कि यह भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना है, लेकिन अपेक्षित परिणाम नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने प्रचार-प्रसार बढ़ाने और सभी गाड़ियों की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।

एफएमडी टीकाकरण में अभी तक केवल 5 लाख पशुओं का इंद्राज होने पर चिंता जताते हुए 17 मई तक लक्ष्य पूर्ण करने हेतु माइक्रो लेवल प्लानिंग के निर्देश दिए।

## किसी को उजाड़ कर बसे तो क्या बसे

(हैदराबाद के जंगलों की व्यथा)

कभी थे ये हरियाली के गीत,
जहाँ पंछियों की थी मधुर प्रीत।
पेड़ों की छाँव में बजता था जीवन,
अब वहाँ गूंजता है मशीनों का क्रंदन।
जहाँ हिरण नाचते थे खुले आँगन में,
वहाँ अब बिछी है सड़कें बंजर मन में।
किसे पड़ी थी इन साँसों की राह,
जब विकास का नारा बना तबाही की चाह।
कटते रहे बरगद, पीपल, साल,
गिरे शालवन जैसे टूटी कोई दीवार।
आदिवासी रोये, पशु हुए बेघर,
पर शहर को चाहिए था नया एक घर।
किसी को उजाड़ कर बसे तो क्या बसे,
अगर जड़ें ही न बचीं तो फले कौन हँसे?
जिस मिट्टी ने जीवन को पाला,
उसी को उजाड़ा, है ये तमाशा काला।
विकास की दौड़ में हमने खोया क्या-क्या,
शायद ये सवाल अब पूछेगा सवेरा।
कंक्रीट के जंगलों में क्या बचेगी हवा,
जब पेड़ों की जगह केवल छाया धुआँ?
चलो थम जाएँ, थोड़ा सोच लें,
हर काटे पेड़ के आगे झुक के रो लें।
क्योंकि जो उजाड़ कर बसते हैं राजमहल,
वहीं इतिहास में कहलाते हैं अकल का विहल।
किसी को उजाड़ कर बसे तो क्या बसे,
वो नींव ही हिलती है, जहाँ करुणा मरे।

**प्रियंका सौरभ**

# सस्टेनेबल डेवलपमेंट का अनूठा प्रतीक पिपलांत्री गांव

पेड़ हमारे पर्यावरण, हमारे पारिस्थितिकी तंत्र,मानव व धरती के समस्त प्राणियों, वनस्पतियों को बनाए रखने के लिए बहुत आवश्यक है। कहना ग़लत नहीं होगा कि पेड़ जीवन का मुख्य आधार हैं। यही कारण भी है कि हमारी सनातन भारतीय संस्कृति में पेड़ों को युगों युगों से बहुत ही अहम् और महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। यहां तक कि हमारे यहां तो पेड़ों की पूजा करने तक का प्रावधान रहा है।हिंदू धर्म में तो पीपल, बरगद, केला, और नीम जैसे पेड़ों को अत्यंत पवित्र माना गया है। हमारी सनातन भारतीय संस्कृति में तो यहां तक माना जाता है कि पेड़ों में मनुष्यों के समान चेतना होती है। सच तो यह है कि भारतीय संस्कृति में पेड़ों को अपने पुत्रों से बढ़कर माना गया है। पाठकों को बताता चलूं कि भारतीय संस्कृति को अरण्य अर्थात वृक्ष की संस्कृति भी कहा जाता है। बहरहाल, आज जंगल कम हो रहे हैं। वृक्षों की अंधाधुंध कटाई हो रही है। विकास के नाम पर, शहरीकरण और औद्योगिकीकरण के नाम पर वनों का अतिक्रमण हो रहा है। हाल ही में आई केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, देश के 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 13,056 वर्ग किमी वन क्षेत्र पर अतिक्रमण हुआ है, जो दिल्ली के कुल क्षेत्रफल से भी अधिक है, यह चिंताजनक है। जानकारी मिलती है कि मध्य प्रदेश में सबसे अधिक 5,460.9 वर्ग किमी वन भूमि पर कब्जा है, जबकि 409 वर्ग किमी भूमि अतिक्रमण मुक्त की जा चुकी है। कहना ग़लत नहीं होगा कि केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय हरित अधिकरण को सौंपी गई रिपोर्ट कहीं न कहीं देश में वनों के अतिक्रमण की भयावह स्थिति को उजागर करती है, लेकिन वहीं देश में कुछ ऐसे भी स्थान हैं,जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में देश और समाज के समक्ष एक मिसाल प्रस्तुत करते हैं। पाठकों को बताता चलूं कि राजस्थान के राजसमंद ज़िले का पिपलांत्री



**सुनील कुमार महला,**

**फ्रीलांस राइटर, कालमिस्ट व युवा साहित्यकार, उत्तराखंड।**

गांव, पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ ही लड़कियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण के लिए जाना जाता है। जानकारी के अनुसार यहां हर नवजात बेटी के जन्म पर 111 पौधे लगाए जाते हैं और इस अनोखी पहल की वजह से यह गांव हमारे देश में ही नहीं अपितु पूरी दुनिया में मशहूर है। गांव की खास बात यह है कि इस गांव में हर तरफ हरियाली नजर आती है तथा यह पहाड़ियों से घिरा हुआ है। बहुत कम ही लोगों को यह जानकारी होगी कि गौचर भूमि संरक्षण,जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण में इस गांव का स्थान विश्व में प्रमुखता से लिया जाता है। इस गांव में हजारों पेड़ लगाए गए हैं और यहां आप पक्षियों की चहचहाहट सुन सकते हैं। इस गांव में पेड़ों को भाई मानकर पेड़ों के राखी बांधने की परंपरा आज भी कायम है। कहना ग़लत नहीं होगा कि पिपलांत्री मॉडल हमारे देश व समाज ही नहीं अपितु पूरी दुनिया के लिए एक मिसाल है। वास्तव में यह बालिकाओं को बचाने और हमारे पर्यावरण व पारिस्थितिकी की रक्षा की नींव पर निर्मित यह पर्यावरण-नारीवाद मॉडल कई लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। राजस्थान के इस गांव की कहानी वर्ष 2005 में राजस्थान के इस गांव के सरपंच (पिपलांत्री गांव के पूर्व सरपंच/पंचायत प्रमुख) श्री श्याम सुंदर पालीवाल के साथ शुरू हुई। उन्होंने बालिकाओं को बचाने,जल संरक्षण करने तथा पेड़ लगाने का बीड़ा उठाया। उपलब्ध जानकारी के अनुसार वर्ष 2000 से पहले, पिपलांत्री गांव में संगमरमर की खदानों और खदानों की भरमार थी, जैसा कि राजसमंद इनके लिए प्रसिद्ध रहा है। यहां पानी का स्तर 700- 800 फीट तक नीचे चला गया था और पीने तक के लिए पानी नहीं बचा था। गांव में सामान्य बुनियादी ढांचे(बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर) जैसे कि सड़क, सिंचाई और कृषि का अभाव था। श्री पालीवाल को वर्ष 2007 में निर्जलीकरण(डिहाइड्रेशन) के कारण अपनी 17 वर्षीय बेटी किरण की मृत्यु का सामना करना पड़ा। इससे पिपलांत्री को बदलने का उनका जुनून और बढ़ गया। अपनी बेटी किरण की मृत्यु के बाद, उन्होंने अपनी बेटी किरण की याद में पहला पेड़ लगाया। इससे पिपलांत्री गांव में क्रांति का विचार आया। पालीवाल इस बात से वाकिफ थे कि किस प्रकार से एक लड़की को जन्म से पहले ही मार दिया जाता था, श्री पालीवाल ने बेटी जन्म पर एक पेड़ लगाने के विचार को बढ़ाकर 111 पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा, इससे एक सामाजिक बदलाव की शुरुआत हुई। उनकी इस पहल के कारण अब तक 3 लाख से अधिक पेड़ लगाए गए हैं और 700-800 फीट से नीचे का जल स्तर मात्र 5 वर्षों में 15 फीट ऊपर उठ गया है। इतना ही नहीं,पेड़ों को दीमक से बचाने और फलों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए उनके चारों ओर 2.5 मिलियन से अधिक एलोवेरा के पौधे भी लगाए गए हैं। एलोवेरा उत्पादों से आर्थिक बदलाव भी आएं हैं, लोगों को रोजगार मिला है। पाठकों को बताता चलूं कि गांव में 'किरण निधि' योजना की शुरुआत की गई, जिसमें पंचायत द्वारा बालिका के नाम पर बैंक खाता खोला जाता था और उसमें 21,000 रुपये की शुरुआती राशि जमा की जाती थी। माता-पिता (जो शेष 11000 रुपये का योगदान करते हैं) को एक हलफनामे पर हस्ताक्षर करना होता है, जिसमें वादा किया जाता है कि वे कन्या भ्रूण हत्या नहीं करेंगे या अपनी बेटी की शादी 18 वर्ष की आयु से पहले नहीं करेंगे, और वे उसे शिक्षित करेंगे। इससे यह सुनिश्चित होता है कि कोई भी बालिका शिक्षा से वंचित न रहे और उसके पास अपने भविष्य के लिए पर्याप्त धन हो। इतना ही नहीं,श्री पालीवाल ने खदान प्रबंधन का मुद्दा अपने हाथों में ले लिया, क्यों कि मार्बल का फेंका गया कचरा एक बड़ी समस्या के रूप में उभर रहा था और इससे गांव की जमीनें बंजर हो रहीं थीं।श्री पालीवाल को निर्मल ग्राम पंचायत पुरस्कार मिला और पुरस्कार स्वरूप 5 लाख रुपए मिले। श्री पालीवाल के कारण आज पिपलांत्री अपने प्राकृतिक संसाधनों पर एक आत्मनिर्भर और समृद्ध गांव है। इतना ही नहीं, महिला व्यवसाय और शिक्षा के विकास से बालिका सशक्तीकरण का मुख्य लक्ष्य पूरा हुआ है। वन्य जीवन में वृद्धि देखी गई है, जल संरक्षण हुआ है और गांव के लोग समृद्ध और खुशहाल हैं। श्री पालीवाल की उपलब्धियों को देखते हुए उन्हें वर्ष 2021 में प्रतिष्ठित पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि बेटी के जन्म को इस गांव में एक बड़े उत्सव के रूप में मनाया जाता है। आज भी बेटी के जन्म पर यहां 111 पौधे लगाने की परंपरा जारी है। कहना ग़लत नहीं होगा कि राजस्थान के राजसमंद जिले का यह गांव लैंगिक समानता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सामुदायिक भागीदारी का एक अनोखा, नायाब व खूबसूरत मॉडल प्रस्तुत कर रहा है।सच तो यह है कि इस गांव की यह परंपरा महज एक रस्म नहीं, बल्कि आज एक सामाजिक आंदोलन बन चुकी है, जो समाज की मानसिकता को बदलने का कार्य कर रही है। गांव में हर नवजात बेटी के जन्म के साथ 111 पौधे लगाए जाते हैं, जो यह दर्शाता है कि यदि संकल्प सच्चा हो, तो इस दुनिया में कोई भी कार्य असंभव नहीं है। वास्तव में, गांव की यह अनूठी प्रथा न सिर्फ़ जीवन के उत्सव का प्रतीक है बल्कि पर्यावरण और लड़कियों दोनों के पोषण और सुरक्षा की शपथ भी है। आज पौधारोपण के संकल्प से पूरे गांव की बयार बदल चुकी है। हर तरफ हरितिमा का आवरण आज नजर आता है। आज गांव में नीम, शीशम, आम और आंवला समेत अनेक प्रजातियां विद्यमान हैं।जल संरक्षण, वनस्पतियों का संरक्षण और साथ ही बेटियों की रक्षा का अनूठा संगम इसी गांव में देखने को मिलता है। मुहिम का असर इस कदर हुआ है कि आज बेटियों को बोझ नहीं, बल्कि गौरव का प्रतीक माना जाने लगा है। बहरहाल, कहना चाहूंगा कि पिपलांत्री का यह मॉडल लैंगिक समानता, जलवायु अनुकूलन, जैव-विविधता और टिकाऊ विकास(सस्टेनेबल डेवलपमेंट) का अनूठा प्रतीक बन चुका है। वास्तव में, पर्यावरण संरक्षण और लैंगिक समानता के प्रति गांव के ऐसे समग्र दृष्टिकोण ने गांव को सामाजिक, आर्थिक व सांस्कृतिक प्रगति के प्रतीक में बदल दिया है। अंत में, यही कहूंगा कि राजस्थान के राजसमंद के पिपलांत्री की यह कहानी महिला सशक्तीकरण, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जमीनी पहल को दिखाती है। हमें यह चाहिए कि हम राजसमंद के इस गांव से प्रेरणा लें और अपनी युवा पीढ़ी को इसके बारे में जानकारी दें ताकि वे पर्यावरण संरक्षण के साथ ही जल संरक्षण और बेटियों की सुरक्षा व संरक्षण के प्रति कृतसंकल्पित हों सकें।

# स्वतंत्रता का अतिक्रमण सामाजिक दायित्वों का हनन, कर्तव्यों से विमुख न हों

वाल्टेयर जी ने इस संदर्भ में ठीक ही कहा है कि अधिकार बढ़ने के साथ-साथ समानुपातिक रूप से उत्तरदायित्व भी धीरे-धीरे बढ़ जाता है।

वर्तमान के इस दौर में जब देश में लोकतंत्र अपनी अस्मिता बचाने की जद्दोजहद में है वहां समाज का हर नागरिक अपने लिए अधिक से अधिक अधिकारों की इच्छा रखता है ताकि पूरी स्वतंत्रता का उपभोग कर सके। इसी के फलस्वरूप हर रोज अधिकारों की बढ़ती मांग और कर्तव्य की अवहेलना से समाज वातावरण में असंतुलन बढ़ता जा रहा है। वॉलटेयर जी ने इस संदर्भ में ठीक ही कहा है कि अधिकार बढ़ने के साथ-साथ समानुपातिक रूप से उत्तरदायित्व भी धीरे-धीरे बढ़ जाता है हमें अपने अधिकारों के साथ अपनी जिम्मेदारियों का भी ज्ञान बोध होना जरूरी है। आपको ऐसा नहीं लगता है कि अधिकार तथा उत्तरदायित्व समानुपातिक है और समाज में हर व्यक्ति समुदाय के साथ संग संग चलते हैं। ऐसा कुछ है कि स्वतंत्रता और खुलेपन के संग उत्तरदायित्व जी जीवन की यात्रा में सहयात्री है। स्वतंत्रता या खुलेपन का अतिक्रमण किसी व्यक्ति के दायित्वों का हनन है हम जहां जिस ग्राम नगर अथवा देश में रहते हैं वहां पर यह सुनिश्चित है कि अधिकार एवं जिम्मेदारी हमारे साथ साथ विचरण करते दिखाई देते हैं। भारतीय संविधान में अधिकारों की मीमांसा करते हुए यह मूल रूप से माना गया है कि यहां देश में मूल अधिकारों को महत्व इसीलिए दिया जाता है की भारतीय जनमानस का बड़ा प्रतिशत अशिक्षित है अतः संविधान अशिक्षित व्यक्तियों के लिए ज्यादा से ज्यादा स्वतंत्रता और समानता प्रदाय कर सके ताकि फिर कोई समाज या राज्य उसका हनन न कर सके, दूसरी तरफ यदि कर्तव्य की बात करें तो सदैव यह हिदायत दी जाती रही है कि भारत की जनता अधिक मात्रा में अशिक्षित हैं अतः उन्हें अपने दायित्वों का ज्ञान तथा अनुभूति नहीं होगी और दायित्व और कर्तव्यों के बीच बड़ी लक्ष्मण रेखा खिच गई है।

व्यक्ति और समाज जैसे जैसे विकसित होता गया है और आधुनिकता के इस दौर में नागरिकों की अधिकारों की मांग बढ़ती जा रही है। हमें अधिकार धीरे-धीरे मिल भी रहे जिस तरह माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने निजता के अधिकार को मूल अधिकार



**संजीव ठाकुर,**

**स्तंभकार, चिंतक, लेखक ,रायपुर छत्तीसगढ़ ,9009 415 415,**

की श्रृंखला में रखकर नागरिकों की स्वतंत्रता को सुरक्षित बनाने का प्रयास किया है। अब ऐसे में हमारा दायित्व बनता है कि हम अपनी निजता के अधिकार को अपने पास रखते हुए दूसरे की व्यक्तिगत स्वतंत्रता को नुकसान ना पहुंचाएं या उसकी स्वतंत्रता पर अतिक्रमण न करें, जिससे जिम्मेदारी और कर्तव्य बोध संग संग चलते रहे और सामाजिक परिवेश का कर्तव्य तथा अधिकार के बोध में सामंजस्य बना रहे। हम अपने व्यक्तिगत हित के कारण यह तथ्य विस्मित कर देते हैं कि हम एक लोकतांत्रिक राज्य के नागरिक हैं और हमें लोक कल्याण की अवधारणा को मूर्त रूप देना है जिससे कि राष्ट्र का विकास संभावित है। हम अपने आधुनिकता के चलते अपने दायित्व और मूल्यों के प्रति असावधान होते जा रहे हैं भारतीय समाज में बदलते समय के साथ नागरिक नैतिक मूल्यों की परवाह किए बगैर अपनी स्वच्छंदता एवं शक्ति के बल पर मनमानी तथा भ्रष्टाचार निरंकुशता को सर्वोपरि बनाने में लगे हुए है। देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के अंतर्गत देश के आम नागरिकों के द्वारा राजनीतिक पार्टियों के जनप्रतिनिधियों को विधिवत चुनकर संसद तथा विधान भवन भेजती है ताकि राज्य और देश का कल्याण हो सके किंतु अपने अधिकारों के प्रति उत्साहित यह राजनेता अपने मूलभूत कर्तव्य को भूलकर जनता का शोषण करने में लीन हो गए हैं और अधिकार संपन्न होकर निरंकुशता की श्रेणी में आकर बैठ गए हैं। इन जनप्रतिनिधियों ने अपने अधिकार तथा उत्तरदायित्व में तालमेल न बिठा कर शासन की व्यवस्था को बिगाड़ कर रखा है।

अर्थशास्त्र में कौटिल्य ने लिखा है कि जिस देश की आम जनता झोपड़पट्टी में रह रही हो उस देश के शासक प्रशासक को महलों में रहने का कोई अधिकार नहीं बनता है। यह बात उन्होंने बहुत पहले कही थी पर यह आज भी अत्यंत प्रासंगिक तथा समीचीन है। वर्तमान में देश में यह बात तो एकदम स्पष्ट है कि हमें अपने अधिकारों को तब भली-भांति ज्ञान व बोध है किंतु उत्तरदायित्व के प्रति हम जानबूझकर अनजान बने हुए हैं यह देश के विकास के लिए उचित नहीं है इससे देश के विकास में बाधा होती है। अधिकारों तथा उत्तरदायित्व के संदर्भ में कई समितियों ने बड़ी ही नकारात्मक अनुशंसा प्रस्तुत की है जिसमें इस बात का हवाला है कि राजनीति तथा प्रशासन में सब तरफ लालफीताशाही, भ्रष्टाचार, भाई भतीजावाद फैला हुआ है क्योंकि हमारे राजनेता शासक प्रशासक अपने अधिकारों का तो समुचित प्रयोग करते हैं किंतु उत्तरदायित्व के मामले में अपने आप को अनभिज्ञ बताते हुए जनता के सामने हाथ खड़े करके निरीह बने रहते हैं।

सरकारी सुविधाओं का उपयोग करना तो हमारा अधिकार है पर उसका रखरखाव और उससे साफ सुथरा रखना हमारा दायित्व भी है किंतु हम अपने दायित्व के प्रति आंखें बंद कर अधिकारों के लिए अंधी दौड़ में शामिल हो चुके हैं। एक संकट जैसे कि पर्यावरण संकट किसी व्यक्ति समाज और राष्ट्र के लिए नहीं है यह वैश्विक समस्या है और यदि हम इसके प्रति सजग नहीं हुए तो 1 दिन संपूर्ण सामाजिक व्यवस्था पृथ्वी धरा नष्ट हो जाएगी और मनुष्य सांस लेने के लिए हवा, पीने के लिए पानी को तरसने लगेगा।

यह हमारा नैतिक कर्तव्य बनता है कि हम सत्य निष्ठा के साथ सदाचारी बनकर नैतिकता को अपने व्यवहार में उतार कर अपने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा कर अपने अधिकारों के साथ मूल दायित्व को भी उतनी ही गंभीरता से उपयोग में लाएं जिससे व्यक्ति समाज और राष्ट्रहित हो सके।

# सर्वदलीय सर्वपूजक मौकापरस्त सरकारी जँवाई और फूफे-फूफियां

सरकारी जँवाइयों की तरह-तरह की विचित्र किस्मों में सर्वाधिक संख्या उनकी है जो मौकापरस्त हैं और अवसरवादी मानसिकता के मामले में इनका कोई जवाब नहीं। यों इनके लिए निर्धारित सेवाओं के ठोस आचरण नियम हैं, नीति और निर्देश हैं और समय-समय पर जारी आदेश भी हैं लेकिन इनकी पालना कितनी हो पाती है यह किसी से छिपा हुआ नहीं। कारण कि पालन करने वाले और कराने वालों की मानसिकता में कहीं कोई अन्तर नहीं है।

अवसर की तलाश में गिद्धों की पैनी दृष्टि हो या फिर गिरगिटिया रंगबदलू अवस्था, या फिर मत्स्य-बगुला दृष्टि, गाय-बगुला संबंध हों या और किसी भी प्रकार के रिश्ते, इस वर्ग में वे सारे गुण और हुनर विद्यमान हैं जिनसे हरकतों, करतूतों और कारनामों की कहीं स्वाभाविक और कहीं सिजेरियन प्रसूति होती है।

इस मौकापरस्ती वाली परम्परा में ड्यूटी, ईमानदारी, कर्त्तव्यपरायणता और समर्पण भाव कोई मायने नहीं रखता। सर्वाधिक असर करता है आकाओं के प्रति दुमहिलाने, जयगान करते हुए परिक्रमा करते और उन्हें खुश करने के लिए किए जाने वाले सारे जतन, और रास्ते। दो-चार को खुश कर दो, खुश किए रखो और फिर हजारों के साथ चाहे जो करो, खुली छूट रहती है, कोई पूछने वाला नहीं। दुनिया के सारे गधे इसी तरह अपने आपको अखाड़ची पहलवान मानते हुए घास बेचकर गुलाबजामुन और रसगुल्ले खा भी रहे हैं और इसकी चाशनी में नहा भी रहे हैं। अपने आस-पास और साथ वालों को यह चाशनी चाटने का भरपूर मौका भी दे रहे हैं।

कहने को राजधर्म में निरपेक्ष भाव प्राथमिक शर्त है लेकिन पांच साला आकाओं के आगे-पीछे घूमने वाले, अर्दलियों की तरह उनके प्रासादों और गोपनीय गलियारों में सेवा-चाकरी करने वाले साठ साला सरकारी जँवाइयों का पूरा ही जीवन दुम हिलाते हुए फ्रीस्टाईल मौज-मस्ती और आयातित पराए एवं उन्मुक्त भोग-विलासी बाड़ों में गुजर रहा है।

आका जहाँ कहीं जाते हैं वहाँ भेड़ों की रेवड़ की तरह तमाम किस्मों के उपकृतों की भीड़ जुटी रहती है अपने सारे काम-धाम और ड्यूटी को छोड़कर, वो भी ड्यूटी अवर्स में। दलों और विचारधाराओं से दूरी बनाए रखना इनके लिए प्रतिबंधित हो सकता है, किसी की चापलूसी, जयगान और परिक्रमा करते हुए व्यक्तिपूजा करने से कोई नहीं रोक सकता इन्हें। फिर जो इनके सुख-दुःख का ख्याल रखता है वही इनके लिए माता-पिता और भगवान से कम नहीं होता। एक बार माँ-बाप और भगवान को धकिया सकते हैं पर अपने आका को नहीं।



**डॉ. दीपक आचार्य**

मजे की बात ये कि अनपढ़-गँवारों के सामने पढ़े-लिखे ऐसे पेश आते हैं जैसे कि जरखरीद गुलाम या मनोरोगी।

इस मामले में किसम-किसम के नुमाइन्दों को देखा जा सकता है। इनके लिए हर सरकार और हर पार्टी उनकी अपनी है जो सत्ता में होती है। खूब सारे हैं जो अपने घरों पर सत्ता के हिसाब से झण्डे बदलते रहते हैं। इनके पास हर पार्टी के झण्डे हमेशा तैयार रहते हैं।

जो पार्टी चुनाव में जीत जाती है उसी का झण्डा अपने घर की छत पर लगा देते हैं। हारने वाली पार्टी का झण्डा आलमारी में बंद हो जाता है। नहीं बदलता है तो सिर्फ वह डण्डा, जो कई दशक निकाल देता है। इसी तरह इन पार्टियों के नेताओं की तस्वीरों की भी अदला-बदली कुछ-कुछ साल में होती रहती है।

इसी तरह कई दिन तक चलने वाली विभिन्न प्रदर्शनियों में जिस दिन जो वीआईपी आने वाला होता है उससे संबंधित कुछ एक्स्ट्रा फोटोग्राफ्स लगा दिए जाते हैं ताकि वो अभिभूत होकर आशीर्वाद देकर ही लौटे।

इसी तरह मनचाहे स्थान पर बने रहने या तबादला व पोस्टिंग के इच्छुक हों या फिर तबादला रुकवाने की गरज हो, तब ये सरकारी जँवाई और फूफे-फूफियां अपने आपको सत्तारूढ़ दल के पक्ष का बताकर अपना काम निकाल लेते हैं।

ऐसे खूब सारे हैं जिनके लिए हर पार्टी अपनी सत्ता के समय यही लिखकर डिजायर काटती है कि ये अपने हैं। शासन कांग्रेस का हो तब ये बन्दे अपने आपको कांग्रेस विचारधारा का सिद्ध कर डालते हुए स्थानीय नेताओं से मनचाही सिफारिश लिखवा कर भिजवा देते हैं और शासन भाजपा का आ जा जाए तब अपने आपको आरएसएस और बीजेपी का बताकर डिजायर कटवा देते हैं।

बहुत बड़ी संख्या ऐसे डिजायर ड्राइवरों की है जो हर शासन में अपने आपको उसी पार्टी का समर्थक या प्रशंसक बताते हुए पोस्टिंग और ट्रांसफर की रेवड़ियों भरे ट्रकों को हाँकते हुए अपने नाम करा लेते हैं।

इनकी पूरी जिन्दगी में पेश की गई सारी डिजायरों को एक जगह इकट्ठा करके देखा जाए तो दिखेगा कि ये किसी के नहीं हैं, अवसर को भुनाने वाले हैं। ऐसे कामों में सहयोग करने वाले छुटभैयों और दलालों की आजकल कहीं कोई कमी नहीं है। फिर डिजायरों का सृजन किन आधारों पर होता है, इसे समझदार लोग अच्छी तरह जानते हैं। सत्ता की हर सड़क पर ये स्विफ्ट डिजायरें सरपट भागती हुई सैर-सपाटों का मजा लेती और देती रहती हैं।

यही हाल भक्तों का भी है। बहुत से भक्तों ने अपने घरों में कई-कई गुरुओं की तस्वीरें लगा रखी हैं। किसी एक गुरु से संबंधित कोई कार्यक्रम हो, या गुरु स्वयं पधारते हैं तब उसी गुरु की तस्वीर नज़र आती है, बाकी सारे गुरु कहीं अंधेरे कक्ष में समाधिस्थ कर दिए जाते हैं। गुरुओं के आने और उनके आयोजनों के अनुसार गुरुओं की तस्वीरें बदलती रहती हैं। और सामान्य दिनों में 4-5 गुरुओं के पावन दर्शन होते हैं जिससे हर आगंतुक इन्हें महान धार्मिक आध्यात्मिक मानकर अभिभूत हो उठता है।

इन गुरुओं की तस्वीरों के सामने ही इनके चेले-चेलियां झूठ-फरेब, अन्याय, शोषण और अनाचार से भरे पापकर्म करते रहते हैं क्योंकि इन्हें पक्का विश्वास होता है कि इतने सारे समर्थ गुरुओं के रहते उनके सारे पापों का कोई अस्तित्व नहीं रहने वाला।

यही कारण है कि बड़े-बड़े भ्रष्ट अफसर, नेता, अपराधी, चोर-डकैत, ब्याजखोर, नशाखोर, अतिक्रमण कर जमीन-जायदाद हड़पने वाले, फाइनेन्सर और मुफ्त का माल उड़ाने वाले, शोषण, अत्याचारी, अनाचारी, माँ-बाप और पत्नी को प्रताड़ित करने वाले असामाजिक तत्व आदि इन गुरुओं की भक्त बनकर गुरु महिमा का वर्णन करते हुए चेले-चेलियों की रेवड़ का आकार बनाने के लिए हर तरह के हथकण्डों का इस्तेमाल करते रहते हैं।

गुरु कृपा का वरदान साथ हो तो फिर क्या पाप और क्या बुरा कर्म। आखिर हमने गुरु बनाए ही किसलिए हैं ? फिर समर्थ गुरु ऐसे कि चाहे जो कर या करा सकते हैं। इन गुरुओं का भगवान या धर्म से कोई लेना-देना नहीं होता मगर सरकार चलाने वालों से कुछ भी करा सकने का सामर्थ्य इनमें होता है।

अपने पूर्वजों के गौरव, आत्म स्वाभिमान और नैतिक मूल्यों तथा संस्कारों को छोड़कर मनमानी और मनचाही हरकतों के लिए बहुत जरूरी हो चला है अपने आपको गिरवी रखना या पूरी तरह बेच देना।



# अक्षरा सिंह को नहीं लोगों की परवाह, कहा- एक ही जिंदगी है, खुलकर जियो

**अक्सर कोई काम करते वक्त लोग चार लोगों का ख्याल रखते हैं। चार लोग यानी समाज। सामान्य लोग नहीं, बल्कि फिल्मी हस्तियों को भी इस बात की चिंता सताती है कि चार लोग क्या कहेंगे? मगर, अक्षरा सिंह अब इससे आगे निकल चुकी हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपनी जिंदगी का फलसफा शेयर किया है, जो दूसरों के भी काम आ सकता है। अक्षरा ने बताया कि अब उन्हें चार लोगों की परवाह नहीं।**

अक्षरा ने बताया कि अब उन्हें चार लोगों की परवाह नहीं। अक्षरा सिंह ने वीडियो शेयर किया है। ब्लू कलर के आउटफिट में वे काफी स्टाइलिश लुक में नजर आ रही हैं। काला चश्मा चढ़ाते हुए वे तेवर दिखा रही हैं। वीडियो में लिखा है, चार लोग क्या कहेंगे अब उससे डर नहीं लगता, डर तो ये है कि उन चार लोगों को मैं कुछ न कह दूं। इसके साथ अक्षरा ने कैप्शन लिखा है, क्या बोलती पब्लिक? एक ही जिंदगी है खुल के जियो और जीने दो।

## यूजर्स ने जताई सहमति

अक्षरा सिंह के इस पोस्ट पर यूजर्स के रिएक्शन नजर आ रहे हैं और अभिनेत्री का यह जीवन मंत्र सभी को काम का लग रहा है। अधिकांश यूजर्स ने अक्षरा की बात पर सहमति जताई है। एक यूजर ने लिखा, अक्षरा भोजपुरी इंडस्ट्री में वाइल्ड फायर हैं। एक अन्य यूजर ने लिखा, खुलकर जियो और दूसरों को भी कुछ न बोलो, तब भी लोग जीने नहीं देते हैं दीदी। एक यूजर ने लिखा, शेरनी।

## निरहुआ के साथ आएंगी नजर

अक्षरा के वर्क फ्रंट की बात करें तो उन्होंने साल 2010 में फिल्म सत्यमेव जयते से भोजपुरी इंडस्ट्री में डेब्यू किया। इस फिल्म में रवि किशन लीड रोल में नजर आए। अदाकारी के साथ-साथ अक्षरा अपनी सुरीली आवाज के दम पर भी इंडस्ट्री में राज कर रही हैं। अक्षरा सिंह की आगामी फिल्म चार फेरे सात वचन है, जिसमें वे दिनेश लाल यादव निरहुआ के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी।



# शोभिता धुलिपाला के हाथ लगा बड़ा रोल, फिल्म में फहद फासिल की भी एंट्री

**शोभिता धुलिपाला ने कई हिंदी, तेलुगु, मलयालम और तमिल फिल्मों में काम किया है, जिनमें गुडाचारी से लेकर मेजर, पोन्नियिन सेलवन 1, पोन्नियिन सेलवन 2 और द नाइट मैनेजर जैसी फिल्में और सीरीज शामिल हैं। अब वहीं शोभिता एक और अनाम तमिल फिल्म के लिए कमर कस रही हैं, जिसमें उनके साथ कई अभिनेताओं की टुकड़ी नजर आएगी।**

## शोभिता का मिली बड़ी फिल्म

एक खबर के मुताबिक, शोभिता धुलिपाला तमिल मशहूर डायरेक्टर पा. रंजीत की नई फिल्म में महत्वपूर्ण किरदार में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में दिनेश मुख्य अभिनेता होंगे और आर्या विलेन का किरदार निभाएंगे। अभी इस फिल्म का नाम तय नहीं हुआ है, लेकिन इसमें अशोक सेलवन और फहाद फासिल जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## शोभिता का करियर

शोभिता धुलिपाला एक भारतीय सुपरमॉडल, पूर्व मिस अर्थ इंडिया और अभिनेत्री हैं, जिन्होंने हिंदी, मलयालम, तमिल और तेलुगु फिल्मों में काम किया है। शोभिता ने इकोनॉमिक्स में मास्टर्स की डिग्री ली है। मॉडलिंग से शोभिता ने अपना करियर शुरू किया था। 2013 में उन्होंने मिस इंडिया अर्थ का खिताब जीता था। शोभिता को 2016 में बॉलीवुड फिल्म रमन राघव 2.0 में अभिनय किया।

## शोभिता की शादी

शोबिता धुलिपाला ने साउथ अभिनेता नागा चैतन्य से शादी की है। हालांकि, यह चै की दूसरी शादी है। चै की पहली शादी साउथ अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु से हुई थी। सामंथा से तलाक के बाद ही नागा ने शोभिता से दूसरी शादी की है।





# एक बड़े बजट की कॉमेडी ट्राइलॉजी के लिए साथ आए कार्तिक आर्यन और करण जौहर

कार्तिक आर्यन और करण जौहर एक बार फिर साथ काम करने के लिए तैयार हैं, और इस बार, वे निर्माता महावीर जैन के साथ एक महत्वाकांक्षी कॉमेडी ट्राइलॉजी के लिए साथ आ रहे हैं। हाल ही में कार्तिक और करण ने रोमांटिक कॉमेडी तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी की शूटिंग शुरू की थी, और अब यह जोड़ी एक हाई-कॉन्सेप्ट फिल्म के लिए साथ आ रही है, जो हंसी, सरप्राइज और शानदार विजुअल्स से भरपूर होगी। पिंकविला की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस प्रोजेक्ट का निर्देशन फुकरे फ्रेंचाइजी के निर्देशक मृगदीप सिंह लांबा करेंगे। इस प्रोजेक्ट से जुड़े एक सूत्र ने खुलासा किया, मृगदीप सिंह लांबा लंबे समय से इस हाई-कॉन्सेप्ट कॉमेडी पर काम कर रहे हैं, और इसे एक ट्राइलॉजी के रूप में बनाया जा रहा है, जिसमें कार्तिक आर्यन मुख्य भूमिका निभाएंगे। करण को यह कॉन्सेप्ट बेहद पसंद आया और उन्होंने तुरंत इस प्रोजेक्ट को बड़े पर्दे के लिए प्रोड्यूस करने के लिए हामी भर दी। इस स्क्रिप्ट में हर वर्ग के सिनेमा प्रेमियों से जुड़ने की क्षमता है।

फिल्म फिलहाल प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है, और टीम इसकी भव्यता और विजुअल अपील पर काम कर रही है ताकि इसे एक अनोखा सिनेमाई अनुभव बनाया जा सके।

फिल्म की अवधारणा को लेकर सूत्र ने आगे बताया, यह सिर्फ एक कॉमेडी से कहीं बढ़कर है, क्योंकि मेकर्स इसे बड़े स्केल और शानदार विजुअल्स के साथ दर्शकों को चौंकाने के इरादे से बना रहे हैं। फिलहाल फिल्म की प्री-प्रोडक्शन प्रक्रिया चल रही है और यह सितंबर 2025 में फ्लोर पर जाएगी।

प्रोजेक्ट के पैमाने को देखते हुए, निर्माता 2026 में रिलीज़ की उम्मीद कर रहे हैं। इस सहयोग से कार्तिक आर्यन की फिल्मोग्राफी में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होने की उम्मीद है, क्योंकि वह लगातार खुद को एक बहुमुखी कलाकार के रूप में स्थापित कर रहे हैं, खासकर कॉमेडी शैली में। करण जौहर के लिए भी यह फिल्म उनके बैनर धर्मा प्रोडक्शंस के तहत एक और रोमांचक प्रोजेक्ट साबित होगी, जहां वह कॉमेडी जॉनर को एक नए दृष्टिकोण से एक्सप्लोर कर रहे हैं। वहीं, मृगदीप सिंह लांबा के निर्देशन में, जो पहले भी दर्शकों को पसंद आने वाली एंटरटेनिंग फिल्में दे चुके हैं, इस फिल्म से काफी उम्मीदें लगाई जा रही हैं। जैसे-जैसे इस प्रोजेक्ट को लेकर उत्सुकता बढ़ रही है, दर्शक इसकी स्टारकास्ट, कहानी और मेकर्स द्वारा पेश किए जाने वाले सरप्राइज से जुड़ी अधिक जानकारी का इंतजार कर रहे हैं।

# ट्रोलिंग से अब कोई फर्क नहीं पड़ता




सारा अली खान को अक्सर अपनी प्रोफेशनल लाइफ और पर्सनल लाइफ को लेकर ट्रोल किया जाता है। एक्ट्रेस ने हाल ही में सोशल मीडिया ट्रोलिंग को लेकर बात की। उनका मानना है कि नेगेटिविटी को सिर्फ मेडिटेशन से ही कम किया जा सकता है। सारा अली खान ने बातचीत के दौरान सवाल किया गया कि वह सोशल मीडिया ट्रोलिंग को कैसे डील करती हैं और उससे कैसे डील करती हैं? सारा ने ट्रोलिंग को लेकर बात करते हुए कहा, मुझे मेरे धर्म को लेकर भी ट्रोल्स किया जाता है, लोग कहते हैं कि तुम मुस्लिम हो और हिंदू मंदिरों में जाती हो। लेकिन मुझे अब इन सब बात से फर्क पड़ना बंद हो गया है। मुझे ट्रोलिंग से डील करने में सबसे ज्यादा हेल्प मेडिटेशन करता है। मुझे मेडिटेशन से यह पता चलता है कि क्या रियल है और क्या नहीं। मेरे लिए समस्या कभी भी ट्रोलिंग नहीं थी, मेरा यह सोचना था कि मैं ही सबसे अच्छी हूं। अब, मैंने यह सोचना ही बंद कर दिया है। सारा ने आगे कहा, 'मैं एक एक्टर के रूप में अभी भी टॉप पर नहीं हूं। कुछ लोग कुछ कलाकारों को पसंद करते हैं, और कुछ को नहीं। एक एक्टर के रूप में मुझे अभी काफी लंबा सफर तय करना है। अभी एक लंबी लाइफ है, अभी काफी कुछ करना है।'

# केसरी 2 में दिग्गज वकील सी. शंकरन नायर के किरदार में दिखेंगे अक्षय कुमार



अक्षय कुमार की हिस्टोरिकल ड्रामा फिल्म 'केसरी चैप्टर 2' का ट्रेलर जारी हो गया है। जलियांवाला बाग में हुए नरसंहार पर आधारित इस फिल्म में अक्षय दिग्गज वकील सी. शंकरन नायर के किरदार में दिखेंगे। यहां जानिए कौन हैं सी शंकरन नायर। 11 जुलाई 1857 को जन्मे शंकरन नायर ने 1877 में मद्रास प्रेसीडेंसी कॉलेज से आर्ट की डिग्री ली और मद्रास लॉ कॉलेज से कानून की पढ़ाई पूरी की। 1880 में शंकरन नायर ने मद्रास हाईकोर्ट से अपनी वकालत शुरू की। 1887 में शंकरन नायर को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष चुना गया। 13 अप्रैल 1919 को जब जलियांवाला बाग में भीषण नरसंहार हुआ और अंग्रेजों ने देशवासियों पर गोलीबारी की तब शंकरन नायर शिक्षा मंत्री और वायसराय की कार्यकारी परिषद में एकमात्र भारतीय प्रतिनिधि थे। यह घटना शंकरन नायर के जीवन में सबसे अहम मोड़ लेकर आई। इसके बाद उन्होंने वायसराय की कार्यकारी परिषद से इस्तीफा दे दिया। अंग्रेजों ने इस घटना के तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश किया था। इसके बाद शंकरन नायर ने अंग्रेजों की इस क्रूरता को उजागर करने की ठानी। उन्होंने अदालत में अंग्रेज सरकार के विरुद्ध अकेले लड़ाई लड़ी। नायर ने कोलोनियल ऑफिसर पर अपनी प्रशासनिक शक्तियों का गलत इस्तेमाल करने और अत्याचार बढ़ाने का आरोप लगाया।



# हंसल मेहता ने बांधे कंगना की तारीफों के पुल

अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत और फिल्म मेकर हंसल मेहता के बीच बीते दिनों सोशल मीडिया पर कहासुनी हुई। दरअसल, स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा की महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद दोनों आमने-सामने आए। दोनों के फैंस भी आपस में भिड़े। अब इस पूरे मामले के कुछ दिन बाद ही हाल ही में हंसल मेहता ने कंगना की दिल खोलकर तारीफ की है।

दरअसल, हंसल मेहता विवादित टिप्पणी मामले में कुणाल कामरा का बचाव करते दिखे। इसके बाद नेटिजन्स ने उन्हें ट्रोल करना शुरू किया और पूछा कि जब कंगना के दफ्तर पर बुलडोजर चला था तब वे कहां थे? इस पर हंसल मेहता ने कहा, क्या उनके घर तोड़फोड़ हुई थी, क्या गुंडे उनके घर में घुसे थे? क्या उन्होंने उनकी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को चुनौती देने या कथित एफएसआई उल्लंघन के लिए ऐसा किया? कृपया मुझे इसके बारे में बताए। शायद मैं तथ्य नहीं जानता। इस पर कंगना रनौत ने हंसल मेहता को जवाब दिया और याद दिलाया कि उन्हें भी आपत्तिजनक शब्द बोले गए थे।

## कैमरे के सामने उनका जादू चलता है

कंगना से सोशल मीडिया पर तकरार के कुछ दिनों बाद हाल ही में हंसल मेहता ने अभिनेत्री की दिल खोलकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि वे कंगना की प्रतिभा के कायल हैं। हंसल मेहता ने कहा कि वे कंगना के कायल हैं। वे उनकी स्क्रीन प्रिजेंस को पहचानते हैं। हंसल मेहता ने माना कि कैमरे के सामने कंगना की उपस्थिति जादुई होती है। हंसल मेहता ने इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में यह कहा। हंसल ने कहा, मैं उनकी अदाकारी का कायल हूं। मैं उनकी प्रतिभा का वर्णन नहीं कर सकता, बस कैमरा उनसे प्यार करता है। यहां तक कि वे भी नहीं जानती कि वे कैमरे के सामने क्या जादू कर सकती हैं।

## सिमरन में किया है साथ काम

हंसल मेहता ने कंगना को लेकर आगे कहा, हमारी बनती नहीं थी, हमारी नहीं बनी, होता है। मेरी अपनी एक्स वाइफ के साथ भी नहीं बनी। लेकिन वे मुझसे बेहतर इंसान हैं। हंसल मेहता ने कंगना रनौत के साथ फिल्म सिमरन (2017) में काम किया है। उन्होंने इस फिल्म का निर्देशन किया। फिल्म निर्माता ने एक बार घोषणा की थी कि कंगना के साथ फिल्म करना उनकी भारी गलती थी। फिल्म के निर्माण के बाद हंसल और कंगना के बीच अनबन हो गई थी। हालांकि, इस टिप्पणी के बाद भी उन्होंने कंगना की तारीफ की थी। अब सोशल मीडिया पर हुई कहा-सुनी के बाद भी वे कंगना की तारीफों के पुल बांधते दिखे हैं।

# फिल्म फौजी में प्रभास के साथ नजर आ सकती है दिशा पाटनी

पैन इंडिया स्टार प्रभास इन दिनों अपनी कई आगामी फिल्मों को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इसी बीच उनकी एक और फिल्म फौजी को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। इस फिल्म में प्रभास की जोड़ी उनकी फिल्म कल्कि 2898 एडी की एक अभिनेत्री के साथ नजर आएगी। एक खबर के मुताबिक, फौजी एक एक्शन ड्रामा फिल्म होगी। फौजी में प्रभास और दिशा पाटनी एक साथ नजर आ सकते हैं। इस फिल्म से पहले प्रभास और दिशा की जोड़ी को प्रशंसकों ने कल्कि 2898 एडी में खूब पसंद किया था। बहरहाल, इस फिल्म का आधिकारिक नाम अभी तक तय नहीं हुआ है, तब तक इस फिल्म का संभावित नाम फौजी है।

वैसे इस फिल्म में दो अभिनेत्रियों के होने की बात सामने आई है, जिसमें इमानवी इस्माइल का नाम पहले से ही शामिल है और अब उनके अलावा इस फिल्म में दूसरी मुख्य अभिनेत्री के तौर पर दिशा पाटनी का नाम शामिल हो गया है। बहरहाल, अभी तक निर्माताओं की ओर से इस फिल्म की स्टार कास्ट को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।



# LNJ भीलवाड़ा ग्रुप ने राजस्थान में ग्लोबल विकास ट्रस्ट की ग्रामीण रूपान्तरण पहल के लिए समर्थन जुटाने हेतु दूसरे चरण की शुरूआत की

**जयपुर टाइम्स**

बांसवाड़ा/ जयपुर (नि.सं.)। एक ग्रामीण रूपान्तरण पहल को समर्थन प्रदान करते हुए जाने-माने ओद्यौगिक सदन स्छश्र भीलवाड़ा ग्रुप जो टेक्सटाईल्स, ग्रेफाइट इलेक्ट्रोड, विद्युत उत्पादन, ऊर्जा संग्रहण समाधानों एवं आधुनिक सामग्री सहित कई कारोबारों में सक्रिय है, ने आज किसानों के कल्याण के लिए ग्लोबल विकास ट्रस्ट की सफल परियोजना को सहयोग प्रदान करने हेतु अपने कार्यबल को प्रेरित करने के राजस्थान के दूसरे चरण के लिए बांसवाड़ा में शुरूआत की।

इस अवसर पर रवि झुनझुनवाला, चेयरमैन, LNJ भीलवाड़ा ग्रुप, मयंक गांधी, संस्थापक ग्लोबल विकास ट्रस्ट और श्री राजीव गुप्ता, जेएमडी, ज्ैंड स्जक तथा संगठन से अन्य प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

रवि झुनझुनवाला ने व्यक्तिगत रूप से बांसवाड़ा में ज्ैंड के मोरडी और लोढा प्लांट्स में इस पहल का नेतृत्व किया है और 3000 से अधिक कर्मचारियों को इस योगदान के लिए प्रेरित किया है। गौरतलब है कि मोरडी में स्छश्र निट्स और स्छश्र डेनिम युनिट्स तथा लोढा में कपास और ग्रे यार्न युनिट्स सक्रिय हैं।

इस पहल के प्रभाव पर बात करते हुए रवि झुनझुनवाला, चेयरमैन, LNJ भीलवाड़ा ग्रुप ने कहा ''भीलवाड़ा में कर्मचारियों से इस नेककाज के लिए मिले समर्थन से हम बेहद प्रेरित और प्रभावित हैं। सहयोग प्रदान करने की उनकी इच्छा से उत्साहित होकर हमने बांसवाड़ा में जागरुकता अभियान के दूसरे चरण की शुरूआत की है। हमें उम्मीद है कि हमें इस चरण के लिए भी ज़बरदस्त समर्थन मिलेगा।



ग्रामीण रूपान्तरण की दिशा में मयंक गांधी के प्रयासों ने कई लोगों को प्रेरित किया, जो इनोवेशन एवं आर्थिक सहयोग के द्वारा आकर्षक और स्थायी आजीविका प्रणाली के विकास हेतु जीवीटी की मदद के लिए आगे आ रहे हैं।''

भीलवाड़ा में LNJ लिमिटेड के प्लांट्स में आयोजित इस अभियान के पहले चरण में कर्मचारियों ने रु 50 लाख की योगदान राशि जुटाई। इस अवसर पर रवि झुनझुनवाला ने अपने कर्मचारियों द्वारा जुटाए गई राशि के बराबर व्यक्तिगत इक्विटी से योगदान देने का संकल्प लिया।

मयंक गांधी के ग्लोबल विकास ट्रस्ट ने पिछले 5 सालों के दौरान तीन राज्यों के 27 ज़िलों में 4700 से अधिक गांवों में 5.6 करोड़ फल वाले वृक्ष लगाकर बदलाव का नेतृत्व किया है, जिसके चलते किसानों की आय दस गुना बढ़ गई है। जीवीटी के प्रयासों को सशक्त बनाने के लिए रवि झुनझुनवाला इस अभियान के समर्थन में राजस्थान के उद्योगपतियों में विश्वास और भरोसा बढ़ाने के लिए भी काम कर रहे हैं।

इस पहल पर बात करते हुए श्री मयंक गांधी, संस्थापक, ग्लोबल विकास ट्रस्ट ने कहा, ''हम LNJ भीलवाड़ा ग्रुप और रवि जी के प्रति आभारी हैं जिन्होंने प्रभावी कृषि समाधानों के ज़रिए गंभीर रूप से प्रभावित किसान समुदायों की आय बढ़ाकर उनके जीवन में बदलाव लाने के हमारे मिशन को समर्थन प्रदान किया है। हमारा उद्देश्य किसानों को गरिमा एवं आत्मनिर्भरता का जीवन जीने के लिए सशक्त बनाना तथा समाज में खेती के प्रति सोच में बदलाव लाना है।''

LNJ भीलवाड़ा कृषि एवं ग्रामीण समुदायों को श्री मयंक गांधी के कार्य के बारे में संवेदनशील बना रहा है, उन्हें समर्थन प्रदान कर सुनिश्चित कर रहा है कि हर किसान को वृक्ष मिले तथा सफलता हासिल करने के लिए ज़रूरी प्रशिक्षण भी मिले। LNJ भीलवाड़ा ग्रुप ग्लोबल विकास ट्रस्ट के किसान प्रशिक्षण केन्द्र जीवीटी कृषिकुल में किसानों के लिए कृषि प्रशिक्षण एवं शिक्षण को बढ़ावा देगा। जीवीटी कृषिकुल एक विश्वस्तरीय युनिट है जहां किसानों, सीएसआर लीडर, कॉर्पोरेट्स एवं सरकारी अधिकारियों को एक साथ मिलकर अग्रणी कृषि समाधानों के बारे में जानने और इन्हें लागू करने का अवसर मिलता है। यह सेंटर देश भर के किसानों को लुभा रहा है। कर्नाटक, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उड़ीसा एवं अन्य क्षेत्रों के किसान जीवीटी के प्रमाणित मॉडल का अनुकरण करने के लिए यहां आ रहे हैं। मात्र रु 25 प्रति पौधे की कीमत पर डोनर सीधे इस नेक काज के लिए योगदान दे सकते हैं। पहले जो किसान सालाना रु 37000 कमाते थे, अब तीन सालों के अंदर मात्र रु 30,000 के एकबारगी दान के साथ उनकी आय बढ़कर रु 4 लाख सालाना तक पहुंच गई है। इससे न सिर्फउनका भविष्य सुरक्षित हुआ है बल्कि स्थायी कृषि के ज़रिए उनके जीवन पर सकारात्मक प्रभाव भी उत्पन्न हुआ है। 2016 के बाद से ग्लोबल विकास ट्रस्ट कम आय वाले छोटे एवं सीमांत किसानों को सशक्त बनाने के लिए कार्यरत है। उन्हें ज़्यादा जोखिम वाली फसलों के बजाए उच्च मूल्य के फलों वाले पेड़ों की ओर रूख कर आर्थिक रूप से स्थिर एवं स्थायी बनाकर उनकी समृद्धि को सुनिश्चित कर रही है। बेहतर फसलों एवं स्थायी कृषि प्रथाओं के चलते किसानों की आय रु 38,723 से बढ़कर रु 3,93,986 प्रति एकड़ सालाना तक पहुंच गई है। इसके अलावा 400 करोड़ लीटर जल संग्रहण क्षमता भी विकसित हुई है, जिससे पानी की कमी और सूखे के संकट से निपटने में मदद मिली है।

## वित्त वर्ष 2024-25 में जापान और कोरिया में निफ्टी इंडेक्स को ट्रैक करने वाले 11 नए पैसिव फंड लॉन्च किए गए

**जयपुर टाइम्स**

वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान जापान और कोरिया में निफ्टी इंडेक्स को ट्रैक करने वाले कुल 11 नए पैसिव फंड (एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स और इंडेक्स फंड्स) लॉन्च किए गए। इनमें से 9 फंड निफ्टी 50 इंडेक्स को ट्रैक करते हैं, जबकि एक फंड निफ्टी इंडिया कॉर्पोरेट ग्रुप इंडेक्स - टाटा ग्रुप 25% को और एक अन्य निफ्टी मिडकैप 50 इंडेक्स को ट्रैक करता है।

वर्तमान में, भारत के बाहर निफ्टी इंडेक्स को ट्रैक करने वाले 33 पैसिव फंड मौजूद हैं, जिनका कुल⁄ रू (एसेट अंडर मैनेजमेंट) 4.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर है। ये उत्पाद विश्व के प्रमुख एसेट मैनेजर्स द्वारा लॉन्च किए गए हैं।फरवरी 2025 के अंत तक, भारत में इक्विटी एवं डेट दोनों मिलाकर पैसिव फंड्स का कुल⁄ रू 9.8 लाख करोड़ है, जिसमें से 73त्र निफ्टी इंडेक्स को ट्रैक करता है। भारत में विभिन्न निफ्टी इंडेक्स को ट्रैक करने वाले कुल 391 पैसिव फंड्स हैं, जिनका कुल⁄ रू 7.1 लाख करोड़ है।

अनिरुद्ध चटर्जी, प्रबंध निदेशक, एनएसई इंडेसेस लिमिटेड ने कहा- भारत-केंद्रित पैसिव निवेश उत्पादों के लिए वैश्विक एसेट मैनेजर्स के बीच मांग में तेजी से वृद्धि हो रही है। वित्त वर्ष 2024-25 एनएसई इंडेसेस के लिए एक ऐतिहासिक वर्ष रहा है, जिसमें भारत के बाहर निफ्टी इंडेक्स आधारित 11 पैसिव उत्पादों की सफल लॉन्चिंग हुई है। हमें विश्वास है कि यह रुझान जारी रहेगा और चालू वित्त वर्ष में कई भारत-केंद्रित पैसिव उत्पाद वैश्विक स्तर पर पेश किए जाएंगे। हम अपने ग्राहकों के साथ सहयोग करते हुए इन उत्पादों के लिए नवाचारी भारत-केंद्रित इंडेक्स विकसित करने और लॉन्च करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# जियो फाइनेंस देगा शेयर्स और म्यूचुअल फंड के बदले लोन

- जियो फाइनेंस लिमिटेड ने डिजिटल लोन अगेंस्ट सिक्योरिटीज में कदम रखा
- जियो फाइनेंस ऐप से मात्र 10 मिनट में मिलेगा 1 करोड़ रुपये तक लोन
- ब्याज दरें 9.99% से शुरू, कोई फ़ोरक्लोज़र शुल्क नहीं

**जयपुर टाइम्स**

मुंबई, (एजेंसी.)। जियो फाइनेंस लिमिटेड (JFL) ने लोन अगेंस्ट सिक्योरिटीज (LAS) के क्षेत्र में कदम रख दिया है। डीमैट एकाउंट में रखी सिक्योरिटीज जैसे की शेयर और म्यूचुअल फंड को गिरवी रखकर ग्राहक लोन ले सकेंगे और वह भी बिना उन्हें बेचे। कंपनी का दावा है कि यह प्रक्रिया पूरी तरह से डिजिटल, सुरक्षित और OTP-आधारित है। जियो फाइनेंस ऐप के माध्यम से मात्र 10 मिनट में एक करोड़ रु तक का लोन लिया जा सकेगा। बताते चलें कि जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड की NBFC (नॉन बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी) शाखा है जियो फाइनेंस लिमिटेड (JFL)। कंपनी इसे डिजिटल-फ़र्स्ट वित्तीय सेवा के लिए वन-स्टॉप डेस्टिनेशन बता रही है। इसे ग्राहकों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। जिसमें लोन अगेंस्ट शेयर्स और लोन अगेंस्ट म्यूचुअल फ़ंड्स जैसी सेवाएं शामिल हैं। लोन के लिए ब्याज दरें ग्राहक के पर्सनल रिस्क प्रोफाइल के अनुरूप होंगी। कंपनी ने इन्हें काफी कम रखने की कोशिश की है, ब्याज दरें 9.99त्र से शुरू होंगी। ये लोन अधिकतम तीन साल तक की अवधि के लिए होंगे और इनमें कोई फ़ोरक्लोज़र शुल्क नहीं लगेगा। जियो फाइनेंस लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ कुसल रॉय ने कहा, लोन अगेंस्ट सिक्योरिटीज़ का लॉन्च हमारी व्यापक डिजिटल रणनीति का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य ग्राहकों के वित्तीय सेवाओं तक पहुँच के तरीके को बदलना है। यह लॉन्च वित्तीय सेवाओं को अधिक सुलभ, तेज और ग्राहक-केंद्रित बनाने के हमारे मिशन में एक महत्वपूर्ण कदम है।जियो फाइनेंस ऐप के माध्यम से लोन अगेंस्ट सिक्योरिटीज के साथ होम लोन, लोन अगेंस्ट प्रोपर्टी और कॉर्पोरेट फाइनेंसिंग भी की जा सकती है। इसके अलावा जियो फाइनेंस ऐप वित्तीय सेवाओं की एक व्यापक श्रृंखला प्रदान करता है, जैसेकि यूपीआई पेमेंट, मनी ट्रांस्फर, बचत खाते, डिजिटल सोना, बीमा और निवेश पोर्टफोलियो ट्रैकिंग आदि।

# जियो फाइनेंस लिमिटेड ने शुरू की डिजिटल लोन अगेंस्ट सिक्योरिटीज की सुविधा

## ग्राहक जियो फाइनेंस ऐप के जरिए सिर्फ 10 मिनट में 1 करोड़ रुपये तक का लोन हासिल कर सकते हैं

**जयपुर टाइम्स**

मुंबई, (एजेंसी.)। जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड की एनबीएफसी आर्म, जियो फाइनेंस लिमिटेड (जेएफएल) ने अपने ग्राहकों के लिए डिजिटल लोन अगेंस्ट सिक्योरिटीज की पेशकश की है। जेएफएल की ओर से पेश डिजिटल लोन अगेंस्ट सिक्योरिटीज एक सिक्योर्ड लेंडिंग प्रोडक्ट है, जो ग्राहकों को शेयर या म्यूचुअल फंड में किए गए अपने निवेश से लाभ उठाने की सुविधा देता है। ग्राहक अपने निवेश पर किफायती ब्याज दरों पर लोन हासिल कर सकते हैं, और यह सब पूरी तरह से डिजिटल प्रक्रिया के माध्यम से सिर्फ 10 मिनट के भीतर होता है। डिजिटल लोन अगेंस्ट सिक्योरिटीज की सुविधा जियो फाइनेंस ऐप के माध्यम से उपलब्ध होगी, जो बिना किसी रुकावट और डिजिटल-फर्स्ट फाइनेंशियल सर्विसेज के लिए वन-स्टॉप डेस्टिनेशन है। लोन अगेंस्ट सिक्योरिटीज को ग्राहकों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसमें शेयर में किए गए निवेश पर लोन और म्यूचुअल फंड में निवेश पर लोन शामिल हैं। इस सुविधा के चलते ग्राहकों को जरूरत पर अपना निवेश नहीं बेचना पड़ेगा और वे जरूरत के लिए आसानी से लोन हासिल कर सकते हैं। ग्राहक 9.99 से शुरू होने वाली ब्याज दरों के साथ 1 करोड़ रुपये तक का लोन ले सकते हैं, जो उनके व्यक्तिगत रिस्क प्रोफाइल के हिसाब से बनाया गया है। ये लोन अधिकतम 3 साल की अवधि के लिए हैं, जिसमें कोई फोरक्लोजर फीस नहीं है। जियो फाइनेंस ऐप पर लोन अगेंस्ट सिक्योरिटीज (LAS) चुनने से, ग्राहकों को शॉर्ट-टर्म के लिए फंड तक सुविधाजनक पहुंच मिलती है, जबकि उनके लॉन्ग-टर्म निवेश की ग्रोथ ट्रैक पर बनी रहती है। जियो फाइनेंस लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ कुसल रॉय ने कहा कि लोन अगेंस्ट सिक्योरिटीज की शुरुआत हमारी व्यापक डिजिटल स्ट्रैटेजी का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य ग्राहकों के वित्तीय सेवाओं तक पहुंचने के तरीके को बदलना है। इनोवेशन और यूजर्स के अनुभव पर जोर देने के साथ, यह लॉन्च वित्तीय सेवाओं को अधिक आसान, कुशल और ग्राहक-केंद्रित बनाने के हमारे मिशन में एक महत्वपूर्ण कदम है।जेएफएल ग्राहकों को डाइवर्स लेंडिंग सॉल्यूशंस के माध्यम से कैपिटल (पूंजी) तक तुरंत और आसानी से पहुंच प्रदान कर कस्टमर-फर्स्ट की रणनीति का लगातार नेतृत्व कर रहा है, जिसमें होम लोन, लोन अगेंस्ट प्रॉपर्टी और कॉर्पोरेट फाइनेंसिंग शामिल हैं। ये सभी सुविधाएं जियो फाइनेंस ऐप के माध्यम से आसानी से उपलब्ध हैं। जियो फाइनेंस ऐप फाइनेंशियल सर्विसेज का एक बड़ा सेट भी प्रदान करता है, जैसे कि यूपीआई पेमेंट, मनी ट्रांसफर, बचत खाता, डिजिटल गोल्ड, इंश्योरेंस और इन्वेस्टमेंट पोर्टफोलियो ट्रैकिंग।


## पूनावाला फिनकॉर्प ने शॉपकीपर लोन व्यवसाय किया लॉन्च

# छोटे खुदरा विक्रेताओं और किराना स्टोर्स को उनकी बदलती व्यापारिक आवश्यकताओं के लिए आसान वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने का मकसद

**जयपुर टाइम्स**

मुंबई, (एजेंसी.)। पूनावाला फिनकॉर्प लिमिटेड (PFL), जो कि साइरस पूनावाला समूह द्वारा प्रवर्तित एक एनबीएफसी है और उपभोक्ता एवं एमएसएमई ऋण पर केंद्रित है, ने आज अपने शॉपकीपर लोन व्यवसाय के शुभारंभ की घोषणा की। पूनावाला फिनकॉर्प का यह समाधान छोटे खुदरा विक्रेताओं और किराना स्टोर्स के सामने आने वाली प्रमुख वित्तीय चुनौतियों जैसे नकदी प्रवाह, स्टॉक प्रबंधन और ग्राहक प्रबंधन को दूर करने का प्रयास करता है, साथ ही उनके संचालन को अधिक कुशल बनाता है।

स्व-नियोजित वर्ग के लिए पसंदीदा वित्त प्रदाता बनने के अपने विजन को आगे बढ़ाते हुए, पूनावाला फिनकॉर्प का उद्देश्य अपनी अनुकूलित वित्तीय सेवाओं के माध्यम से छोटे व्यापारों की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना है।





शॉपकीपर लोन व्यवसाय के लॉन्च के अवसर पर पूनावाला फिनकॉर्प के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ श्री अरविंद कपिल ने कहा- ÷भारत के छोटे खुदरा विक्रेता हमारे उपभोक्ता बाजार की रीढ़ हैं, लेकिन समय पर क्रेडिट की कमी उनकी वृद्धि में बाधा बनती है। हमारे शॉपकीपर लोन के माध्यम से हम इस फासले को दूर करने की दिशा में एक निर्णायक कदम उठा रहे हैं – ऐसा वित्तीय समाधान उपलब्ध कराना जो उनके वर्किंग कैपिटल की ज़रूरतों को पूरा करे और उनके व्यापार को लंबे समय तक टिकाऊ बनाए।÷

हम अपने जोखिम-प्रथम और ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण के साथ इन व्यापारों को प्रतिस्पर्धात्मक रिटेल माहौल में फलने-फूलने में सक्षम बनाना चाहते हैं।÷

छोटे खुदरा विक्रेता और किराना स्टोर्स भारत के पारंपरिक घरेलू व्यापार का एक अभिन्न हिस्सा हैं और अर्ध-शहरी तथा छोटे शहरों की स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं में अहम योगदान देते हैं। हालांकि अब तक वे पारिवारिक वित्त पर निर्भर रहते आए हैं। पूनावाला फिनकॉर्प का मानना है कि इन्हें औपचारिक क्रेडिट प्रणाली में लाने का एक बड़ा और आकर्षक अवसर मौजूद है।

कंपनी का लक्ष्य भारत भर के छोटे खुदरा विक्रेताओं और किराना स्टोर्स को विशेष रूप से डिजाइन किए गए वित्तीय समाधान उपलब्ध कराना है। पहले चरण में, पूनावाला फिनकॉर्प ने 44 स्थानों पर संचालन शुरू किया है और ग्राहक-केंद्रित प्रणाली लागू कर रही है। शॉपकीपर लोन व्यवसाय की शुरुआत के साथ, कंपनी अब तक 4 नए व्यवसाय लॉन्च कर चुकी है।

पूनावाला फिनकॉर्प अपने जोखिम-प्रथम संबंधी विजन के माध्यम से लक्षित वित्तीय समाधान प्रदान कर भारत के महत्वपूर्ण खुदरा व्यापार प्रणाली की प्रतिस्पर्धा, स्थिरता और दीर्घकालिक विकास को सशक्त बनाना चाहती है। कंपनी ऋण प्रक्रिया को सरल बनाने, ग्राहकों को संतोषप्रद सेवाएँ देने और उनके अनुभव को बेहतर बनाने पर निरंतर ध्यान केंद्रित कर रही है, जो उसके प्रमुख उद्देश्य बने रहेंगे। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट पर जाएं या पूनावाला फिनकॉर्प ऐप डाउनलोड करें।



# रोडवेज द्वारा डीजल औसत में सुधार कर राजस्व की बचत एवं प्रदूषण में कमी की गई

**जयपुर टाइम्स**

जयपुर (कास.)। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के वाहन बेडे में वर्तमान में अधिकांष वाहन पुराने मॉडल की होने के बावजूद उपलब्ध सीमित संसाधनों का समुचित उपयोग, डीजल औसत की प्रभावी मॉनिटरिंग, टजै द्वारा वाहनों की व्अमतॅै.चममकपदह को राकने हेतु मॉनिटरिंग, बसों की समय पर मरम्मत एवं चालकों को कुषल वाहन संचालन का प्रषिक्षण आदि कदम उठाकर डीजल औसत में बढोत्तरी की गई है ।

माह सितम्बर 2024 में निगम स्तर पर डीजल औसत 5.08 था जिसमें आवष्यक सुधार कर माह अक्टूबर 2024 से मार्च 2025 तक निगम स्तर पर लगभग 9.22 लाख लीटर डीजल की बचत कर डीजल औसत 5.19 अर्जित किया गया है । उक्त अवधि में डीजल औसत सुधार से निगम को लगभग 8.29 करोड रू0 की बचत हुई है । वर्तमान में निगम स्तर पर डीजल औसत 5.23 अर्जित किया जा रहा है । डीजल औसत में बढोत्तरी के साथ-साथ कुषल वाहन संचालन के कारण निगम वाहनों से होने वाले प्रदूषण में कमी आने के साथ ही कार्बन फुटप्रिन्ट में भी कमी आती है ।

## बघेरवाल महिला प्रकोष्ठ का गठन

जयपुर टाइम्स



**बिजौलियां(निसं.)।** केंद्रीय अध्यक्ष निर्मल कुमार ठग और मेवाड़ प्रांतीय अध्यक्ष नरेंद्र कुमार जैन की अनुशंसा पर मेवाड़ प्रांतीय समग्र दिगंबर जैन बघेरवाल सामाजिक संस्था महिला प्रकोष्ठ का गठन किया गया।अध्यक्ष ममता मोहिवाल बोराव ,उपाध्यक्ष, चंद्रकला देवी धनोपिया रावतभाटा, मेघना ठग बघेरवाल भीलवाड़ा, मंत्री अनीशा बागड़िया सिंगोली, कोषाध्यक्ष ज्योति सावला धनगांव, प्रचार मंत्री सुनीता सेठिया बिजौलियां, सांस्कृतिक मंत्री रीना मोहिवाल डाबी, संगठन मंत्री संगीता ठोला सिंगोली को बनाया गया।

## ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण के लिए शिविर का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)।** भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु ई-श्रम पोर्टल की शुरुआत की गई है। सहायक श्रम आयुक्त आसिफ शेख ने बताया कि श्रम विभाग सवाई माधोपुर द्वारा जिले में गिग/प्लेटफॉर्म आधारित (यथा स्वीगी, जोमाटों, फ्लिप कार्ड) श्रमिकों का ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन एवं श्रम विभाग के संयुक्त प्रयास से 9 अप्रैल एवं 15 से 17 अप्रैल तक कार्यालय सहायक श्रम आयुक्त सवाई माधोपुर में ई-श्रम पंजीकरण शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में गिग/प्लेटफॉर्म श्रमिकों का नि:शुल्क पंजीकरण किया जाएगा, जिससे उन्हें सरकार की विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने सभी असंगठित श्रमिकों को सूचित किया है कि वे अपने आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, बैंक पासबुक एवं पेन कार्ड के साथ शिविर में समय पर उपस्थित होकर पंजीकरण कराएं।

## ब्लॉक स्तर पर अटल जन सेवा शिविरों का आयोजन आज

### प्रातः 10 से सांय 4.30 बजे तक परिवेदनाओं की होगी सुनवाई

जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)।** अप्रैल माह के द्वितीय गुरूवार को राजकीय अवकाश होने के कारण अब अटल जन सेवा शिविरों का आयोजन बुधवार, 9 अप्रैल को समस्त पंचायत समिति परिसरों में उपखंड अधिकारी की अध्यक्षता में होगा। जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने बताया कि अप्रैल माह में 10 से 14 अप्रैल तक राजकीय अवकाश होने के कारण आमजन की परिवेदनाओं के स्थानीय स्तर पर त्वरित समाधान के लिए ब्लॉक स्तरीय विभागों के अधिकारियों के साथ बुधवार को प्रातः 10 बजे से सायं 4:30 बजे तक निरन्तर ब्लॉक स्तर पर अटल जन सेवा शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविरों में आमजन अपनी समस्या प्रस्तुत करते हुए उनका मौके पर समाधान प्राप्त कर सकेंगे। असंतुष्ट परिवादियों को संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर से वास्तविक कारणो से अवगत कराते हुए समझाइश करते हुए संतुष्ट करने का प्रयास किया जाएगा। कलक्टर ने जिले के नागरिकों से अधिकाधिक संख्या में शिविरों का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने बताया कि अटल जन सेवा शिविरों का जिला स्तरीय अधिकारीगण चक्रीय रूप से पर्यवेक्षण करेंगे। साथ ही राज्य स्तर से भी वीडियो कांफ्रेसिंग एवं औचक निरीक्षण दलों के माध्यम से समीक्षा की जाएगी। उन्होंने शिविरों में जन प्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिकों की सहभागिता भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

## पंचायत समितियों एवं ग्राम पंचायतों का पुनर्गठन

### प्रारूप प्रकाशित कर 6 मई तक मांगी गई आपत्तियां जिले में एक नवीन पंचायत समिति वजीरपुर, 39 नवीन ग्राम पंचायतें प्रस्तावित

जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)।** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग से प्राप्त निर्देशों एवं निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिले में पंचायत समितियों के पुनर्गठन/नवसृजन तथा पुनर्सीमाकंन के प्रस्ताव 7 अप्रैल, 2025 को जनसाधारण से आपत्तियां आमंत्रित करने हेतु प्रकाशित कर दिये गये है। राजस्थान पंचायती राज अधिनियम की धारा 9,10 एवं 101 के अन्तर्गत जिला कलक्टर शुभम चौधरी की ओर से जारी की गई सूचना के अनुसार जिले में एक नवीन पंचायत समिति वजीरपुर तथा कुल 39 नवीन ग्राम पंचायतें प्रस्तावित की गई है, 97 ग्राम पंचायतों को पुर्नगठित किया गया है तथा 127 ग्राम पंचायतें यथावत प्रकाशित की गई है। जिला कलक्टर ने बताया कि आपत्ति आमंत्रण के लिए तैयार किये गये प्रस्ताव सम्बन्धित उपखण्ड अधिकारी कार्यालय, तहसील कार्यालय, पंचायत समिति कार्यालय एवं ग्राम पंचायत कार्यालयों पर आमजन के अवलोकन के लिए उपलब्ध है। इन प्रस्तावों के सम्बन्ध में कोई भी व्यक्ति अपनी आपत्ति 6 मई, 2025 तक जिला कलक्टर कार्यालय, सम्बन्धित उपखण्ड अधिकारी अथवा तहसीलदार कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है।

# कुमावत समाज का रामनवमी महोत्सव आयोजितः समारोह में उमड़ा जनसैलाब

### समाज के युवाओं ने भावेश का भव्य स्वागत किया- बिछाए पलक पांवड़े

### भावेश की टीम में हजारों युवा जुड़े भाजपा नेताओं से मुलाकात की

### ओबीसी अधिकारों को लेकर उठाई बुलंद आवाज

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निसं.)।** अहमदाबाद,गुजरात में निवासरत कुमावत समाज और ओबीसी समुदाय के लिए एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण क्षण रहा जब यूथ आइकॉन अवॉर्ड विजेता एवं स्विस बैंक के वरिष्ठ अधिकारी भावेश कुमावत ने राम नवमी के पावन अवसर पर अहमदाबाद का दौरा किया। इस अवसर पर अहमदाबाद कुमावत समाज के लोगों द्वारा उन्हें अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। उनका आगमन समाज के लिए प्रेरणा और ऊर्जा का प्रतीक बनकर आया, जिसे पूरे समाज और विशेषकर युवाओं ने खुले दिल से सराहा और उनके स्वागत में पलक पांवड़े बिछा कर बढ़-चढ़कर भाग लिया। कुमार समाज के उभरते सितारे भावेश कुमावत की यह यात्रा कई मायनों में ऐतिहासिक रही। अहमदाबाद में जगह-जगह प्रभु श्री राम जी के विशेष आयोजन किया गया जिसमें कुमावत ने भाग लेकर समाज को संबोधित करते हुए ऊर्जावान बनने के साथ युवाओं में जोश भरा। उन्होंने अहमदाबाद के प्रमुख क्षेत्र - नारोल,ओढव, सोला,घोड़ासर, ईसानपुर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान समाज के लोगों ने भव्य कार्यक्रमों के माध्यम से उनका गर्म जोशी से सम्मान किया। इसके साथ ही उन्होंने गांधीनगर स्थित भारतीय जनता पार्टी के मुख्यालय का भी दौरा किया,जहाँ उन्होंने ओबीसी समुदाय के अधिकारों और उनके सशक्तिकरण के लिए गंभीर मुद्दों को उठाया। बतादे कि भावेश कुमावत की पूरी टीम में समाज के युवा एवं वरिष्ठ पदाधिकारियो ने उनका पूरा समर्थन किया और अहमदाबाद में पूरी कार्यक्रम की व्यवस्थक की। इस मौके पर नारायण टांक,रामलाल रोटंगन,तारेश प्रजापति,जीतू प्रजापति,लक्ष्मण प्रजापति,भावेश प्रजापति,संभु प्रजापति,कैलाश प्रजापति,श्रवण प्रजापति आदि लोगो ने बीजेपी नेताओं और पदाधिकारियों से चर्चा करते हुए ओबीसी वर्ग को शिक्षा,रोजगार और सरकारी योजनाओं में मिल रहे लाभों को और मजबूती से लागू करने की मांग रखी। उन्होंने भाजपा नेताओं से मुलाकात कर समाज के लिए बुलंद आवाज उठाई। ऊर्जावान एवं चमतके सितारे भावेश कुमावत ने समाज के युवाओं को संबोधित करते हुए कहा, "जब युवा ऊर्जा वरिष्ठों के अनुभव के साथ कदम से कदम मिलाकर चलता है, तब समाज विकास की नई ऊँचाइयों को छूता है।" उनका यह विचार समाज के लिए एक नई दिशा का संकेत है जिसमें संगठन,सहयोग और सेवा की भावना प्रमुख है। उन्होंने युवाओं से आगे आने की अपील की। भावेश कुमावत जब से फील्ड में उतरे हैं उनका एक ही मकसद है कि समाज और युवाओं को जगाना और उनको मंच पर लाना। इस यात्रा में कुमावत को जो प्रेम,समर्थन और सम्मान मिला, वह इस बात का प्रमाण है कि समाज उनके कार्यों और विचारों को कितनी गहराई से समझता और अपनाता है। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि वे जीवन के हर क्षण समाज के साथ खड़े रहेंगे - संघर्षों में भी और सफलताओं में भी।

### समाज उत्थान हेतु युवाओं को जागरूक किया

कुमावत जहां जाते हैं वहां युवाओं को आगे लाना तथा समाज को संगठित करना उनका मुख्य उद्देश्य हैं। हर समारोह में युवक-युवतियों को उच्च शिक्षा पर जोर देना है,शिक्षित युवा समाज और देश का विकास कर सकता है।उनका यह संकल्प कि वे कुमावत समाज को शिक्षा, निजी और सरकारी क्षेत्रों में आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे,आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होगा। उन्होंने समाज के लोगों को भरोसा दिलाया कि ओबीसी वर्ग की आवाज़ अब हर स्तर पर प्रभावशाली रूप से गूंजेगी - और इसके लिए वे जीवनभर समर्पित रहेंगे। अहमदाबाद यात्रा, राम नवमी के पावन अवसर पर आमंत्रण, तथा समाज और ओबीसी समुदाय के प्रति उनके समर्पण को दर्शाता है। अहमदाबाद के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित समारोह में बड़ी संख्या में समाज बंधुओ ने भाग लिया।

## पोषण पखवाड़े का हुआ शुभारम्भ

जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)।** पोषण अभियान अन्तर्गत 8 से 22 अप्रैल तक सप्तम पोषण पखवाड़ा के अन्तर्गत मंगलवार को जीवन के पहले 1000 दिनों पर ध्यान केन्द्रीत करने हेतु थीम पर पोषण पखवाडा का शुभारम्भ मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया एवं उप निदेशक समेकित बाल विकास सेवाऐं प्रियंका शर्मा द्वारा जिला कलेक्टेउद्व सवाई माधोपुर में किया गया। पोषण पखवाडा का शुभारम्भ रंगोली प्रदर्शन एवं वॉक के माध्यम से किया गया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा पोषण की महत्ता एवं उचित आहार एवं व्यवहार के संबंध में जगारूकता का संदेश दिया गया। पोषण पखवाड़ा अन्तर्गत जिले के समस्त परियोजना पर समस्त पखवाड़ा थीमो पर विशेष प्रकाश डालते हुए प्रभात फेरी/वॉक तथा नारा लेखन गतिविधियो का आयोजन किया गया। इसके साथ ही जिले के समस्त आंगनबाडी केकन्द्रो पर विशेष सुपोषण दिवस का आयोजन करते हुऐ उचित आहार व व्यवहार के लिए माता-पिता व परिवार में जागरूकता के लिऐ उन्हे ममता कार्ड की नियमित उपयोगिता हेतु जागरूक किया गया तथा उचित आहार हेतु आसपास पैदा किये जाने वाले साग सब्जी पत्ते दार सब्जियां, घी, दही, छाछ, बाजरा, मक्का, जौ, अलग-अलग दाले, नियमित दवाईया बन्द पैकिट वाली चीजो का उपयोग नही करना, जन्म के उपरान्त जल्द से जल्द स्तन पान, छः माह के उपरान्त उपरी आहार तथा बच्चे के साथ अधिक से अधिक बाते करना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान कार्यक्रम में परियोजना की आगंनबाड़ी कार्यकर्ता एवं समस्त महिला पर्यवेक्षक उपस्थित रही है।

## जिले में अवैध खनन की रोकथाम के लिए संयुक्त प्रयास कर अधिकारी करें तत्परता से कार्यवाही - जिला कलक्टर।

**धौलपुर(निसं.)।** जिले में अवैध खनन रोकने के लिए अब खनन विभाग के साथ पुलिस, परिवहन, राजस्व और वन विभाग के अधिकारी संयुक्त टीम बनाकर सख्त कार्रवाई करेंगे। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने जिले में अवैध खनन पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए सभी अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अवैध खनन निर्गमन पर चौकस निगरानी रखकर निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। महत्वपूर्ण निर्गमन स्थानों पर चेक पॉइंट्स स्थापित करें। उन्होंने खान विभाग को गैर-वन क्षेत्र में कार्रवाई करने, वन विभाग को वन क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने और खातेदारी भूमि के अवैध खनन गतिविधियों में उपयोग पाए जाने पर राजस्व विभाग को कड़ी कार्यवाही हेतु निर्देश दिए।

## भविष्य की उड़ान कार्यक्रम से प्रेरित भामाशाहों का राजकीय विद्यालयों के कायाकल्प की दिशा में बड़ा कदम



**सवाई माधोपुर(निसं.)।** जिला कलक्टर शुभम चौधरी की प्रेरणा से जिले में संचालित अभिनव कार्यक्रम भविष्य की उड़ान के अंतर्गत राजकीय विद्यालयों के विकास के लिए जनसहभागिता का अनुपम उदाहरण सामने आया है। ग्राम सांचौली निवासी सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक कैलाशचंद मीणा ने मुख्यमंत्री जनसहभागिता विद्यालय विकास योजना के तहत ज्ञान संकल्प पोर्टल के माध्यम से पाँच लाख रुपये का योगदान दिया है। यह चैक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सांचौली के प्रधानाचार्य लल्लू लाल मीणा द्वारा जिला कलक्टर शुभम चौधरी को सौंपा गया। इस अवसर पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा एवं एडीपीसी समग्र शिक्षा दिनेश कुमार गुप्ता भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम अधिकारी समग्र शिक्षा हेमराज मीणा ने बताया कि रा.उ.मा.वि. सांचौली से प्राप्त 5 लाख रुपये की राशि पर राज्य सरकार द्वारा 60 प्रतिशत अंशदान के रूप में 7 लाख 50 हजार रुपये सहित कुल 12 लाख 50 हजार रुपये की राशि से विद्यालय में कक्षा-कक्ष निर्माण, सौंदर्यकरण तथा आवश्यक मरम्मत कार्य कराए जाएंगे। इसी क्रम में पीईईओ हथडोली मोहन सिंह चंदेल द्वारा जन सहयोग से राउ.प्रा.वि. बांसड़ा नदी की छत मरम्मत हेतु 60 हजार रुपये, रा.प्रा.वि. सहरावता में विद्यार्थियों के लिए फर्नीचर क्रय हेतु 40 हजार रुपये, राउ.प्रा.वि. संवासा नदी में फर्श निर्माण हेतु 21 हजार रुपये का चैक मुख्यमंत्री विद्यालय विकास जनसहभागिता योजना अंतर्गत जिला कलक्टर को सुपुर्द किए। कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जिले में सरकारी विद्यालयों की आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण हेतु शिक्षा विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे

## महावीर जयंती पर कई कार्यक्रमों का आयोजन

**बिजौलियां।** कस्बे में महावीर जयंती पर सकल जैन समाज द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। उसमें सोमवार रात्रि को दिगंबर जैन बड़े मंदिर में तपोदय जैन पाठशाला के बालक द्वारा भगवान महावीर के जीवन चरित्र पर आधारित नाटिकाएं प्रस्तुत की गई। मंगलवार को सकल दिगंबर जैन समाज की महिला मंडल द्वारा भी बड़े मंदिर में नाटिकाएं प्रस्तुत की गई ।9 अप्रैल को प्रातः 8.00 बजे से 9.30 बजे विश्व णमोकार दिवस पर सामूहिक णमोकार मंत्र का पाठ का वाचन सकल जैन समाज द्वारा किया जाएगा ।


### कार्यालय नगर पालिका मण्डल विराटनगर (कोटपूतली - बहरोड़)

Ph. 01422-243929 Email- viratnagar.jaipur@yahoo.com
क्रमांक- न.पा.वि. / 2024-25 / 64 दिनांक- 08/4/25

प्रारूप- 10
(नियम 6 (7)
लोक सूचना

आवेदनकर्ता श्री संतोष कुमार पुत्र रामजीलाल निवासी ढाणी बोडिया मीनो का वार्ड नं. 11 बुजा मार्ग विराटनगर, तहसील विराटनगर (कोटपूतली बहरोड़) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषित प्रयोजन (आवासीय) उपयोग हेतु ऐसी भूमि अपने अभिधृति अधिकारो के निर्वाचन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थात -

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नंबर | क्षेत्र | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| कोटपूतली-बहरोड, विराटनगर | विराटनगर | 2364 | 0.1500 हे | आवासीय |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 1963 के अधिनियम पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिवृति अधिकारों के निर्वापन कर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर किसी कार्यालय दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थन दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त वर्णित समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निस्तारण किया जाएगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर मुहर के अधीन 8/4/25 को जारी की गई है।

प्राधिकृत अधिकारी
नगरपालिका विरादनगर

### Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd.,JAIPUR.

No. NIT / 2025-26/ 1005 -14 Date- 08.04.2025

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 014/2025-26

निम्नलिखित कार्य के लिये योग्य एवं अनुभवी आर्किटेक्टचरल कन्सलटेन्ट / आर्किटेक्टचरल कन्सलटेन्टसी फर्मो से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू0 ) |
|---|---|
| Architectural Consultancy for the work of "Construction of Trauma Centre & MCH Wing at Bharatpur". Complete as per Requirement, Guideline, Scope of work. UBN: RRC2526SLOB00029 | 50.00 Lakh |

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईट http:// eproc. rajasthan.gov.in,http:// sppp.rajasthan.nic.in तथा http:// pwd.rajasthan.gov.in/rsrdc पर देखा जा सकता है । इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

महाप्रबंधक

### कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजलदेसर जिला चूरू (राज.)

Email-raj.churu.bika@gmail.com Phone number 01567-294504
क्रमांक- न.पा.रा./2025-26/122 दिनांकः- 7.4.2025

आपत्ति विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि को गैर कृषि प्रयोजन उपयोग के लिए उपयोग की अनुज्ञा और आवंटन) नियम 2012 के तहत कृषि भूमि रूपान्तरण उपरान्त कृषि भूमि के पट्टे के तहत आवासीय प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगरपालिका के पक्ष में अभ्यार्पित के तहत स्वामित्व पट्टे आवंटन हेतु पत्रावलिया प्राप्त हुई है। उक्त वर्णित पत्रावलियों के पट्टे आवंटन के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय दस्तावेजो के अन्दर मियाद 7 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद गुजर मियाद प्रस्ततु आपत्तियो पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

| क्र.सं. | नाम आवेदनकर्ता | पता | क्षेत्रफल | खसरा सं. | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री पन्ना लाल पुत्र श्री कोडू राम जाति माली | वार्ड नं. 01 राजलदेसर | 129.36 वर्ग मीटर | 457 | कृषि से आवासीय |
| 02 | श्रीमती सुमन देवी पत्नी श्री दीपचन्द जाति माली | वार्ड नं. 01 राजलदेसर | 217.91 वर्ग मीटर | 457 | कृषि से आवासीय |
| 03 | श्री रामजी लाल पुत्र श्री लाल चंद जाति माली | वार्ड नं. 01 राजलदेसर | 173.04 वर्ग मीटर | 457 | कृषि से आवासीय |
| 04 | श्री भंवर कंवर पत्नी श्री मान सिंह जाति राजपूत | वार्ड नं. 33 राजलदेसर | 116.17 वर्ग मीटर | 423 | कृषि से आवासीय |
| 05 | श्री सुरेश कुमार, राकेश मोची एवं दीपक पुत्रगण श्री कालूराम जाति मोची | वार्ड नं. 05 राजलदेसर | 304.21 वर्ग मीटर | 940/1699 | कृषि से आवासीय |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका राजलदेसर

### कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजलदेसर जिला चूरू (राज.)

Email-raj.churu.bika@gmail.com Phone number 01567-294504
क्रमांक- न.पा.रा./2025-26/118 दिनांक- 07/04/25

आपत्ति विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि को गैर कृषि प्रयोजन उपयोग के लिए उपयोग की अनुज्ञा और आवंटन) नियम 2012 के तहत कृषि भूमि रूपान्तरण उपरान्त कृषि भूमि के पट्टे के तहत स्वामित्व पट्टे आवंटन व नीचे वर्णित भूमि मे अपने अधिकार राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 69-क के तहत आवासीय प्रयोजन हेतु पत्रावलिया प्राप्त हुई है। उक्त वर्णित पत्रावलियों के पट्टे आवंटन के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय दस्तावेजो के अन्दर मियाद 7 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद गुजर मियाद प्रस्ततु आपत्तियो पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र.सं. | नाम आवेदनकर्ता | पता | क्षेत्रफल | खसरा सं. | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | श्रीमती कान्ता पत्नी श्री मघाराम जाट | वार्ड नं. 15 राजलदेसर | 615.82 वर्ग मीटर | 1334 | कृषि भूमि |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका राजलदेसर

### कार्यालय ग्राम पंचायत कोरसीना समिति सांभरलेक जिला जयपुर राज

क्रमांक- ग्रा.पं. कोरसीना/ निविदा/लेखा/ 2025-26/154 दिनांक- 4.4.2025

ई.निविदा सूचना संख्या 01/2025-26

पंचायत समिति साम्भरलेक के अधीनस्थ ग्राम पंचायत कोरसीना के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना एवं पंचायतीराज की अन्य समस्त योजनाओं में कराये जाने वाले कार्यों के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए निर्माण सामग्री एंव उपकरणो की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एंव राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसार राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियमों के तहत वाणिज्यिक कर विभाग में पंजीकृत ऐसे विनिर्माताओ, विक्रेताओ, आपूर्तिकर्ताओं जो किसी भी राजकीय संस्थान / उपक्रमो से बोली लगाने से विवर्जित / ब्लेक लिस्टेड नही है, से ई-टेन्डरिंग की प्रक्रिया द्वारा निविदाऐ आंमत्रित की जाती है। ई-निविदा में जमा कराये जाने योग्य शुल्को की राशि व जमा करवाने का माध्यम एवं अन्य शर्ते एंव निविदा में सम्पादित करवाये जाने वाले कार्यों की राशि एंव अन्य विस्तृत विवरण पंचायत समिति / ग्राम पंचायत कार्यालय पोर्टल समय में उपापन एवं (www.sppp.rajasthan.gov.in) एवं (www.eproc.rajasthan.gov.in) पर अवलोकन की जा सकती है।

UBIN No. - ZJP2526GLOB00032
TENDER ID - 2025_PRD_456762_1

सरपंच
ग्राम पंचायत कोरसीना

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत कोरसीना

### कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजगढ (चूरू) राज.

Office Tel. No. 01559-222039, E-mail- eonp.sdlp@yahoo.in
क्रमांक :—न.पा.रा./2025-26/14629332 दिनांक :— 05.04.2025

संशोधन वार्षिक निविदा सूचना
CORRIGENDUM

सर्वसाधारण / निविदादाताओं को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा जारी वार्षिक निविदा सूचना 4770—71 दिनांक 26.03.2025 को प्रकाशित निविदा हेतु निविदा प्रपत्र दिनांक 07.04.2025 से दिनांक 08.04.2025 अपराह्न 3:00 बजे तक विक्रय किये जाने थे व दिनांक 09.04.2025 को 11:00 बजे से सायं 2:00 बजे तक प्राप्त किये जाने थे उक्त निविदा को अपरिहार्य कारणों से निविदा तिथियों में संशोधन किया जाता है। अब उक्त निविदा प्रपत्र दिनांक 22.04.2025 से दिनांक 23.04.2025 अपराह्न 3:00 बजे तक विक्रय किये जावेगे व दिनांक 24.04.2025 को 11:00 बजे से सायं 2:00 बजे तक प्राप्त किये जावेगे। तथा उक्त निविदा आगामी कार्यदिवस में सक्षम अधिकारी की उपस्थिति में खोली जावेगी। शेष शर्ते यथावत रहेगी।

राज.संवाद / सी / 25 / 464 अधिशाषी अधिकारी

### कार्यालय नगरपालिका मण्डल मनोहरपुर, जिला –जयपुर (राज)

क्रमांक : — न.पा.मनो. / 2025—26 / 123 दिनांक— 07.04.2025

ई–निविदा सूचना –न.पा.मनो./2025–26/53

नगरपालिका मनोहरपुर की ओर से निमंलिखित कार्य के लिए सील बंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है निविदा website www.sppp.raj.in से download कर देखी /प्राप्त की जा सकती है RTPP एक्ट की नियम और शर्त लागु होंगी जिसके NIB Code व UBN No. इस प्रकार है

| S.NO | NIB CODE | UBN NO. |
|---|---|---|
| 1. | DLB2526A0170 | DLB2526SSOB00668 |
| 2 | DLB2526A0170 | DLB2526SSOB00671 |
| 3 | DLB2526A0170 | DLB2526SSOB00673 |
| 4 | DLB2526A0170 | DLB2526SSOB00677 |
| 5 | DLB2526A0170 | DLB2526SSOB00683 |
| 6 | DLB2526A0170 | DLB2526SSOB00693 |

राज.संवाद / सी / 25 / 457 अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका मनोहरपुर

### कार्यालय नगरपालिका तारानगर (चूरू) राज.

Office Telephone No. 01561-240245 , E-mail- eotrn2009@gmail.com
क्रमांक : / न.पा.ता. / 2024 / 50—53 दिनांक :—03.04.2025

ई–निविदा सूचना 01/2025–26

सर्व साधारण एवं पंजीकृत ठेकेदारो / फर्मो की जानकारी हेतु प्रसारित किया जाता है कि तारानगर नगरपालिका क्षेत्र में नगरपालिका तारानगर द्वारा स्वीकृत कार्य ऑनलाईन निविदाऐ आंमत्रित की जाती है। नगरपालिका तारानगर द्वारा नगरपालिका, राज्य व केन्द्र सरकार के सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो को कार्य हेतु पंजीकृत संवेदको से टेण्डर के माध्यम से दिंनाक 05.04.2025 से दिंनाक 17.04.2025 को निविदा ऑनलाईन आमंत्रित की जायेगी। जिसकी निविदा से सम्बन्धित अन्य विवरण व शर्ते वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in & https://sppp.rajasthan.gov.in/ पर देखी जा सकती है।
NIB CODE - DLB2526A0225
UBN NO. - DLB2526WSOB00899

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका तारानगर

राज.संवाद / सी / 25 / 454

### राजस्थान सरकार
### कार्यालय प्रमुख चिकित्सा अधिकारी एवं सदस्य सचिव, मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी राजकीय जयपुरिया चिकित्सालय, जयपुर

क्रमांक - Act/Xray film/2025/790 दिनांक- 7-4-2025

Notice Invitid Bid (2025)

Open Bids for Supply of Cassette with imaging plate (IP/Screen) Fuji Film The Department Of Radiology at Govt. R.D.B.P. Jaipuria Hospital, Jaipur are invited from interested bidders up to. 5.00 Date 15.4.25 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state.
UBN MHS2526 GSOB 00094
Est Cost 3.50 lacs

PMO & MS

DIPR/C/4930/2025

### कार्यालय ग्राम पंचायत भैंसलाना,
### पंचायत समिति पावटा (जयपुर)

क्रमांक- ग्रा.पं.भैं./निविदा/2024-25/03 दिनांक- 4.4.2025

ई-निविदा सूचना 2024-25

सर्वसाधारण एवं पंजीकृत संवेदकों को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति पावटा के अधिनस्थ ग्राम पंचायत भैंसलाना में नियम 181 के तहत पंजीकृत सक्षम श्रेणी ए,बी एवं सी तथा डी व ई श्रेणी के संवेदकों से खुली निविदा के माध्यम से (डिफेक्ट लाइबिलिटि पिरीयड वर्ष) कार्य के लिए आमंत्रित की जाती है। निविदा शर्ते एवं जी-शिड्यूल एवं अन्य सूचनाओं विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in/ www.eproc. rajasthan. gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN- ZJP2526WSOB00038
ZJP2526WSOB00037

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत भैंसलाना

प्रशासक
ग्राम पंचायत भैंसलाना

# विद्यार्थियों को अब मिलेगा होलिस्टिक रिपोर्ट कार्ड

## शैक्षिक, व्यक्तिगत, सामाजिक और भावनात्मक क्षमताओं का होगा आकलन

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** प्राथमिक स्कूलों में शिक्षा प्रणाली में एक महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। अब कक्षा एक और दो के विद्यार्थियों को केवल पारंपरिक रिपोर्ट कार्ड नहीं, बल्कि एक होलिस्टिक प्रगति-पत्र प्रदान किया जाएगा। यह समग्र कार्ड विद्यार्थियों की 360 डिग्री प्रगति का मूल्यांकन करेगा, जिसमें उनकी शैक्षिक, व्यक्तिगत, सामाजिक और भावनात्मक क्षमताओं का समेकित आकलन किया जाएगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत तैयार किए गए इस प्रगति-पत्र का मुख्य उद्देश्य प्रारंभिक स्तर पर विद्यार्थियों की मजबूत बुनियाद तैयार करना है। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद की ओर से हाल ही में जारी आदेश के अनुसार, इस कार्ड में विद्यार्थियों की संपूर्ण शैक्षणिक यात्रा, उनकी गतिविधियों, सहभागिता, व्यवहार, भाषा, संख्याज्ञान व अन्य क्षमताओं की जानकारी समाहित की जाएगी। यह प्रगति-पत्र शाला दर्पण पोर्टल पर ऑनलाइन प्रविष्टि के बाद प्रिंट कर विद्यार्थियों को दिया जाएगा।




### अंकों की जगह दी जाएगी ग्रेड

इस विशेष प्रगति-पत्र की एक अहम खासियत यह है कि इसमें अंकों की जगह ग्रेड दी जाएगी। इसमें ए ग्रेड उन विद्यार्थियों को मिलेगा जो स्वयंस्फूर्त रूप से दक्षता प्राप्त कर रहे हैं। बी ग्रेड उन्हें दिया जाएगा जो शिक्षक की सहायता से कार्य कर पा रहे हैं, जबकि सी ग्रेड उन विद्यार्थियों के लिए होगा जिन्हें विशेष सहायता की आवश्यकता है। इस नवाचार का उद्देश्य विद्यार्थियों का सतत, समग्र व व्यापक मूल्यांकन करना है, ताकि उनकी शैक्षिक प्रगति का लगातार अवलोकन संभव हो सके। साथ ही, इसमें पारिवारिक शिक्षा और औपचारिक शिक्षा के समन्वय पर भी जोर दिया गया है। खेल विधि के माध्यम से पठन, लेखन, भाषा और गणित की समझ को आंकने पर भी ध्यान दिया जाएगा, जिससे बच्चों में स्वाभाविक अधिगम को बढ़ावा मिल सके। यह प्रगति-पत्र शिक्षा की दिशा में एक सकारात्मक पहल है, जो बच्चों की नींव को मजबूत बनाते हुए उन्हें समग्र रूप से विकसित करने की दिशा में अहम भूमिका रहेगी।

## किसान संघ की मासिक बैठक आयोजित




जयपुर टाइम्स

**उदयपुरवाटी(निस)।** कस्बे के बस स्टैंड स्थित अग्रसेन धर्मशाला में भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक हुई। बैठक में राष्ट्रीय अधिवेशन में हुई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। आगामी संभागीय बैठक में भाग लेने के लिए प्रस्ताव लिया। इस दौरान प्रभारी समंदर सैनी, तहसील अध्यक्ष अशोक बोहरा, मोहन सैनी, शिशुपाल सैनी इंद्रपुरा, नानूराम सैनी, ओनाड सैनी, देवेंद्र सिंह, धन्नाराम सैनी आदि मौजूद रहे।

## रानी सती दादी का मंगल पाठ

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** नगर पालिका के पीछे पूर्व पार्षद मधु - संजय जोशी की ओर जोशी भवन में रानी सती दादी के मंगल पाठ का आयोजन किया गया। श्री राणी सती मन्दिर के पुजारी योगेश शर्मा ने आरम्भ में विशेष पूजा अर्चना की और रानी सती दादी का मंगल पाठ करने के साथ दादी की संपूर्ण जीवनी का प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम उपस्थित 100 से अधिक महिलाओं ने संयुक्त रूप से रानी सती दादी का मंगल पाठ करने के साथ चुनरी उत्सव, दादी का श्रृंगार उत्सव धूमधाम से मनाया गया। भक्तों ने दादी को छप्पन भोग, बुंदिया, खीर पड़ा, फल और सवामनी का भोग अर्पित किया। पंडित योगेश शर्मा ने रानी सती दादी की पूजा अर्चना करने के साथ-साथ मंगल आरती की गई, मंगल आरती के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद बांटा गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में धर्म प्रेमी पींकी झुंझुनूंवाला, रश्मि देवड़ा, ललिता देवड़ा, उषा , मधु, सुनीता, सुनीता, सुमन, रींकू, मन्जू और सरोज,उर्मिला संतोष रितु नेहा, छवि, स्नेहा , स्मृति और महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रही।



## दिवांशी बनी मिस फेयरवेल




जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** राजकीय कन्या महाविद्यालय, हेतमसर में मंगलवार को तृतीय वर्ष में अध्यनरत छात्राओं के लिए जूनियर छात्राओं की ओर से विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विदाई कार्यक्रम में तृतीय वर्ष में छात्रा दिवांशी को मिस फेयरवेल चुना गया। द्वितीय रनरअप सोनिया चेजारा व प्रथम रनर अप सलोनी जांगिड़रही। तीन वर्ष तक महाविद्यालय में लगातार उत्कृष्ट सह शैक्षणिक गतिविधियों में भागीदारी निभाने वाली सभी छात्राओं को महाविद्यालय ने मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। प्राचार्य डॉ. सुनीता बेनीवाल ने सभी छात्राओं से महाविद्यालय परिवार से लगातार जुड़े रहने का आह्वान किया।

## ज्योतिबा फुले व अम्बेडकर जयंती रैली को लेकर चर्चा

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** ग्राम चूड़ी चतरपुरा (मंडावा) में 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. बाबा साहब भीमराव अंबेडकर साहेब की जयंती व महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती को लेकर डॉ अम्बेडकर सामुदायिक भवन चूड़ी चतरपुरा में एक बैठक का आयोजन किया गया। अजय वर्मा नुआ, भीम आर्मी तहसील अध्यक्ष मंडावा ने बताया कि नगर पालिका चौक मंडावा से लेकर अंबेडकर भवन तक डी.जे. से विशाल रैली निकाली जाएगी और अम्बेडकर भवन में जयंती मनाई जाएगी जिसमें सभी लोगों को निमंत्रण दिया गया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग रैली में हिस्सा लेकर रैली को सफल बनाएं। इस मौके पर ओमप्रकाश भूकल कुहारु व सज्जन लाल चूड़ी पूर्व जिलाध्यक्ष ने सभी का माल्यार्पण पहनाकर स्वागत किया। सभी लोगों ने निर्णय लिया कि 14 अप्रैल से पहले हर गांव में बैठक करके रैली को ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग पहुंचकर सफल बनाने के लिए जागरूक करेंगे। इस मौके पर बहादुरवास सरपंच ब्रिजेश सेवदा, टोडरवास सरपंच मुकेश झाझडिया, तेतरा सरपंच मनोज घोटर, हनुमानपुरा सरपंच प्रतिनिधि विकास सेवदा, अशोक नुआ भीम आर्मी अध्यक्ष नुआ, अशोक मंडावा, विजय कुमार, रामकरणसिंह पटवारी, राजेन्द्र आर्य, नथमल चोपड़ा, सचिन कुहारु, लंकेश, आशीष, सरजीत, दीपक, रोहित, गोपी, अमरचंद, कमलेश, हरलालसिंह, नरेन्द्र चूड़ी, विकास गोदूबास, जितेन्द्र, सुरेंद्र आदि मौजूद रहे।



# पक्षी चुग्गाघर का किया लोकार्पण

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निस)।** उत्तरासर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सूर्या जल मंदिर व देवस्थान मंदिर के प्रांगण में पक्षी चुग्गाघर का लोकार्पण समारोह किया गया। लोकार्पण ठा. सा. जवानसिंह की स्मृति में उनके सुपुत्र (पूर्व पं. स. सदस्य) भामाशाह गणेशसिंह शेखावत मुख्य अतिथि (विधायक, झुंझुनू) राजेन्द्र सिंह भाम्बू की ओर से मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विशम्बर पूनियां (वरिष्ठ भाजपा नेता), अति विशिष्ट अतिथि महेन्द्र जाखड़ (मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, सतीश खीचड़ (पूर्व सरपंच, ग्रा. पंचायत, बाकरा), गोविन्द सिंह राठौड़ (चेयरमैन नगरपालिका, बगड़) कृष्ण गावड़िया (चेयरमैन, बालाजी ग्रुप, झुंझुनूं) रविंद्र सिंह तोलियासर (युवा मोर्चा भाजपा अनुपम जाखड़ कुलोद मण्डल अध्यक्ष, भाजपा) लखन गिरी महाराज बूटी नाथ आश्रम दोरा दास कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम में सुरेश कुमार आर्य ने देश भक्ति रागनियां प्रस्तुत की। स्कूल प्राचार्य सभी अतिथियों का अभिवादन किया। कार्यक्रम में सुरेश गुर्जर, सूबेदार सवाई सिंह शेखावत, अर्जुन सिंह शेखावत, रामसिंह गुर्जर, करणी राम महला, सुमेर महला, रमेश कुमार सर्वा, बजरंग लाल मीणा गिरधारी चावडा, प्रभाती लाल मीणा, गोपाल मीणा, राजेश मीणा, राधेश्याम पारीक, नरेश भूरिया, सांवरमल सैनी, सुरेंद्र सिंह दोरादास, नथूराम ख्यालीया, विद्याधर शर्मा, केसर देव शर्मा, बाकरा से सुभाष रेपसवाल, करणी राम खिचड़, महेंद्र सिंह शेखावत, योगेंद्र सिंह शेखावत, उमेद सिंह शेखावत, विक्रम सिंह शेखावत, सिरसिया से कल्याण सिंह शेखावत,रघुवीर सिंह शेखावत, भंवर सिंह शेखावत, भोलाराम बोयल सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।



## सीवरेज जल मल सोधन संयत्र से उपचारित जल की प्रक्रिया के बारे में किसानों को समझाया



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** आरयूआईडीपी के चतुर्थ चरण में संचालित सीवरेज परियोजना के अंतर्गत सीवरेज सोधन संयत्र गोशाला पर स्थित एसटीपी पर किसानों की मंगलवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में एक्सईएन आरडी गर्ग ने बैठक में उपस्थित किसानों के प्रश्नों के उत्तर देते हुए शंकाओं का समाधान किया। सीवरेज जल मल सोधन संयत्र से उपचारित जल की प्रक्रिया के बारे में किसानों को समझाया गया। किसानों को बताया गया कि उपचारित जल फसलों के लिए लाभदायक है। किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने की प्रक्रिया की भी जानकारी दी गई। बैठक के पश्चात किसानों को एसटीपी का भ्रमण करवाकर किसानों को लैब व सोधन संयत्र के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर एसीएम पीके झा, प्रवीण राठौड़, एलएंडटी कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर बृजेश चतुर्वेदी, छोटू सैनी, मनीषा प्रजापत सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# छात्राएं कड़ी मेहनत व अनुशासन से करें लक्ष्य प्राप्तः झाबर सिंह खर्रा

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** श्रीकृष्ण सत्संग बालिका महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह मंगलवार को हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि नगरीय विकास व स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि छात्राओं को अनुशासन व कड़ी मेहनत से अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए। सुशिक्षित व संस्कारित नारी शक्ति का मानवता की रक्षा करने में उत्कृष्ट योगदान रहा है। कार्यक्रम अध्यक्ष सह प्रान्त प्रचारक, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ विशाल ने कहा कि सकारात्मक सोच से हम समाज में उचित बदलाव ला सकते है। युवा पीढ़ी संस्कारों व आदर्शों को जीवन में अपनाकर उज्जवल भविष्य का निर्माण कर सकती है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कुमार लखोटिया संयोजक प्रवासी प्रकोष्ठ ने कहा कि मातृशक्ति परिवार व समाज को माननीव मूल्यों से संस्कारित कर उत्कृष्ट राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाती है। उपाध्यक्ष हेमंत बियानी ने अतिथियों का परिचय प्रस्तुत कर छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। सचिव डी.पी. अग्रवाल ने आगन्तुक अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि युवा शक्ति को सेवा व समर्पण भाव से राष्ट्र विकास में तत्पर रहना चाहिए। प्राचार्य डॉ. रामकृष्ण शर्मा ने महाविद्यालय का वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सदस्य पंकज बियानी ने उपस्थित महानुभावों व सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने नृत्य व गायन की आकृष्ण प्रस्तुतियां दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बालिकाओं ने घूमर रमबा म्है ज्यासा, राधा एण्ड ग्रुप की छात्राओं ने 'योद्धा बन गई मैं' की तथा साक्षी एवं आईशा ने युगल नृत्य, विष्णु उपासना की प्रस्तुति दी। समारोह में वर्षभर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्रा प्रतीक्षा सोनी, स्वाती पारीक, बबीता मीणा, अंजली शेखावत, साक्षी चौधरी, पल्लवी माथुर, निकिता जांगिड़, संजु कुमारी सहित अन्य छात्राओं को अतिथियों ने पुरस्कृत किया। श्री कृष्ण सत्संग बालिका महाविद्यालय प्राचार्य रामकृष्ण शर्मा ने विद्यालय का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि 48 वर्ष पूर्व महाविद्यालय की स्थापना 1977 में हुई थी। वर्तमान में कॉलेज में 800 छात्राएं अध्ययनरत है और महाविद्यालय में कला, वाणिज्य, विज्ञान, स्नात्तकोत्तर तक की अध्ययन की व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि कॉलेज में शैक्षणिक गतिविधियां खेलकूद, सेमीनार व्याख्यान वर्ष पर्यन्त चलते रहते है। महाविद्यालय में भारतीय संस्कृति, महापुरूषों की जीवनियों की जानकारी छात्राओं को दी जाती है। इससे पूर्व आगन्तुक अतिथियों का माला, साफा और शॉल ओढाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद सीकर स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, पूर्व विधायक रतन लाल जलधारी, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ कमल सिखवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़, महेश होलानी, अशोक चौधरी, छगन लाल शास्त्री, जगदीश कुमावत, कोषाध्यक्ष गोपाल सोमानी, पवन मोदी, दिनेश बियानी, पन्नालाल सारड़ा, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, जगदीश अगवाल, भवानी शंकर अग्रवाल, वंदना बियाणी, डॉ हरिकिशन सोमानी, अंकित काबरा, डॉ बी.एल. रणवां, जगदीश कुमावत, डॉ रामप्रसाद भड़िया, जगदीश प्रसाद चौकडीका, राजेंद्र खंडेलवाल, ललित झाझुका, शंकर भारती, गिरीश सोमानी, सत्य सोमानी, दिनेश काबरा, मनीष काबरा, गोविन्द सेनी, राजेन्द्र गुप्ता, छगन लाल शास्त्री, हिमानी बियानी, स्वाति बियानी, गिरधारी पंसारी व नागरिक उपस्थित रहें।



## पोषण पखवाड़े का शुभारम्भ




जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** महिला व बाल विकास विभाग की ओर से पोषण पखवाड़े का शुभारंभ किया गया। बाल विकास विभाग महिला पर्यवेक्षक गोमती कुमारी ने इसका शुभारंभ किया। इस अवसर पर आयुर्वेदिक हॉस्पिटल की डॉ. सरोज ने महिलाओं को स्वप्राशन के बारे में बताया और एनीमिया की जानकारी दी। इस कार्यक्रम में कार्यकर्ता सुशीला, मनभरी, भंवरी, सहायिका सुनिता, शान्ति, संतोष, सुमन, पुष्पा, संगीता, आशा, कविता, बबली कुमावत, कुमोद, कृष्णा, निशा, नर्मदा और मुन्नी आदि उपस्थित रही। यह कार्यक्रम महिलाओं को पोषण और एनीमिया के बारे में जागरूक करने के लिए आयोजित किया गया।

## वार्ड परिसीमन को लेकर शहर ब्लॉक अध्यक्ष खोखर ने ली पार्षदों की बैठक



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** रतननगर में चूरू शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर की अध्यक्षता में रतननगर पार्षदों के साथ रतननगर नगर पालिका के वार्ड परिसीमन को लेकर मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। अध्यक्ष असलम खोखर की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कई अहम मुद्दो पर चर्चा की गई। चूरू शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर ने कहा कि अगर प्रशासन ने सरकारी गाइडलाइन और नियमों के अनुसार परिसीमन किया है, तो कोई आपत्ति नहीं है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक पार्षद व प्रत्याशी अपने-अपने वार्ड के लोगों से जानकारी लेंगे। यदि नियमों के विरुद्ध परिसीमन किया गया है तो वे इसका विरोध करेंगे और आपत्ति दर्ज कराई जायेगी। इस दौरान सुरेन्द्र धन्ड, शरीफ गौरी, पूनम जांगिड़, सुरेश गहलोत, पूर्णाराम, जगनाराम, मकसूद खां, रमजान कुरैशी आदि मौजूद रहे।

# सीकर जिला परिषद की साधारण सभा में सड़क योजना और नरेगा कार्यों सहित कई प्रस्तावों का अनुमोदन

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** जिला परिषद सभागार में मंगलवार को जिला प्रमुख गायत्री कंवर की अध्यक्षता में साधारण सभा की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले की सभी पंचायत समितियों के लिए महात्मा गांधी नरेगा योजना की वार्षिक कार्य योजना 2025-26 के 1437.65 करोड रुपए के 31 हजार कार्यों , महात्मा गांधी नरेगा योजना की पूरक वार्षिक कार्य योजना 2024-25 के 10 करोड़ 90 लाख के 360 कार्यों, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना- 4 के लिए डीआरआरपी कैंडीडेट रोड व सीएनसीपीएल के तहत सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से नेछवा की दो, श्रीमाधोपुर की तीन व नीमकाथाना, दांतारामगढ़ और लक्ष्मणगढ़ की एक-एक कर कुल 8 लिंक रूट सड़कों सहित अन्य प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। बैठक में सड़क, बिजली, पेयजल, शिक्षा और कृषि जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन मंथन हुआ, जिस पर जिले के विकास को नई दिशा देने का संकल्प दोहराया। जिला प्रमुख गायत्री कंवर ने बैठक में कहा कि विभागीय अधिकारी सदस्यों की ओर से उठाए गए मुद्दों का त्वरित निस्तारण करें और अगली बैठक में पूरी जानकारी व पालना रिपोर्ट के साथ उपस्थित हों। उन्होंने कहा कि सदस्यों को उनकी ओर से मांगी गई जानकारी समय पर मिलनी चाहिए, ताकि जनता के हित में तेजी से काम हो सके। बैठक में जिले के सभी पीएचसी, सीएचसी और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने, खाद्य पदार्थों में मिलावट के खिलाफ सख्त कार्रवाई, सीकर शहर की अधूरी सड़कों को पूरा करने और सड़क किनारे लगे बिना अनुमति के अवैध होर्डिंग्स को हटाने जैसे मुद्दों पर गंभीर चर्चा हुई। प्याज भंडारण की व्यवस्था को लेकर भी ठोस कदम उठाने पर सहमति बनी।

## मेडिकल कॉलेज में एस्ट्रोन के समापन पर विजेताओं को किया सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेडिकल कॉलेज में चल रहे वार्षिक उत्सव एस्ट्रोन कार्यक्रम का समापन सोमवार देर रात हुआ। सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम के अंतिम दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं में अवल्ल रहे विद्यार्थियों व फैकल्टी सदस्यों को प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्य महेश मोहनलाल पुकार व चिकित्सकों ने मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। क्रिकेट प्रतियोगिता में विजेता फैकल्टी सदस्यों व विद्यार्थियों की रनरअप टीम को ट्रौफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य महेश मोहनलाल पुकार ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों ने इस साप्ताहिक कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस दौरान बास्केटबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन सहित अनेक प्रतियोगिताओं में फैकल्टी के साथ-साथ विद्यार्थियों ने भी भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गायन व नृत्य की प्रस्तुति दी। इस दौरान फैशन शो आयोजित किया गया। कार्यक्रम का समापन शानदार सामूहिक नृत्य से किया गया। कार्यक्रम में अस्पताल अधीक्षक डॉ. दीपक चौधरी, डॉ. प्रमोद अग्रवाल, बीएल नायक, इकराम हुसैन, डॉ. मोहम्मद आरिफ, डॉ. विकास देवड़ा, डॉ. रमाकान्त वर्मा, डॉ. संदीप कुल्हरी, डॉ. अजीत गढवाल, अभिमन्यु तिवाड़ी सहित बड़ी संख्या में डॉक्टर्स व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## राजेंद्र राठौड़ के जन्म दिवस की तैयारी को लेकर बैठक में चर्चा



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** चूरू में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिह राठौड़ के जन्म दिवस कार्यक्रम को लेकर तारानगर के चौधरी धर्मशाला में शहर नगर मंडल अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को भाजपा शहर व देहात मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा व विधानसभा प्रत्याशी व भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने कहा कि 21 अप्रैल को पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ का जन्मदिन है। जन्मदिन को हम सभी कार्यकर्ताओं को धूमधाम से मनाना है और अधिकाधिक संख्या में चूरु जिलास्तरीय कार्यक्रम में पहुंचना है। जिला महामंत्री चंद्राराम गुरी ने कार्यक्रम की रूपरेखा और व्यवस्थाओं के बारे में बताया। पार्षद सुशील सरावगी ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस मौके पर अजीतसिंह राठौड़, जसवंत स्वामी, जमरदीन तैली, रणजीत सिंह तंवर, पूर्व प्रधान कुंदन बाबल, महेंद्र स्वामी, मदन नायक, सुनील भाकर,राजेन्द्र जोईया, विशाल शर्मा, वीर बहादुर सिंह राठौड़ सहित पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सोमासी के दुर्गा माता मंदिर में बही भजनों की स्वर लहरियां



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय के निकटवर्ती गांव सोमासी के दुर्गा माता मन्दिर में रामनवमी के अवसर पर भव्य रात्री जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उदासर के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों को देर रात तक बांधे रखा। मंदिर व्यवस्थापक कृष्णकांत शर्मा ने बताया कि यह जागरण कार्यक्रम प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम का शुभारम्भ पं. तेजपाल शर्मा ने माता की दिव्य ज्योत प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला-पुरूष उपस्थित रहे।

## खाद एसोसिएशन कार्यकारिणी का गठन

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर के मन्नत होटल में दवाई खाद बीज एसोसिएशन की कार्यकारिणी का गठन हुआ जिसमें सर्वसहमति से नरेश जांगिड़ को अध्यक्ष चुना गया नगरपालिका नेता प्रतिपक्ष कपिल शर्मा ने बताया कि सिताराम प्रजापत को उपाध्यक्ष, विक्रम सिह वालिया को कोषाध्यक्ष, महेन्द्र तेतरवाल मंत्री व गंगाधर सांगवान को सचिव बनाया गया। दूकानदारों ने आपस में मिठाई खिलाकर नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी। बैठक में एसोसिएशन को आ रही विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए विचार विमर्श किया गया। वीरेंद्र राठौड़, मनोज कस्वां, प्रताप नेहरा, आशाराम सैनी, अभिषेक कुलड़ीया, दीपक सहारण, शीशपाल राहड़, मनीष चौधरी, संतोष, सहदेव, मानसिंह बिजारणियां, उदमीराम नेहरा, बलवीर रेप्सवाल आदि बैठक में उपस्थित रहे।

## 108 कर्मियों ने किया रक्तदान

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार की प्रेरणा से सुजानगढ़ में 108 कर्मी मनोहर सिंह ईंयारा, राजेंद्र चौधरी, कैलाश डूकिया, दिनेश भींचर आदि ने सुजानगढ़ ब्लड बैंक पहुंच कर स्वेच्छा से रक्तदान किया। कुलदीप राजोरिया, सनी, समीर शर्मा, इस्लाम, धनराज भाटी आदि ने एक बेहद जरुरत मंद मरीज के लिए प्लेटलेट के लिए फ्रेश ब्लड डोनेट किया और मानवीय फर्ज निभाया।

# श्री छः ब्राह्मण महासंघ के स्नेह मिलन समारोह की तैयारियों को लेकर चर्चा

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के लोक रंजन परिषद में श्री छः न्याति ब्राह्मण समाज का शपथग्रहण व स्नेह मिलन समारोह को लेकर तैयारियों व विप्र बन्धुओं से सम्पर्क के लिए बैठक रखी गई। संस्था के मीडिया प्रभारी ताराचंद शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया 10 अप्रैल को संस्था का शपथ ग्रहण समारोह व स्नेह मिलन समारोह साधु संतों के सानिध्य में आयोजित होगा। साधु संतों के आशीर्वाद से सरदारशहर में श्री छः न्याति ब्राह्मण महासंघ की कार्यकारिणी की विधिवत शुरुआत होगी। समाजसेवी छगनलाल सेवदा ने अपने विचार रखते हुए कहा कि समाज में शिक्षा से विमुख परिवारों को जागरूक कर उनकों सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाने का प्रयास करना चाहिए। दाधीच समाज के अध्यक्ष सुरेन्द्र दाधीच ने कहा कि समाज के कई ऐसे प्रतिभावान व्यक्ति जो शिक्षा, स्वास्थ्य, ज्योतिष या अन्य किन्ही क्षेत्रों से जुड़े हुए हैं। समर कैंप के माध्यम से समाज के बच्चों को एक स्थान पर एकत्रित करके उनको विभिन्न प्रकार का ज्ञान व धर्म की शिक्षा प्रदान करनी चाहिए। पंडित अमृतलाल सारस्वत ने कहा कि जनेऊ तिलक आदि जो ब्राह्मण की पहचान है। समाज बन्धुओं में इसका व्यापक प्रचार प्रसार जरूरी है। संस्था के महामंत्री अभिषेक पारीक ने बताया कि कार्यक्रम में संत शिरोमणि अनंत विभूषित दंडी स्वामी, जोगेंदश्रम महाराज, निवृत्ति नाथ महाराज गनेड़ी, प्रणवाश्रम रोशन नाथ महाराज, सारनाथ संस्था के प्रदेश अध्यक्ष पाराशर नारायण शर्मा, बीकानेर संस्था के जिला अध्यक्ष महेश कुमार बावलिया, चूरू से विशिष्ट आतिथ्य राजस्थान ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष केसरी चंद शर्मा, ऑल इंडिया पारीक महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूलाल पारीक, ऑल इंडिया पारीक महासभा यूथ विंग से लवजीत पारीक व मनोज पारीक, अखिल भारत वर्षीय गुर्जर गौड समाज से अनिल जोशी, गौड सभा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार हरितवाल, सालासर मंदिर से हंसराज पुजारी, अश्वनी कुमार पारीक सहित सरदारशहर के सभी विप्र समाज की संस्थाओं के प्रतिनिधि व सभी छः न्याति के अध्यक्ष बन्धु सहित समाज के प्रबुद्धजन व विराट व्यक्तित्व सम्मिलित रहेंगे। संस्था की प्रत्येक महीने में एक बार सामूहिक मीटिंग का आयोजन होना आवश्यक है। जिससे कि समाज के व्यक्तियों में आपसी विचारों का आदान- प्रदान हो सके। ऐसे आयोजन समय समय पर संस्था की ओर से करवाए जाएंगे। संस्था के अध्यक्ष शम्भू दयाल पांडिया ने कहा कि समाज के ऐसे निर्धन परिवार जो वास्तव में योग्य है। जिसके घर वाले संसाधनों का अभाव है। ऐसे बच्चों की मदद के लिए सामुहिक प्रयास जरूरी है। सभा को संबोधित करते हुए आलोक महर्षि ने कहा कि समाज के लोगों की ओर से ब्राह्मण समाज की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाकर उत्साह वर्धन कर समाज हित के लिए प्रेरित करना चाहिए। संस्था के संरक्षक श्यामलाल गिल ने कहा भगवान परशुराम को आदर्श मानकर आगे बढ़ना चाहिए। संरक्षक प्रहलाद पांडीया ने कहा कि युवाओं के साथ बड़े बुजुर्गों को समाज के प्रत्येक कार्यक्रम में जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। ताकि जोश के साथ पूर्ण अनुभव भी मिल सके। भरत कुमार मिश्र ने कहा की ब्राह्मण केवल कर्मकांड तक सीमित नहीं रहे अपनी वैदिक संस्कृति के मूल ज्ञान को समझने व दूसरों को भी समझाने का प्रयास करें। साथ ही योगिक क्रियाओं का दैनिक अभ्यास करें। प्रदीप कुमार दीक्षित ने संबोधन के दौरान कहा कि संस्कृत वेदो की मूल भाषा है अतः समाज के बच्चों को संस्कृत की तरफ झुकाव लेकर वेदों का अध्ययन कराने का प्रयास करना चाहिए। राजीव व्यास ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बैठक में बताये गये अलग अलग विचारों को क्रियान्वयन करना भी जरूरी है। केवल बैठक तक विचार सीमित नहीं रहने चाहिए। उस पर आगे एजेंडा बनाकर विचार किया जाना चाहिए। संस्था के संरक्षक मुखराम नाथोलिया ने बताया उक्त कार्यक्रम के पश्चात स्नेह भोज का आयोजन भी होगा। जिसमें समस्त विप्र बन्धुओं को करबद्ध आमंत्रण दे रहे हैं। इस अवसर पर शंभूदयाल पांडीया, अमृतलाल सारस्वत, प्रहलाद पांडीया, अभिषेक पारीक, छगनलाल सेवदा, मुखराम नाथोलिया, राधेश्याम गिल, भरत कुमार मिश्र, महेश कुमार मिश्र, पन्नालाल देरासरी, सुरेंद्र दाधीच, अतुल सेवदा, मुकेश कुमार जोशी, पवन पारीक, जगलाल पारीक, अश्वनी शर्मा, आलोक महर्षि, पवन पांडिया, सुरेश कुमार लाटा, लाल बहादुर सेवदा, श्यामलाल गिल, राजीव व्यास, प्रकाश चंद्र, नरेंद्र सेवदा सहित अनेक गणमान्य विप्र बन्धुओं की उपस्थित रहे।




## अब तारानगर ब्लॉक के सभी विद्यालय होंगे ऑनलाइन

जयपुर टाइम्स



**तारानगर(निस.)।** मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डॉ. सुमन जाखड़ के मार्गदर्शन में मंगलवार को ब्लॉक स्तर पर कार्यरत कम्प्यूटर अनुदेशकों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य प्रत्येक विद्यालय की वेबसाइट का निर्माण व उसे प्रभावी रूप से संचालित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करना है बैठक में सभी कम्प्यूटर अनुदेशकों को वेबसाइट निर्माण की प्रक्रिया, आवश्यक सामग्री, तकनीकी पक्ष तथा अद्यतन जानकारी अपलोड करने की विधियों पर विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डॉ. जाखड़ ने कम्प्यूटर अनुदेशकों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान युग में विद्यालयों की डिजिटल उपस्थिति अत्यंत आवश्यक है। इससे न केवल पारदर्शिता बढेगी, बल्कि अभिभावकों, विद्यार्थियों व समुदाय को भी विद्यालय की गतिविधियों की जानकारी सरलता से उपलब्ध हो सकेगी। बैठक में कम्प्यूटर अनुदेशक गौरव शर्मा की ओर से वेबसाइट निर्माण हेतु विभिन्न टूल्स व प्लेटफॉर्मस की जानकारी दी गई। सभी अनुदेशकों को अभ्यास सत्र में भाग लेने का अवसर प्रदान किया गया, बैठक में एसीबीओचा भागचंद ने बताया कि सभी विद्यालयों की वेबसाइट शीघ्रता से तैयार कर सक्रिय की जाएगी, जिससे शिक्षा विभाग के डिजिटल इंडिया अभियान को और गति मिल सके। कार्यक्रम का संचालन आरपी रामनिवास घेतरवाल ने किया।

## एमबीसी आरक्षण पर सरकार जल्द ले संज्ञानः पोसवाल

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ(नि.सं.)।** राज्य सरकार और प्रशासन समय रहते दौसा के सिकन्दरा शहीद स्थल पर ग्यारह सूत्रीय मांगों को लेकर पिछले 20 दिन से अनशन आंदोलन पर बैठे राज्य के एमबीसी युवाओं की मांगों पर तत्काल संज्ञान ले और वार्ता कर मांगो का निस्तारण करे। पथिक सेना संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महावीर पोसवाल ने यह मांग करते हुए कहा है कि जब जब भाजपा का शासन आता एमबीसी आरक्षण पर आंच आती है और यह एक बड़ा षड्यंत्र लगता है। पोसवाल ने कहा कि गुर्जर सहित एमबीसी युवाओ के साथ आरक्षण में लगातार उपेक्षा व अन्याय किया जा रहा है। रोस्टर प्रणाली, एमबीसी के पांच प्रतिशत आरक्षण, 2011 से अब तक कि लंबित भर्तियां, लम्बित मुकदमे, अस्थायी से स्थायी नौकरियों, प्रमोशन में आरक्षण, एमबीसी आरक्षण को केंद्र की 9 वीं अनुसूची में शामिल करने सहित कई मांगो पर सरकारों ने समय-समय पर समझौते और वादे किए थे, पर अब तक पूरे नहीं किए हैं। पोसवाल ने बताया कि समाज की लगातार हर क्षेत्र में उपेक्षा और वाजिब मांगो पर पिछले बीस दिनों से आंदोलन कर रहे युवाओं से किसी सरकारी नुमाइंदे या प्रशासनिक स्तर पर किसी अधिकारी की ओर से बात नहीं करना ये बताता है, कि सरकार बड़े आंदोलन आंदोलन की भाषा ही समझती है, सत्याग्रह की नहीं। पोसवाल ने संगठन के माध्यम से चेतावनी देते हुए कहा है कि हमें हमारा अधिकार चाहिए, प्रदेश में दो कानून नही चल सकते। यदि सरकार ने हठधर्मिता नहीं छोड़ी तो, फिर हमारे पास उग्र आंदोलन के अलावा कोई चारा नहीं बचेगा। पिछला जेल भरो आंदोलन भी संगठन का ही आगाज था।

## ग्रामीणों ने आतिशबाजी कर मनाई खुशी, जताया आभार



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राज्य सरकार की ओर से डूंगर बालाजी को राजस्व गांव घोषित करने पर ग्रामीणों ने आतिशबाजी कर नाचते गाते हुए जश्न मनाया। ग्रामीणों ने एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर खुशी का इजहार किया। भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला मंत्री प्रेम सिंह पंवार ने बताया कि डूंगर बालाजी को राजस्व गांव घोषित करवाने के लिए समस्त ग्रामवासियों की ओर से पिछले बीस सालों से संघर्ष किया जा रहा है। राज्य सरकार ने उसी संघर्ष पर अपनी मोहर लगा कर गांववासियों को नव संवत्सर व नवरात्रा पर सौगात दी है। प्रेम सिंह पंवार ने डूंगर बालाजी को राजस्व गांव घोषित करवाने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, बीदासर प्रधान संतोष मेघवाल, पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, सुजानगढ़ प्रधान मनभरी मेघवाल का आभार जताया है। प्रेमसिंह पंवार ने बताया कि सरपंच ने जनता के इस कार्य में विक्रेंद्रित ढ़ाणियां होने, ढ़ाई सौ की जनसंख्या होने सहित अनेक झूठी रिपोर्ट भेजकर अड़चनें लगाई गई, लेकिन आखिरकार सत्य की जीत हुई और सरकार ने हमारी सुनी। डूंगर बालाजी को राजस्व गांव घोषित करने पर गांव के युवाओं और महिलाओं के साथ बुर्जुगों ने भी खुशियों का इजहार किया। गांव की गोगा मेड़ी पर एकत्रित ग्रामीणों ने डीजे पर डांस और आतिशबाजी कर खुशियों का इजहार किया और आपस में मुंह मीठा करवा कर एक दूसरे को बधाईयां दी। इस दौरान गांव के युवाओं ने बुर्जुगों को पुष्पहार पहना कर उनका आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला मंत्री प्रेम सिंह पंवार, भंवर सिंह, लिछमण सिंह, श्रवण सिंह, पृथ्वी सिंह, मदन सिंह, गोविन्द सिंह, जगदीश सिंह, हरिसिंह, सुरेन्द्र राइका, राजपाल राईका, आनन्द पिलानिया, परसाराम माली, गोपाल माली, सादुल सिंह, पवन गुप्ता, संजय प्रजापत, रामूराम नायक, मानाराम प्रजापत, रामोतार सैन, देवी सिंह, नानूसिंह, लालसिंह, सुनील सिंह, सुगन सिंह, प्रकाश सिंह, जगुसिंह, राजेन्द्र सिंह सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

## जंक फ़ूड खाने से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताया



जयपुर टाइम्स

**बिसाऊ(निस)।** न्यू राजस्थान पब्लिक स्कूल बिसाऊ में मंगलवार को हेल्थ एंड वैलनेस वीक के दूसरे दिन जंक फूड खाने से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी गई। बच्चो ने इस विषय से संबंधित चार्ट व ड्राइंग बनाकर जंक फ़ूड से दूर रहने के बारे में बताया। अध्यापकों ने पोषण, विटामिन और स्वस्थ व अस्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थों पर आधारित प्रतियोगिता आयोजित की। संस्था निदेशक डॉ प्रताप सिंह सिहाग ने बच्चों को बताया कि ज्यादा से ज्यादा हेल्दी फूड या घर का खाना खाना चाहिए और हेल्दी फूड व अनहेल्दी फूड के नकारात्मक व सकारात्मक पहलुओं पर प्रकाश डाला। इस मौके पर सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## मंगल पाण्डे के बलिदान को याद किया

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** क्रांतिकारी और स्वतंत्रता संग्राम के मुख्य सूत्रकार मंगल पाण्डे की पुण्य तिथि के अवसर पर राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेश कार्यालय में श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र कीलका ने इस अवसर पर कहा कि महापरूषों के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके सिद्धांतों को अपनाना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम में नवीन डूडी, अनिल शर्मा, सुमनेश शर्मा, घनश्याम कनाथ कच्छावा, नरेंद्र भामू, भवानीसिंह राठौड, गुड्डू मेव, भूराराम गुलेरिया, गिरधारी जाटमाली सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## फंदे पर झूलता मिला शव

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय नया बास स्टेडियम के पीछे घर के कमरे में पंखे से लटक कर फांसी की सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। थाने के एसआई शंकर लाल, हेड कांस्टेबल सतवीर सिंह मौके पर पहुंचे। जिन्होंने टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, एम्बुलेंस चालक नवरत्न बिजारणिया की मदद से मृतक बनवारी लाल सोनी (50) के शव को सोमवार की शाम को राजकीय बगड़िया अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। मंगलवार को सुबह पुलिस ने परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। रिपोर्ट में कमजोर आर्थिक स्थिति को मानसिक अवसाद का कारण बताया गया है।

## कांग्रेस की बैठक में संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** नगर कांग्रेस अध्यक्ष रामावतार शर्मा की अध्यक्षता में जय निवास पर विधायक मनोज मेघवाल, प्रभारी दिनेश कस्वां के सानिध्य में नगर कांग्रेस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नगर अध्यक्ष रामावतार शर्मा ने कहा कि हमें प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार बूथ लेवल तक कार्यकर्ताओं को मजबूत करना है। शर्मा ने हर महीने नगर की मीटिंग करने के लिए और प्रत्येक बूथ पर पहुंचकर एक-एक कार्यकर्ताओं को जोड़ने पर जोर दिया। विधायक मनोज मेघवाल ने कहा कि अहमदाबाद के अधिवेशन में राहुल गांधी कार्यकर्ताओं को बूथ लेवल तक जोड़ने, प्रत्येक जिले में जिला अध्यक्ष को मजबूती प्रदान करने की बात कही है। प्रभारी दिनेश कस्वा ने बताया कि प्रत्येक माह में नगर मंडल की मीटिंग करना अनिवार्य है, जो कार्यकर्ता सक्रिय नहीं हैं, उन्हें हटाकर उनकी जगह सक्रिय कार्यकर्ताओं को दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी बूथों पर 10 कार्यकर्ताओं की कमेटी बनाई जाएगी। इस मौके पर पूर्व ब्लाक अध्यक्ष विद्याधर बेनीवाल, इदरीश गौरी, उप सभापति अमित मारोठिया, बजरंग सेन, मास्टर दाऊद काजी, पार्षद इकबाल खां, हितेश जाखड़, आसिफ नसवान, लक्ष्मीपत प्रजापत, राजकुमार इंदौरिया, तरूण सियोता, रेखाराम, राजेंद्र बैदी, ओंकारमल मेघवाल, एडवोकेट सलीम खान, रामाकिशन फलवड़िया, पवन भोजक, बंटी लाखन, संजय आर्य, पार्षद इस्माईल खां, कन्हैयालाल माली सहित अनेक लोग मौजूद रहे। संचालन अमित मारोठिया ने किया।



राजस्थान जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
9 अप्रैल, 2025

त्रिशूल सिंह भाटी बने अध्यक्ष

## तारानगर में नगरपालिका कर्मचारी फैडरेशन की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** राजस्थान नगरपालिका कर्मचारी फैडरेशन शाखा तारानगर की महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार सुबह 10 बजे नगरपालिका सभागार हॉल में आयोजित हुई। बैठक में अधिशासी अधिकारी अजय प्रताप सिंह, चेयरमैन प्रतिनिधि उस्मान मलिक व प्रांतीय संरक्षक रिछपाल सिंह चौधरी की उपस्थिति रही। इस दौरान कर्मचारियों की सर्वसम्मति से त्रिशूल सिंह भाटी को शाखा अध्यक्ष व कृष्ण कुमार भाम्भू को महामंत्री चुना गया। साथ ही अन्य पदाधिकारियों का भी चयन कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नौरतमल को उपाध्यक्ष, अनिल कुमार को संयुक्त सचिव, मनोज कुमार को कोषाध्यक्ष, शक्ति सिंह राठौड़ को संरक्षक नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त पवन कुमार सोलंकी, नितेश उपाध्याय, सुशील कुमार, संदीप कुमार, प्रेमचंद व लक्ष्मण को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। नवगठित अध्यक्ष त्रिशूल सिंह भाटी ने कहा कि कर्मचारी हितों की रक्षा व समस्याओं के समाधान के लिए फैडरेशन सदैव प्रयासरत रहेगा। बैठक में पालिका के अनेक कर्मचारी भी उपस्थित रहे और सभी ने नव-निर्वाचित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं। बैठक का संचालन सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

## पंचायत समितियों के पुनर्सीमांकन, पुनर्गठन, नवसृजन का प्रारूप प्रकाशित, आपत्तियां आमंत्रित

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने आदेश जारी कर राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 की अधिनियम की धारा 10 व 101 से प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले की निम्नलिखित पंचायत समितियों के पुनर्सीमांकन, पुनर्गठन, नवसृजन करने का प्रारूप प्रकाशित करते हुए आपत्तियां आमंत्रित की हैं। जनसाधारण अपनी आपत्तियां प्रारूप प्रकाशित होने के एक माह अर्थात 6 मई तक सम्बन्धित उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार अथवा जिला कलक्टर कार्यालय में प्रस्तुत कर सकेंगे। जारी आदेशानुसार राज्य सरकार की अधिसूचना क्रमांक एफ 15 (36) पुनर्गठन / विधि /पंरा/ 2024/02 , 10.01.2025 से राजस्थान पंचायती राज अधिनियम 1994 (1994 का अधिनियम संख्या 13) की धारा 9, 10 व 101 में वर्णित शक्तियों को संबंधित जिले के जिला कलक्टर को प्रयोगार्थ प्रत्यायोजित कर दी गई है। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने आदेश जारी कर अधिनियम की धारा 10 व 101 से प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले की पंचायत समितियों के पुनर्सीमांकन, पुनर्गठन, नवसृजन करते हुए प्रारूप के प्रकाशित होने के एक माह की अवधि अर्थात 6 मई, 2025 तक जन साधारण से आपत्तियां आमंत्रित की हैं। इस अवधि की समाप्ति से पूर्व कोई भी व्यक्ति अपनी आपत्तियां सम्बन्धित उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार अथवा जिला कलक्टर कार्यालय में प्रस्तुत कर सकेगा। सभी पंचायत समिति व ग्राम पंचायत कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रारूप का अवलोकन किया जा सकता है।

## सीएमएचओ व डीटीओ को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया सम्मानित

### टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान व आईईसी गतिविधियों में प्रदेश में दूसरे स्थान पर रहा चूरू



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रदेश में चलाए गए टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान व आईईसी के माध्यम से जागरूकता गतिविधियां चलाने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा व जिला क्षय रोग नियंत्रण अधिकारी डॉ वेदप्रकाश को जयपुर में स्वास्थ्य दिवस पर सम्मानित किया। सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा ने बताया कि टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत जिले की 143 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त करवाकर चूरू प्रदेश में दूसरे स्थान पर रहा। इसके साथ ही जिले में आमजन में टीबी रोग के प्रति जागरूकता गतिविधियां चलाकर उत्कृष्ट कार्य करने पर भी सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। समारोह में चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर व प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ भी मंचस्थ रहे।

## धोखाधड़ी के अभियुक्त को तीन साल का कारावास

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** एसीजेएम न्यायालय ने मंगलवार को 10 वर्ष पुराने प्रकरण में अभियुक्त रामावतार सोनी को तीन वर्ष के कारावास व 10 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन अधिकारी कुलदीपसिंह जोधा ने बताया कि रतनगढ़ निवासी रामावतार सोनी ने अपने भाई सीताराम सोनी की ओर से दर्ज करवाए गए धोखाधड़ी के मुकदमे में नाजायज आर्थिक लाभ प्राप्त करने और मुकदमे का रूख अपनी तरफ करने के उद्देश्य से कूटरचित वसीयत को जानते हुए भी असल वसीयत के रूप में न्यायालय के समक्ष पेश किया, जिस पर एसीजेएम अरुण कुमार जांगिड़ ने रामावतार के इस कृत्य को गंभीर मानते हुए उसे तीन वर्ष के कारावास व 10 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। संपूर्ण विचारण के दौरान अभियोजन की तरफ से महत्वपूर्ण दस्तावेजों को प्रदर्शित करवाया गया और गवाहों के बयान दर्ज करवाए गए।

# महिलाओं व बच्चों को मिले समुचित पोषण, करें जागरूकता गतिविधियां : आर्य

### पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का उद्घाटन, प्रभात फेरी को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** महिला व बाल विकास विभाग की ओर से चल रहे पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का मंगलवार को उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला प्रमुख वंदना आर्य व सीईओ श्वेता कोचर ने जिला मुख्यालय स्थित नेचर पार्क में प्रभात फेरी को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जिला प्रमुख आर्य ने कहा कि महिलाओं व बच्चों को समुचित पोषण मिले व जिला सुपोषण में अव्वल रहे। महिलाओं व बच्चों को अच्छे स्वास्थ्य व पोषण के लिए जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएं। सीईओ श्वेता कोचर ने ग्राम पंचायत स्तर व आंगनबाड़ी केन्द्रों पर कार्यक्रम में आयोजित की जाने वाली गतिविधियों पर विशेष फोकस करने की बात कही। उन्होंने कहा कि महिलाओं व बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए नियमित रूप से जागरूकता गतिविधियां करें। आईसीडीएस उपनिदेशक डॉ नरेन्द्र शेखावत ने बताया कि इस कार्यक्रम की थीम 'जीवन के प्रथम 1000 दिवसों पर ध्यान केन्द्रित करना' के साथ प्रभात फेरी नेचर पार्क से आईसीडीएस कार्यालय परिसर तक निकाली गई। कार्यालय परिसर में सभी को पोषण पखवाड़ा के संदेश को जनमानस तक पहुंचाने के लिए शपथ दिलवाई गई। इस दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारी शिवराज सिंह, महिला पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा सहयोगिनी, राजीविका की महिला कार्मिक आदि मौजूद रहे।

## बेहतरीन सुविधाओं के लिए संकल्पित है भजनलाल सरकार: खर्रा

### नगरीय विकास व स्वायत्त शासन विभाग राज्यमंत्री झाबर सिंह खर्रा चूरू आए

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** नगरीय विकास व स्वायत्त शासन विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा मंगलवार को चूरू आए और जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में स्थानीय जनप्रतिनिधियों से रूबरू हुए। चूरू पहुंचने पर विधायक हरलाल सहारण, वासुदेव चावला, विमला गढ़वाल, अभिषेक चोटिया, सुरेश सारस्वत, नरेन्द्र कंवल, दीनदयाल सैनी, धर्मेन्द्र राकसिया, अमीलाल धेतरवाल, नारायण बेनीवाल सहित जनप्रतिनिधियों व आमजन ने मंत्री खर्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर मंत्री खर्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार आमजन को बेहतरीन सुविधाएं देने के लिए संकल्पित है। हम सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारी समन्वित प्रयासों से गुणवत्तापूर्ण सेवाएं आमजन को दें और विभिन्न समस्याओं में त्वरित संज्ञान लेते हुए यथाशीघ्र निस्तारण के प्रयास करें। उन्होंने कहा कि नगरीय विकास के चल रहे प्रोजेक्ट समयबद्ध ढंग से पूरे किए जाएं और गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित किया जाए। इसी के साथ नगरीय विकास व नागरिकों को बेहतरीन सेवाएं देने के लिए नियमित गतिविधियों का एनालिसिस करें। इस मौके पर मंत्री खर्रा ने नगर निकाय गतिविधियों की जानकारी ली। चूरू नगरपरिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह ने व्यवस्थाओं की जानकारी दी।

## औद्योगिक क्षेत्रों की समस्याओं के निस्तारण में बरतें संवेदनशीलता: सोनी



### एडीएम ने विवाद व शिकायत निवारण तंत्र अंतर्गत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक में दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार मंगलवार को जिला उद्योग व वाणिज्य केन्द्र में विवाद व शिकायत निवारण तंत्र अंतर्गत जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एडीएम अर्पिता सोनी ने औद्योगिक संघों से जुड़े बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं के निस्तारण में संवेदनशीलता बरतें और सकारात्मक व समयबद्ध निस्तारण करें। औद्योगिक क्षेत्र को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों को समयबद्ध व संवेदनशील ढंग से संपादित करें। उन्होंने कहा कि सरकार उद्यमियों की समस्याओं को लेकर अत्यंत गंभीर हैं। उन्होंने बैठक के दौरान औद्योगिक क्षेत्रों में बिजली, जलापूर्ति, बंद पड़े बोरिंग को चालू करवाने, औद्योगिक क्षेत्र चूरू के खाली परिसर से अवैध कब्जे हटाने, रीको औद्योगिक क्षेत्र के विस्तार, औद्योगिक क्षेत्रों के रख-रखाव व विकास कार्यों सहित औद्योगिक क्षेत्रों से जुड़े बिन्दुओं पर औद्योगिक क्षेत्रों के प्रतिनिधियों से विस्तृत चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। औद्योगिक क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं से अवगत करवाया। उद्योग महाप्रबंधक उजाला ने बैठक की रूपरेखा प्रस्तुत की। लघु उद्योग भारती के दौलत तंवर ने रीको औद्योगिक क्षेत्र के विस्तार से जुड़े बिन्दु रखे। औद्योगिक संघ चूरू के धर्मेन्द्र बुडानिया ने विद्युत फीडर बदलवाने, पानी आपूर्ति व अग्निशमन केन्द्र स्थापना से जुड़े बिन्दुओं से अवगत करवाया। रीको आरएम यशपाल सिंह ने उद्योगपतियों से एसपीपी पोर्टल पर अपने खाते से संबंधित सूचना अपडेट करवाने की अपील की। इस दौरान डिस्कॉम एसई आरपी वर्मा, पीएचईडी एसई चुन्नीलाल, एलडीएम अमरसिंह, अजीत अग्रवाल, शंकरलाल प्रेमानी, ओमप्रकाश शर्मा, बनवारीलाल जांगिड़ सहित अन्य उपस्थित रहे।

## चूरू जिले के 37216 पेंशनरों की रुक सकती है पेंशन!

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग की ओर से संचालित सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अन्तर्गत पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशनरों को वर्ष 2025 का वार्षिक भौतिक सत्यापन करवाने के लिए कहा गया है। सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक नगेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि पेंशनरों की ओर से वार्षिक भौतिक सत्यापन न करवाए जाने की स्थिति में पेंशनरों की पेंशन राशि भौतिक सत्यापन के अभाव में रोक दी जाती है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में चूरू जिले के कुल 2,83,260 पेंशनरों में से कुल 2,46,044 पेंशनरों की ओर से ही वार्षिक भौतिक सत्यापन करवाया गया है। वर्तमान में चूरू जिले के कुल 37216 पेंशनर वार्षिक भौतिक सत्यापन से वंचित हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में चूरू जिले के ग्रामीण क्षेत्र के कुल 29171 पेंशनर व शहरी क्षेत्र के कुल 8045 पेंशनर वार्षिक भौतिक सत्यापन से वंचित हैं। जिले के ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत बीदासर के 4231, चूरू के 3556, राजगढ़ के 4366, रतनगढ़ के 3700, सरदारशहर के 6199, सुजानगढ़ के 2869, तारानगर के 4250 तथा शहरी क्षेत्र के बीदासर के 842, छापर के 101, चूरू के 897, राजलदेसर के 161, राजगढ़ के 1373, रतनगढ़ के 1197, रतननगर के 117, सरदारशहर के 1234, सुजानगढ़ के 1105, तारानगर के 1018 पेंशनरों की ओर से वार्षिक भौतिक सत्यापन नहीं करवाया गया है। नगेन्द्र सिंह ने बताया कि वंचित पेंशनर भौतिक सत्यापन जरिए ई-मित्र कियोस्क, राजीव गांधी सेवा केन्द्र एवं ई-मित्र प्लस इत्यादि केन्द्रों पर अंगुली की छाप से बायोमैट्रिक सत्यापन करवा सकते हैं। अंगुली छाप से/ बायोमैट्रिक सत्यापन नहीं होने पर स्वयं घर बैठे ही वार्षिक भौतिक सत्यापन हेतु विकसित दोनों मोबाइल एंड्रॉइड एप्प राजस्थान सोशल पेंशन व आधार फेस आरडी डाउनलोड कर फेस रिकग्निशन के आधार पर कर सकते हैं। यह पूर्णतया निःशुल्क है और एक मोबाइल से अनेक पेंशनरों का वार्षिक भौतिक सत्यापन संभव है। उन्होंने बताया कि इन माध्यमों से भी पेंशनरों का भौतिक सत्यापन नहीं होने की स्थिति में वे स्वयं क्षेत्रीय भौतिक सत्यापन अधिकारी के समक्ष (ग्रामीण क्षेत्र के पेंशनर विकास अधिकारीके समक्ष /शहरी क्षेत्र के पेंशनर उपखण्ड अधिकारीके समक्ष) व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर आधार नंबर से लिंक मोबाइल पर ओटीपी प्राप्त कर अपना भौतिक सत्यापन करवा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि व्यक्तिगत उपस्थिति के बिना कोई भी पेंशनर घर बैठे पेंशन का सत्यापन नहीं करवा सकेंगे।

## अभिनेष महर्षि ने की जनसुनवाई

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि ने मंगलवार को भाजपा कार्यालय में जनसुनवाई की। इस दौरान शहर व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने विभिन्न समस्याओं से महर्षि को अवगत करवाया, जिस पर उन्होंने अधिकारियों से वार्ता की। महर्षि ने कहा कि समस्याओं का समाधान आमजन के लिए सहज व सुलभ बने, इसके लिए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही समस्या का समाधान का प्रयास करना चाहिए, ताकि आमजन को समस्या समाधान के लिए बार-बार विभाग के चक्कर नहीं काटने पड़े। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीण क्षेत्र में नई सड़क बनवाने, सड़क मरम्मत कराने, जर्जर बिजली पोल बदलने, नए बिजली कनेक्शन करवाने, आपणी योजना में जल कनेक्शन करवाने, जलापूर्ति सुचारू करवाने, ट्यूबवेल के खराब मोटर बदलाने, शिक्षा, चिकित्सा सहित कई समस्याओं से लोगों ने पूर्व विधायक को अवगत करवाया। इससे पूर्व महर्षि ने क्षेत्र में रेल सुविधाएं बढ़ाने की मांग को लेकर डीआरएम को पत्र भी लिखा है। पत्र में बीकानेर से रतनगढ़, मथुरा, प्रयागराज होते हुए असम तक ट्रेन चलाने की मांग की है। उक्त ट्रेनों के संचालन से जिले के प्रवासी, व्यापारियों व आमजन को राहत मिलेगी। साथ ही वंदे भारत ट्रेन का ठहराव एवं जलापूर्ति प्रणाली क्षेत्र में स्थापित करवाने की मांग की है।




स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।